दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, बुधवार, 09 अगस्त, 2023, सावन कृष्ण पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-114 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

उद्घाटन समारोह

झारखण्ड
आदिवासी महोत्सव
2023

समृद्ध
आदिवासी जीवन दर्शन
की झलकियां

मुख्य आकर्षण

जनजातीय इतिहास, साहित्य, मानवशास्त्र आदि पर संगोष्ठियां
आदिवासी अर्थव्यवस्था, आदिवासी इतिहास, आदिवासी ज्ञान और मानवविज्ञान, आदिवासी साहित्य

सांस्कृतिक कार्यक्रम
आंध्र प्रदेश का कोम्मु कोया नृत्य
ओडिशा का परोजा नृत्य
राजस्थानी वालाट नृत्य
केरल का पालियन नृत्य
सरायकेला का छऊ नृत्य
नागपुरी लोक नृत्य
पाइका नृत्य
उरांव समुदाय का लोक नृत्य
गोंड आदिवासी समुदाय का किहो नृत्य
कर्नाटक का दमनी लोक नृत्य
अरुणाचल प्रदेश का रेखम पड़ा नृत्य
असम का का लेवा टाना एवं बिहू नृत्य
गुजरात का सिद्धी धमाल नृत्य

राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर
गोंड पेंटिंग, वारली पेंटिंग, सउरा पेंटिंग और झारखण्ड की समकालीन पेंटिंग

आदिवासी फिल्म महोत्सव
कैमरा से कविताई

परिधान फैशन शो
आदिवासी परिधान का प्रदर्शन

खान-पान
आदिवासी व्यंजन

मुख्य अतिथि
श्री शिबू सोरेन
माननीय अध्यक्ष, राज्य समन्वय समिति
सह सांसद, राज्यसभा

अध्यक्षता
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

9 अगस्त 2023
समय: अपराह्न 12:00 बजे से
बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR.No.- 304244 (IPRD) 23-24

झारखंड की परंपराओं, संघर्षों और इतिहास जानने का अवसर देगा फिल्म फेस्टिवल

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। अनूठी कहानियों, परंपराओं, संघर्षों, दर्शन और इतिहास को करीब से जानने और समझने का अवसर झारखंड आदिवासी महोत्सव -2023 के फिल्म फेस्टिवल में मिलेगा। जनजातीय फिल्म महोत्सव का उद्देश्य झारखंड के फिल्म निमार्ताओं, कलाकारों की प्रतिभा को प्रदर्शित करना और आदिवासी समुदायों को एक साथ एक मंच पर लाकर झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है। साथ ही आदिवासी समुदाय के ज्वलंत मुद्दे और कथाएं सिनेमा के माध्यम से उजागर हो सकेंगी।

प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर

आदिवासी फिल्म महोत्सव राज्य की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक अवसर है, जिन्हें ना केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर आदिवासी फिल्मों की स्क्रीनिंग से मुख्यधारा के सिनेमा में संवाद के लिए जगह बनेगी और ऐसे जरूरी विषयों पर फिल्में बनाने के महत्व को समझने का अवसर मिलेगा। इससे सबसे अधिक युवा फिल्म निमार्ताओं को प्रोत्साहन मिलेगा। यह कार्यक्रम झारखंड के उभरते फिल्म निमार्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए मंच भी तैयार करेगा।

इन फिल्मों का होगा प्रदर्शन

फिल्म महोत्सव में निमार्ता दशरथ हांसदा द्वारा निर्मित फूलमुनी, दीपक बारा की द अगली साइड ऑफ ब्यूटी, दीपक के बेसरा की मोहोत, निजाम की छैला संधु, मेघनाथ की नाची से बांची, बिजु टोप्पो की मुंडारी सृष्टिकथा, अनुज वर्मा की चेरो, एनपीके पुरुषोत्तम की बंधा खेत, प्रियंका पूर्ति की हॉनर्टन रिमिल, रूपेश साहू की रैट ट्रैप इत्यादि जनजातीय फिल्मों के माध्यम से झारखंड की परंपराओं, संघर्षों और इतिहास जानने का अवसर प्राप्त होगा।

एक नजर

झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 अगस्त को

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 अगस्त को होगी। प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर मंजूरी दी जाएगी। राज्य में कई जलापूर्ति योजनाओं की भी स्वीकृति दी जाएगी। इसके अलावा सड़क निर्माण सहित अन्य योजनाओं की भी मंजूरी मिलेगी। बैठक संबंधी सूचना मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग में जारी कर दी है और सभी विभागों से प्रस्ताव मांगा गया है।

श्री माहेश्वरी महिला समिति का महारुद्राभिषेक 15 को

रांची। श्री माहेश्वरी महिला समिति रांची सावन अधिक मास की शिवरात्रि के अवसर पर 15 अगस्त को सामूहिक महारुद्राभिषेक का आयोजन करेगी। माहेश्वरी महिला समिति की मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी ने मंगलवार को बताया कि सेवा सदन के निकट श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजन किया जाएगा। महारुद्राभिषेक के लिए कोलकाता से गोपालजी व्यास के सान्निध्य में शिव मंत्रोंचारण, भजनों और शिव श्रृंगार के साथ यह अभिषेक संपन्न होगा। 15 अगस्त सुबह 9 बजे से महारुद्राभिषेक की पूजा शुरू होगी। 51 जोड़ों के लिए पार्थिव शिवलिंग के साथ पूर्ण पूजा की तैयारी महिला समिति की ओर से की जा रही है। अभिषेक में शामिल होने के लिए पहले से पंजीकरण करवाना होगा।

बूटी मोड़ में पेड़ गिरने से लगा जाम

रांची। बूटी मोड़ के समीप सड़क पर पेड़ गिरने से मंगलवार को लगभग दो घंटे तक जाम लग गया । इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। हालांकि ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने मोर्चा संभालते हुए वाहनों का अवागमन सुचारु कराया । पेड़ की टहनियों को काटकर सड़क से हटाया गया। मौके पर खेल गांव थाना पुलिस पहुंची और पेड़ की टहनियों को काटकर सड़क से हटवाया। यह सड़क रामगढ़, हजारीबाग से रांची आने का मार्ग है। इस वजह से इस सड़क पर हजारों वाहन चलते है।

स्कॉर्पियो ने ट्रक को मारी टक्कर, दो घायल



रांची। तमाड़ थाना क्षेत्र के रायडीह फ्लाईओवर पर मंगलवार को एक स्कॉर्पियो ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें एक महिला और चालक घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि स्कॉर्पियो पर सवार एक महिला और एक चालक घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल भेजा गया है। स्कार्पियो ने किसी ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे यह घटना घटी है। फिलहाल घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है।

निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में मंगलवार को रांची के बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन सहित अन्य भूमि घोटाले मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने छवि रंजन की याचिका खारिज करते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया है। इससे पूर्व पांच अगस्त को कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस दौरान प्रार्थी के वकील ने कहा था कि छवि रंजन मामले में निर्दोष है। उन पर मनी लांड्रिंग का केस नहीं बनता है, इसलिए उन्हें जमानत दी जाये। इसका विरोध ईडी के वकील शिव कुमार ने किया था। उनकी ओर से कहा गया था कि छवि रंजन फजीर्वाड़ा कर भूमि खरीद-बिक्री मामले के मुख्य सूत्रधार हैं। उल्लेखनीय है कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गांई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। इसके बाद 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था। बाद में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर चार मई को गिरफ्तार किया गया था। आईएएस छवि रंजन बीते तीन माह से जेल में बंद हैं।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर बैठक संपन्न

रांची । बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को लेकर मेरी आवाज मेरी पहचान और फर्स्ट कलाकार की संयुक्त बैठक स्टेशन रोड स्थित होटल बीएनआर में की गई । यह बैठक देवेश खान की अध्यक्षता में की गई । फर्स्ट कलाकार के डायरेक्टर परम शाह ने बताया कि पहले यह प्रोग्राम खेल गांव में 5 सितंबर को होने वाला था लेकिन किसी कारण तारीख को बढ़ा दिया गया । अब यह कार्यक्रम 5 सितंबर से पहले या फिर बाद में खेल गांव में ही होगा । इसके अलावा मेरी आवाज मेरी पहचान के नए पदाधिकारियों का चयन होना है । जिसमें बुधवार को सभी नए लोगों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी । संस्था से लोग जूड़ते चले जा रहे हैं । इसलिए पदाधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है । इसके अलावा अगस्त में भी कई कार्यक्रम आयोजन किए जा रहे हैं । जिसकी तैयारियों को लेकर बैठक की गई । इस मौके पर प्रेसिडेंट देवेश खान , सह सचिव आनंद जालान, महासचिव कुमार गहलोत , सह सचिव बुलंद अख्तर, सह सचिव कविता होरो, परम शाह आदि मौजूद रहे।

निर्मल महतो के शहादत दिवस पर जमशेदपुर में आयोजित की गई ' संकल्प यात्रा '

नवप्रदेश संवाददाता

जमशेदपुर/रांची। आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा है कि झारखंड के माटी पुत्र वीर शहीदों का कर्ज वर्तमान पर है। यह कर्ज उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। निर्मल महतो की हत्या का सूत्रधार कौन हैं, इसे झारखंड जानना चाहता है। इसका पटाक्षेप होना चाहिए।

महतो मंगलवार को निर्मल महतो के शहादत दिवस पर जमशेदपुर में आयोजित आजसू की 'निर्मल महतो संकल्प यात्रा' को संबोधित कर रहे थे। बोधि मैदान (राजेंद्र विद्यालय) से निकली यह यात्रा निर्मल महतो समाधि स्थल उलियान तक गई। इस यात्रा में राज्य के अलग-अलग जगहों से पहुंचे पार्टी के कई नेता और हजारों युवा शामिल हुए। सुदेश महतो की अगुवाई में सभी लोगों ने निर्मल महतो को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

सुदेश ने कहा कि निर्मल दा के साहस, मूल्य, आदर्श और विचार हमारे अंतर्मन में हमेशा के लिए बसे होते हैं। आजसू का गठन निर्मल दा की दुर दिष्ट और सोच का ही परिणाम था। दरअसल वे जानते थे

कि झारखंड आंदोलन को लक्ष्य तक कौन पहुंचा सकता है। वीर निर्मल ने भाषा, संस्कृति, विचार, अस्मिता की रक्षा के साथ शोषण विहीन अलग प्रदेश की कल्पना की थी। अलग राज्य बना, पर शहीद के सपनों का झारखंड अधूरा है। उन्होंने कहा कि अभी समर शेष है। मौजूदा पीढ़ी और खासकर युवाओं का दायित्व है कि शहीद के अरमानों और राज्य गठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए संघर्ष पथ चलते हुए इसे अंजाम तक पहुंचाएं। इसके अलावा संकल्प यात्रा में पूर्व मंत्री रामचंद सहिस, विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, डॉ देवशरण भगत, हरेलाल महतो, गौतम सिंह सहित कई नेताओं ने भी संबोधित किया।

निर्मल महतो चौक का होगा सौन्दर्यीकरण : विनोद पांडेय

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति ने मंगलवार को निर्मल महतो की 36वें शहादत दिवस पर निर्मल महतो चौक में अवस्थित उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर केन्द्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि निर्मल महतो की प्रतिमा उस समय स्थापित किया गया था उस समय आबादी कम थी अब आबादी तीन गुणा बढ़ी है। अब चौक को चौड़ा करते हुए सुन्दरीकरण किया जाएगा। निर्मल महतो की एक आदमकद प्रतिमा भी लगाया जायेगा जो उनकी कृति आधारित प्रतिमा होगा। निर्मल महतो के संघर्षों के बदौलत आज सभी झारखंड में चैन की सांस ले रहे हैं। इस अवसर पर पार्टी महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि निर्मल महतो हम कार्यकताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। इनके नाम मात्र से ही हम सबों को उर्जा मिलती है। पूरा झारखंड निर्मल दा और उनके परिवार का ऋणी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, केन्द्रीय सदस्य सुशीला एक्का, समनुर मंसुरी, पवन जेडिया, चिन्तामणी सांगा, पूर्व केन्द्रीय सदस्य अंतु तिर्की, अफरोज अन्सारी, रोशन सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप के लिए आयोजन समिति का गठन, मंत्री मिथलेश ठाकुर बने अध्यक्ष

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। खेल गांव रांची में 24 से 26 नवंबर तक होने वाली 29वीं राष्ट्रीय सब जूनियर तथा सीनियर थांग-टा चैंपियनशिप के बेहतर आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बाबत मंगलवार को रांची में जल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर के आवास पर झारखंड थांग-टा संघ की एक बैठक संपन्न हुई। इसमें चैंपियनशिप के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया।

समिति का अध्यक्ष मंत्री मिथलेश ठाकुर को बनाया गया है जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद के उप प्राचार्य रेजा इश्तियाक को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा झारखंड थांग-टा संघ के अध्यक्ष रंजीत केशरी एवं महासचिव मनोज शर्मा को बनाया गया है। मनोज आयोजन समिति के सचिव एवं कोषाध्यक्ष होंगे। गढ़वा विधायक प्रतिनिधि संजय चौधरी, पवन बरनवाल, राजेश कुमार चौधरी आयोजन समिति के संयुक्त सचिव होंगे।

सके अलावा विभिन्न जिला थांग-टा संघों के सचिव को आयोजन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इसमें विनित कुमार यादव (रांची), श्रवण साहू (लोहरदगा), सोनामोती कुमारी (पलामू), सुनील कुमार प्रसाद (पूर्वी सिंहभूम), कृष्णा कुमार साव (धनबाद), संजू कुमार (बोकारो)। शंकर राम (कोडरमा), उदय कुमार (हजारीबाग) तथा उदय शंकर भारती (दुमका) शामिल हैं।

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आज विश्व आदिवासी दिवस मनाया जायेगा

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में हरेक वर्ष की भांति बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जायेगा. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र झ छात्राओं के द्वारा शोभा यात्रा,झांकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे. मुख्य कार्यक्रम प्रातः 11.00 बजे से विश्वविद्यालय के मेला प्रांगन में रखा गया है. इस समारोह में पूर्व शिक्षा मंत्री, बंधु तिर्की, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, कांके विधायक समरीलाल एवं मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह करेंगे.

सोमवार शाम कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने मेला मैदान में समारोह की तैयारी का निरीक्षण किया और जरुरी निर्देश प्रदान किये. कुलपति के आदेशानुसार निदेशक प्रशासन डॉ सुशील प्रसाद ने विश्व आदिवासी दिवस समारोह के अवसर पर बुधवार 9 अगस्त को विश्वविद्यालय अधीनस्थ सभी संकाय, निदेशालय, महाविद्यालय, कार्यालय एवं ईकाईयो को खुली रखने की अधिसूचना जारी की है. साथ ही सभी वरीय पदाधिकारीगण, प्राध्यापकगण, शिक्षकगण, वैज्ञानिकगण, कर्मचारीगण एवं आकस्मिक कर्मचारीगण के अलावा विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है.

एटीएस डीएसपी और दारोगा पर गोली चलाने के आरोपित रवि मुंडा ने किया सरेंडर

रांची। आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) में पदस्थापित डीएसपी नीरज और पतरातू थाना के दारोगा सोनू साव पर गोली चलाने के आरोपित रवि मुंडा ने मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। एटीएस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभात शर्मा की अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। अधिवक्ता संतोष कुमार साहू और वरुण कुमार ने रवि मुंडा को सरेंडर करवाया। उल्लेखनीय है कि 17 जुलाई को अपराधी अमन साहू गिरोह के शूटर को पकड़ने गए एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और पतरातू थाना के दारोगा सोनू साव को अपराधियों ने गोली मार दी थी। मामले में अन्य आरोपितों सिद्धार्थ कुमार उर्फ बॉबी और रंजन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

झारखंड में लंपी वायरस की दस्तक, लोहरदगा में हुई पुष्टि

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड में लंपी वायरस ने फिर से दस्तक दे दी है। लोहरदगा जिले में कई जगहों पर इस वायरस की मौजूदगी के निशान मिले हैं। इसको लेकर एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान मवेशियों से सैंपल एकत्र किये गए हैं, जिनकी जांच भोपाल में करायी जाएगी। जांच के बाद ही कुछ भी स्पष्ट रूप से कहा जा सकेगा।

क्या है लंपी वायरस

लंपी बीमारी मच्छर या खून चूसने वाले कीड़ों से मवेशियों में फैलती है। ये स्किन डिजीज वायरस से होने वाला संक्रामक गांठदार त्वचा रोग है। ये मवेशियों में ज्यादातर गाय, भैंस को होती है। संक्रमित होने के दो-तीन दिनों के अंदर मवेशी को हल्का बुखार

आता है। फिर शरीर पर गांठदार दाने निकल आते हैं, जिसके बाद कुछ गांठ घाव में बदल जाते हैं। मवेशी की नाक बहती है। पैरों में सूजन व मुंह से लार आता है तथा दूध कम हो जाता है। गर्भावस्था में इससे मवेशी को मिस कैरेज हो सकता है। इसके अलावा उनकी त्वचा को स्थायी नुकसान भी हो सकता है। इससे प्रभावित मवेशियों में मृत्यु दर लगभग पांच प्रतिशत है।

इसमें एलएसडी (गोट पॉक्स) वैक्सीन का इस्तेमाल किया जाता है। इस वेक्सीन का टीकाकरण किया जाता है। फिलहाल तो पर्याप्त मात्रा में ये उपलब्ध है। उम्मीद है इससे नियंत्रित कर लिया जाएगा। चूंकि लंपी स्किन डिजीज अधिक तापमान और नमी में तेजी से और अधिक आसानी से फैलता है। इसलिए बारिश के सीजन को देखते हुए इसके फैलाव की आशंका जताई गई है।

बीएयू में अनुसंधान नीतिशास्त्र एवं प्रकाशन विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

अनुसंधान एवं प्रकाशन की नैतिकता में अखंडता बनाये रखना सर्वोपरि एवं एकमात्र मार्ग : डॉ सुनील कुमार दास

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को अनुसंधान नीतिशास्त्र एवं प्रकाशन विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया. इसके मुख्य वक्ता डॉ सुनील कुमार दास, मुख्य वित्तीय एवं लेखा, राष्ट्रीय अजैविक तनाव प्रबंधन संस्थान, पुणे, महाराष्ट्र थे.

अपने संबोधन में मुख्य वक्ता डॉ सुनील कुमार दास ने कहा कि अनुसंधान का उद्देश्य डेटा का संग्रह, विश्लेषण और व्याख्या के माध्यम से नये ज्ञान का विकास करना, समस्याओं का हल करना या मौजूदा उपलब्ध जानकारियों को मान्य करना है. अनुसंधान और प्रकाशन के मामले में किसी भी संभावित नैतिक मुद्दे पर अनुसंधान टीम के भीतर खुलकर चर्चा की जानी चाहिए. संदेह होने पर विशेषज्ञ से परामर्श लिया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि नैतिकता जीवन में हर जगह और हरेक पहलुओं से जुड़ी है. इसीतरह अनुसंधान एवं प्रकाशन में नैतिकता समुदाय, समाज एवं देश से जुड़ा विषय है. इसमें अखंडता बनाये रखना सर्वोपरि एवं एकमात्र मार्ग है.

डॉ दास ने बताया कि शोधकर्ताओं, पीजी एवं पीएचडी छात्र-छात्राओं के लिए अनुसंधान नैतिकता को बनाए रखना और प्रकाशन की नैतिक प्रथाओं का पालन भी एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं. उन्हें नैतिक मानकों को कायम रखते हुए नैतिक रूप से अनुसंधान करने और प्रतिभागियों के अधिकारों की रक्षा करने और अध्ययन की अखंडता बनाए रखना चाहिए. उन्होंने कहा कि अच्छे प्रकाशन अभ्यास यह गारंटी देता हैं कि उनके निष्कर्षों से ज्ञान में वृद्धि और बड़े पैमाने पर वैज्ञानिक जगत द्वारा देखा जायेगा. कहा कि शोधकताओं, पीजी एवं पीएचडी छात्र झ छात्राएं अनुसंधान एवं प्रकाशन की नैतिकता का सावधानीपूर्वक पालन करके और नैतिक मानदंडों को बनाए रखते हुए देश, समाज एवं समुदाय को अपने संबंधित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निष्कर्ष एवं समाधान से प्रभावित कर सकते हैं.

अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने शोधकताओं, पीजी एवं पीएचडी छात्र झ छात्राओं को अनुसंधान की नैतिकता एवं शोध विषयों के प्रकाशन में ईमानदारी, विश्वास एवं अखंडता को बनाये रखने पर बल दिया. उन्होंने कहा कि यह नियमित प्रयास बौद्धिक संपदा के सृजन में काफी मददगार होगी.

आईसीएआर-नाहेप कास्ट परियोजना के तहत आयोजित विशेष व्याख्यान सीरीज का आयोजन कृषि संकाय प्रेक्षागृह में किया गया. व्याख्यान का संचालन डॉ बीके अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता का परिचय डॉ अरविंद कुमार ने कराया. स्वागत नाहेप कास्ट परियोजना अन्वेषक डॉ एमएस मल्लिक एवं धन्यवाद डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने दी. मौके पर डॉ सुशील प्रसाद, डॉ एमके गुप्ता, डॉ एस कमार्कार, डॉ एके सिंह, डॉ राकेश कुमार, ई डीके रूसिया, डॉ कौशल कुमार, डॉ नीरज कुमार, एचएन दास सहित विवि के प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं छात्र झ छात्राएं के अलावा श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के भी पीजी छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे.

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
SPECIAL WORKS DIVISION
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, RANCHI.

VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE
Quotation Reference No:BCD/Special Work Division BCD, Ranchi/NIQ-13/2023-24

E- quotations are invited for the work of Environmental Clearance & Pollution Board Clearance from State Level Environmental Impact Assessment Authority Jharkhand and State Pollution Control Board Jharkhand for Proposed Residential Complex for Honourable MLA's in Core Capital Area at Site-I, BIC Area, Ranchi from Experience /Reputed Environmental Consultants, Registered B.C.D. Contractors and other for following items. They should quote their rates for each mentioned in the table. If they do not decide all of the below mentioned items. Then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Terms and Condition
1.The quotationer shall furnish pan, GST registration no.
2.The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3.The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

Nodal Officer
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer
Special Works Division, BCD, Ranchi

PR 304284 (Building)23-24'D

दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◈◈ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, बुधवार, 09 अगस्त, 2023, सावन कृष्ण पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-114 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

दिल्ली सेवा विधेयक राज्यसभा से भी पारित हो गया। नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सारी मेहनत पर पानी फिर गया। हालांकि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियों ने उनका साथ दिया लेकिन नंबर के गेम में फेल हो गए। अब केजरीवाल शायद सुप्रीम कोर्ट में इस कानून को चुनौती देंगे लेकिन वहां से भी उनके हाथ मायूसी लगने की ज्यादा संभावना है। अब इस विधेयक के कानूनी शक्ल अख्तियार कर लेने के बाद घुंघरू सेठ यही गुनगुनाएंगे- घुंघरू की तरह बजता ही रहा हूं मैं, कभी इस पग में कभी उस पग में बंधता ही रहा हूं मैं...।

//-- सुविचार --//

गुस्से में कभी गलत मत बोलो, मूड तो ठीक हो ही जाता है, पर बोली हुई बातें वापस नही आती!

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:22 प्रातः

अस्त : 06:26 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	27.0	23.0
जमशेदपुर	30.0	26.0
हजारीबाग	27.0	23.0
डालटनगंज	29.0	25.0

संक्षिप्त खबरें

हेमंत सोरेन को ईडी का समन, 14 अगस्त को बुलाया

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन जारी कर भूमि घोटाला मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने उन्हें 14 अगस्त को ईडी के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है। इससे पहले ईडी ने अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 18 नवंबर, 2022 को 10 घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी ने इस पूछताछ में पत्थर खनन से जुड़े कई सवाल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से किए थे। ईडी रांची में हुए जमीन घोटाले की जांच कर रही है। रांची प्रमंडल के तत्कालीन आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी की रिपोर्ट के आधार पर जांच की जा रही है। सेना के कब्जे वाली जमीन के सिलसिले में जांच कर आयुक्त ने रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। इस जांच रिपोर्ट में स्पष्ट था कि फर्जी नाम और पता के आधार पर सेना की जमीन पर कब्जा किया गया। रांची नगर निगम ने इस मामले की शिकायत दर्ज करा दी। ईडी ने इसी प्राथमिकी को पर्वतन मामला सूचना रिपोर्ट के रूप में दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी। इस मामले की जांच शुरू हुई तो पहली छापेमारी नवंबर 2022 में व्यापारी विष्णु अग्रवाल, अमित अग्रवाल के ठिकानों पर पड़ा था। ईडी ने 13 अप्रैल को दूसरी बार छापेमारी की थी।

झारखंडियों के मार्गदर्शक थे शहीद निर्मल दा अद्भुत थी उनकी निर्णय क्षमता : हेमंत सोरेन

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सरकार हर वह काम कर रही है, जो राज्य की जनता के मान-सम्मान और हक-अधिकार से जुड़ा है। हर चेहरे पर मुस्कान लाना हमारी प्रतिबद्धता है। वे मंगलवार को वीर शहीद निर्मल महतो के 36वें बलिदान दिवस के अवसर पर उलियान, जमशेदपुर में आयोजित शहादत दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक झारखंड रहेगा, शहीद निर्मल महतो अमर रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कुछ ऐसी चीजें हैं जो यहां के इतिहास में पत्थर की लकीर बन चुकी है । उन्हीं में से एक हैं शहीद निर्मल महतो। यह दिन एक ऐसा दिन है जब हमने एक ऐसे व्यक्तित्व को खोया था, जिनकी जगह कोई भी नहीं ले सकता। उन्होंने अपनी जिंदगी का जो भी वक्त झारखंड अलग राज्य के संघर्ष में दिया, उसे कभी भूल नहीं सकते हैं। वे सही अर्थों में झारखंडियों के मार्गदर्शक थे। कुशल संगठन और नेतृत्वकर्ता थे। उनके निर्णय लेने की क्षमता अद्भुत थी। उनके जो आदर्श हैं, उसे लेकर हम आज भी उन्हें जिंदा रखे हैं।

इस राज्य की भूमि ने कई कुर्बानियां दीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए यहां के आदिवासियों-मूलवासियों ने लंबा संघर्ष और आंदोलन किया। अनगिनत कुर्बानियां दी गई लेकिन अलग राज्य बनने के बाद पिछले 20 वर्षों में उनके बलिदान को राज्य में जो सम्मान और जगह मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिल सकी। हमारी सरकार अपने वीर शहीदों और आंदोलनकारी के सपनों के अनुसार झारखंड का नवनिर्माण कर रही है।

दरवाजे पर पहुंच रही है सरकार

झारखंड अलग राज्य बनने के 20 वर्षों तक यहां के गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, मजदूरों और युवाओं की उम्मीदें टूटने लगी थी लेकिन जब से हमारी सरकार है, सभी की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने का काम कर रहे हैं। आज सरकार आपके दरवाजे पर पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रही है। अधिकारी आपके गांव में आकर आपको योजनाओं से जोड़ रहे हैं। हमने संकल्प ले रखा है कि इस राज्य के हर व्यक्ति तक विकास को पहुंचाएंगे, चाहे कितनी भी चुनौतियां सामने क्यों ना आए।

बड़े पैमाने पर हो रहीं नियुक्तियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही है। जितने पद पिछले 20 वर्षों में नहीं भरे गए उससे कहीं ज्यादा पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है इन तमाम नियुक्तियों में गड़बड़ी नहीं हो परीक्षाओं में पारदर्शिता बनी रहे और जो होनहार है उन्हें नौकरी मिले इसके लिए सरकार ने एक कानून बनाया है । इस कानून के तहत जो भी प्रतियोगिता परीक्षाओं में गड़बड़ी करेगा या क्वेश्चन पेपर लीक करेगा वह जेल में होगा, चाहे वह कोई भी व्यक्ति, अधिकारी-कर्मचारी और संस्थान ही क्यों ना हो। इस अवसर पर मंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री जोबा मांझी, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सविता महतो, विधायक संजीव सरदार, विधायक समीर मोहंती, विधायक मंगल कालिंदी और पूर्व सांसद सुमन महतो समेत कई पूर्व सांसद और पूर्व विधायक भी मौजूद थे।

झारखंड वीरों की भूमि

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड वीरों की भूमि है। इस राज्य में धरती आबा बिरसा मुण्डा, बीर बुधु भगत, सिद्धो-कान्हु, चांद-भैरव, फूलो-झान्हो, जतरा भगत, दिवा किशुन, सहित अनेक महान विभूति हुए हैं। उन्होंने देश एवं समाज के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इनका जन्म जनजाति कुल में ही हुआ। उन्होंने इन महान सपूतों के साथ अन्य सभी विभूतियों को भी नमन किया।

राज्यपाल मंगलवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रांची विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य ही उनकी अनूठी जीवनशैली और इस भूमि से उनके प्रगाढ़ संबंध से भावी पीढ़ियों को अवगत कराना है। इतिहास में उनके द्वारा विभिन्न अधिकारों और मातृभूमि के लिए किए गए संघर्ष एवं त्याग अविस्मरणीय है।

उन्होंने कहा कि देश की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा जनजातियों का है। सभी जानते हैं कि अति प्राचीन काल से ही आदिवासी समुदाय भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के अभिन्न अंग रहे हैं। इस समुदाय का इतिहास काफी समृद्ध रहा है। विश्व स्तर पर इसकी अमिट पहचान रही है। राज्यपाल ने कहा कि जनजातियों की कला, संस्कृति, लोक सहित्य, परंपरा एवं रीति-रिवाज समृद्ध रही है। जनजातीय गीत एवं नृत्य बहुत मनमोहक है। उनके गायन और नृत्य उनके समुदाय तक ही सीमित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज प्रकृति प्रेमी होते हैं। इसकी झलक इनके पर्व-त्योहारों में भी दिखती है। ग्लोबल वार्मिंग के दौर में प्रकृति की रक्षा करना प्रत्येक मानव का कार्य है। सम्पूर्ण विश्व को इन सभ्यताओं से सीख लेते हुए प्रकृति की रक्षा के लिए आगे आने की जरूरत है।

अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस ने साधा मोदी पर निशाना, बीजेपी के निशाने पर रहे राहुल

एजेंसी

नई दिल्ली । लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार शाम करीब 6 बजे स्थगित कर दी गई। आज बुधवार सुबह 11 बजे से एक बार फिर से कार्यवाही शुरू होगी। बता दें कि, केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया है। जिस पर मंगलवार (8 अगस्त) से चर्चा हो रही है। प्रस्ताव पर चर्चा होने से पहले बीजेपी संसदीय दल की बैठक हुई। ये मीटिंग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई। साथ ही विपक्ष ने भी केंद्र की मोदी सरकार को घेरने के लिए बैठक किया। सदन में 12 बजे से ही अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। जिसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही अपने स्तर पर तैयारी किए हुए थे। विपक्ष की ओर से सबसे पहले गौरव गोगोई लोकसभा में मोदी सरकार को घेरते हुए नजर आए। जबकि सत्ता पक्ष की ओर से निशिकांत दुबे मोर्चा संभाले दिखे। अभी अविश्वास्त प्रस्ताव पर 18 घंटे की चर्चा होनी बाकी है।

विपक्ष आशंकाओं से भरा : अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संसद में भाजपा संसदीय दल की मीटिंग की। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने कहा- विपक्ष आशंकाओं से भरा हुआ है। विपक्ष यह बात दिखाने के लिए ही अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। कुछ लोग कह रहे थे कि 2024 से पहले राज्यसभा में वोटिंग सेमीफाइनल है। उन पार्टी सांसदों का शुक्रिया, जिन्होंने यह सेमीफ इनल जीत लिया। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से पहले 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने भी बैठक की। इस पर लोकसभा में बहस के दौरान रणनीति पर चर्चा की गई।

भारतीय नारी का पूरा काम कर रहीं हैं सोनिया

बीजेपी के निशिकांत दुबे ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के नाम पर चुटकी ली। दुबे ने कहा, 'भारतीय नारी को क्या-क्या करना चाहिए, उसकी पूरी की पूरी पिक्चर सोनिया जी देती हैं। उनको दो काम करने हैं- बेटे को सेट करना है और दामाद को भेंट करना है।' मैंने दोनों बातें कहीं। मैं अपनी बात पर कायम हूं। नेशनल हेराल्ड पर इनकम टैक्स का केस चल रहा है। इनकम टैक्स ने कहा कि जितने केस हैं, उसकी असेसमेंट करें। हाईकोर्ट का आदेश आ गया कि इसे सेंट्रलाइज्ड करना है। तभी ये सुप्रीम कोर्ट चले गए। एक लाख रुपया देकर कोई पांच हजार करोड़ की कंपनी ले सकता है, ये तो यही जानें। अभी 80 करोड़ रुपया हमारे साथी ने इनकम टैक्स में भरा है।

पीएम इंडिया से डरते हैं

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने पीएम मोदी पर निशाने साधते हुए कहा, सदन के नेता का कार्य सदन को सुचारू रूप से चलने देने का होता है। लेकिन जो शब्द संसदीय कार्य मंत्री और सुधांशु (त्रिवेदी) द्वारा इस्तेमाल किए गए बल्कि कई भाजपा नेताओं द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडिया शब्द से डरते हैं और इसी वजह से वह हर रोज इंडिया पर निशाना साध रहे हैं। लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, जब भी उत्तर-पूर्व के किसी राज्य में जब सामाजिक उथल-पुथल होती है, जब वहां की अस्थिरता भंग होती है तो असर सिर्फ उस राज्य पर नहीं पड़ता, बल्कि पूरे उत्तर-पूर्व पर पड़ता है।

राहुल गांधी शुरू करेंगे भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण, गुजरात से होकर मेघालय में करेंगे अंत

नई दिल्ली। राहुल गांधी को पहली भारत जोड़ो यात्रा में आम लोगो से लेकर खास लोगों का साथ मिला। अब राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत गुजरात से होकर मेघालय में अंत करेंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने इस बात की पुष्टि की है और संवाददाताओं से कहा कि राज्य के भीतर पार्टी के नेता एक समानांतर मार्च करेंगे। पटोले ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण गुजरात से मेघालय तक होगा।

पांच सितंबर को होगा डुमरी उपचुनाव, मतगणना आठ को

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। भारत चुनाव आयोग ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव की घोषणा कर दी है। पांच सितंबर को उपचुनाव होगा और आठ सितंबर को मतगणना की तारीख तय की गई है। 10 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी होगा। 17 अगस्त को नॉमिनेशन होगा। 21 अगस्त तक नॉमिनेशन वापस लेने की तारीख रखी गई है।

उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि डुमरी उप चुनाव की घोषणा हो गई है जिसमें अधिसूचना निर्गत करने तिथि 10 अगस्त, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 17 अगस्त, संवीक्षा की तिथि 18 अगस्त, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 21 अगस्त, मतदान पांच सितम्बर को और मतगणना 8 सितम्बर को होगी।

डुमरी विधानसभा में कुल 374 बूथ है, जिसमें 199 बूथ गिरिडीह जिले में और 174 बूथ बोकारो जिले के अंतर्गत आता है। कुल मतदाता 4,37661 है, जिसमें गिरिडीह जिले के 298629 मतदाता ओर बोकारो जिले के अंतर्गत 139032 मतदाता है। उपायुक्त मंगलवार को प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, उप विकास आयुक्त कीर्तिश्री , एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत आदि उपस्थित थे।झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का छह अप्रैल को निधन हो गया था। उन्होंने चेन्नई में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली थी। डुमरी विधायक जगरनाथ महतो के निधन के बाद यह सीट खाली हुई है।

आदिवासी महोत्सव के सुरक्षा को लेकर उपायुक्त और एसएसपी ने की ब्रीफिंग

रांची। झारखंड आदिवासी महोत्सव के सुरक्षा को लेकर मंगलवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी कौशल किशोर ने प्रतिनियुक्त पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की ब्रीफिंग की। जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में आयोजन स्थल पर ब्रीफिंग के दौरान आला अधिकारियों ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी को उनके कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपायुक्त ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम है, सभी पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। एसएसपी ने प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से सदैव तत्पर रहते हुए अपने कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने को कहा।

राज्यसभा से राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवाइफरी आयोग विधेयक, 2023 ध्वनि मत से पारित

एजेंसी

नई दिल्ली। राज्यसभा ने मंगलवार को राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवाइफरी आयोग विधेयक, 2023 को ध्वनि मत से पारित कर दिया। इस विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवाइफरी आयोग की स्थापना करना है। विधेयक भारतीय नर्सिंग परिषद अधिनियम 1947 निरस्त हो जाएगा। यह विधेयक पहले लोकसभा से पारित हो चुका है।

नर्सिंग एवं मिडवाइफ पेशेवरों द्वारा शिक्षा और सेवाओं के मानकों के विनियमन और रखरखाव, संस्थानों के मूल्यांकन, राष्ट्रीय रजिस्टर, राज्य रजिस्टरों के रख रखाव और पहुंच, अनुसंधान एवं विकास में सुधार और नवीनतम वैज्ञानिक प्रगति को अपनाने के लिए एक प्रणाली के निर्माण का प्रावधान करता है।

राज्यसभा में इस विधेयक पर मंगलवार को बयान देते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि आज का दिन महत्वपूर्ण है। देश में नेशनल मेडिकल कमीशन लेकर आए थे। इस अनुभव का इस्तेमाल करते हुए देश में राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवाइफरी आयोग विधेयक, 2023 लेकर आए। इस विषय पर मौजूदा कानून 60-70 साल पुराना हो गया था। नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय मानकों पर बढ़ाने के लिए यह विधेयक लाया गया। समय के साथ बदलाव करना समय की मांग के साथ आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव से संबंधित क्षेत्र में शिक्षा - सस्ती, सुलभ और पारदर्शी होगी। साथ ही, हम वैश्विक और वैश्विक मानकों को भी पूरा कर सकते हैं, जिससे इस क्षेत्र में हमारे स्वास्थ्य पेशेवरों की विश्वसनीयता, रोजगार की संभावनाएं बनी रहेंगी।

राज्यसभा ने राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक-2023 किया पारित

नई दिल्ली। राज्यसभा ने मंगलवार को राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक-2023 ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक देश में दंत चिकित्सा के पेशे को विनियमित करेगा, गुणवत्तापूर्ण और सस्ती दंत चिकित्सा शिक्षा प्रदान करेगा और उच्च गुणवत्ता वाली मौखिक स्वास्थ्य देखभाल को सुलभ बनाएगा। यह विधेयक लोकसभा से पहले ही पारित हो चुका है। राज्यसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि इस बदलाव से संबंधित क्षेत्र में शिक्षा सस्ती, सुलभ और पारदर्शी होगी। साथ ही, हम वैश्विक मानकों को भी पूरा कर सकते हैं, जिससे इस क्षेत्र में हमारे स्वास्थ्य पेशेवरों की विश्वसनीयता, रोजगार की संभावनाएं बनी रहेंगी। विधेयक में प्रस्ताव है कि नया राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग ह्लदेश में दंत चिकित्सा के अभ्यास को विनियमित करने, उच्च गुणवत्ता, डेंटल एजुकेशन प्रदान करने के लिए काम करेगा। आयोग में एक अध्यक्ष, आठ पूर्व सदस्य और 24 अंशकालिक सदस्य होंगे, जो सभी केंद्र सरकार द्वारा चुने जाएंगे। आठ पूर्व सदस्यों में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के प्रतिनिधि शामिल होंगे। निजी डेंटल कॉलेजों में आधी सीटों की फीस को नियंत्रित करने के अलावा, आयोग दंत चिकित्सा शिक्षा में गुणवत्ता मानकों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड स्थापित करेगा। अंडरग्रेजुएट और पोस्ट-ग्रेजुएट दंत चिकित्सा शिक्षा बोर्ड दंत चिकित्सा पढ़ाने वाले संस्थानों के लिए मानदंड और मानक स्थापित करेंगे।

झारखंड हाई कोर्ट का आदेश- अब बिना पैसा खर्च किए मिलेगी कोर्ट आदेश की कॉपी

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने आदेश जारी किया है कि अब सिविल कोर्ट द्वारा जिन अभियुक्तों की जमानत अर्जी खारिज होगी, उन्हें बिना किसी शुल्क के न्यायालय के आदेश की कॉपी मिलेगी। मंगलवार को हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जो भी विचाराधीन कैदी जेल में बंद हैं, वह जमानत अर्जी रद्द होने पर उसकी कॉपी निःशुल्क प्राप्त करने के अधिकारी हैं। इसलिए राज्य के सभी ट्रायल कोर्ट को यह निर्देश दिया जाता है कि जमानत याचिका रद्द होने पर अभियुक्त के वकील को बिना किसी शुल्क के रिजेक्शन ऑर्डर की कॉपी मुहैया कराई जाए। यह कॉपी सभी न्यायिक कार्यों में सर्टिफाइड कॉपी के रूप में भी इस्तेमाल की जा सकेगी। इससे पहले जमानत अर्जी खारिज होने के बाद उसकी कॉपी लेने के लिए पैसे खर्च करने पड़ते थे।

जंगलों में आईईडी लगानेवाले भाकपा माओवादी के पांच सदस्य गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: चाईबासा पुलिस ने भाकपा माओवादी के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्त में आये जयसिंह अंगरिया उर्फ राउतु अंगरिया, (गौबुरु, टोला-स्कुलासाइ), मदना अंगरिया(गौबुरु),अभिषेक हांसदा उर्फ मटलू उर्फ चौड़े (बड़ाझींकपानी), सुकलाल बानरा उर्फ चाड़ा(सारजोमबुरू, चारों थाना- टोन्टो) और मोने तियु,(कटाम्बा, थाना-गोईलकेरा) सभी जिला - पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा की निशानदेही पर कई केन प्रेशर आईईडी बरामद की है।

इस संबंध में आशुतोष शेखर(पुलिस अधीक्षक, चाईबासा) ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि टोन्टो थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गौबुरू के आस पास के जंगलों में पुलिस बल को क्षति पहुँचाने के लिए प्रतिबंधित भाकपा माओवादी का एक दस्ता के द्वारा जगह जगह पर कई आईईडी लगाए हुए है और ये सभी गौबुरु गाँव के अगल बगल भ्रमणशील रहकर पुलिस बल की गतिविधि पर निगरानी रख रहे है। उक्त सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) चाईबासा के नेतृत्व मैं सीआरपीएफ 193बीएन, सीआरपीएफ 174 बीएन, झारखंड जगुआर बीडीडीएस टीम एवं जिला पुलिस के सशस्त्र बल के साथ एक टीम गठित कर गौबुरू के आस पास

छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में गौबुरू गाँव से जयसिंह अंगरिया उर्फ राउतु अंगरिया,मदन अंगरिया,अभिषेक हांसदा उर्फ मटलू उर्फ चौड़े , सुकलाल बानरा उर्फ चाडा और मोने तियु को पकड़ा गया। इनके शरीर की तालाशी लेने से संदिग्ध वस्तु बरामद किया गया। इनसे पूछताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि ये लोग प्रतिबंधित भाकपा माओवादी के साथ पुलिस बल को क्षति पहुँचाने के लिए गौबुरू के जंगल में कई जगह पर आईईडी लगाये है। इनको गांव में भ्रमणशील रहकर पुलिस की गतिविधि पर निगरानी रखने का काम है व पुलिस की आने की सूचना नक्सली को देते हैं। पाँचों अभियुक्तों ने पूछताछ में बताये कि भाकपा माओवादी के सक्रीय सदस्य अश्विन , सुशांत और अपटन दा के दस्ता के सदस्यों के साथ मिलकर ये लोग पुलिस बल को क्षति पहुँचाने के लिए गौबुरू के आस पास के जंगल में जगह जगह पर कई आईईडी लगाए हैं। आईईडी लगाए हुए स्थान से बरामद करा सकते हैं। इनके निशानदेही स्थान पर सुरक्षा बलों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इनके निशानदेही स्थान पर दो केन प्रेशर आईईडी, सिरिंज मैकानिज्म, प्रत्येक का वजन करीब 2-3 केजी , दो केन प्रेशर आईईडी, सिरिंज मैकानिज्म, प्रत्येक का वजन करीब 4-5 केजी, एक पाईप आईईडी (क्लेमोर बम) कमाण्ड मैकानिज्म, लम्बाई करीब 03 फीट चौड़ाई 04 इंच, दो केन प्रेशर आईईडी, सिरिंज मैकानिज्म, प्रत्येक का वजन करीब 4-5 केजी बरामद हुआ। सुरक्षा की दृष्टीकोण से झारखंड जगुआर बीडीडीएस टीम के द्वारा सुरक्षित विनष्ट किया गया। पकड़ाए व्यक्ति में से मोने ने बताया कि ये झीलरुवां हथियार लूट काण्ड में एवं मोने, सुखलाल बानरा उर्फ चाड़ा एवं अभिषेख हाँसदा उर्फ चौड़े ये तीनों बलजोड़िया, मेरलगाडा मैगजीन लूट काण्ड में भी शामिल थे। गिरफ्तार सभी पाँच अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इन सभी का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है।

गिरफ्त में आये अभियुक्तों के पास से पीला रंग का प्लास्टिक पाउच के अंदर लाल रंग का बम का सर्किट चेक करने वाला (कन्टिनियूटि टेस्टर) - एक पीस , छोटा कागज पुर्जा जिसमें रुता 3 लिखा हुआ, माईन चाईजर, तार- बल्ब, टेस्टर माचिस, बैटरी- असंगर, वाकी टाकी, घड़ी, डेटोनेटर, बीडी, टेप सिलिंग, किलिप बोर्ड, चैलेंजर बोतल, रुपया रुमाल एवं जब्त किया गया है। पुलिस टीम में अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) चाईबासा, थाना प्रभारी टोन्टो थाना प्रभारी मुफ्फसिल एवं जिला पुलिस सशस्त्र बल सहित अन्य जवान शामिल थे।

देशी पिस्टल व गोली सहित बाइक सवार अपराधी गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: खूंटी पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार की है। पुलिस ने गिरफ्त में आये अभियुक्त डहरू प्रधान (बुरहू टोला उलीडीह, थाना- सायको,जिला खूंटी) के पास से देशी पिस्टल,गोली, मैगजीन, घटना में प्रयुक्त बाईक व मोबाईल बरामद की है।

इस संबंध में अमित कुमार(एसडीपीओ, खूंटी) ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि खूँटी की तरफ से एक बाईक पर सवार होकर दो अपराधकर्मी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए मारंगहादा की ओर जाने वाले हैं। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई के लिये पुलिस अधीक्षक, खूँटी द्वारा पुनि मारंगहादा अंचल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पतराटोली चौक के पास सघन वाहन चेकिंग किया जाने

लगा। जिसमें वाहन चेकिंग के दौरान एक बाईक पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर बाईक को पीछे मोड़कर भागने लगे। जिसे पुलिस बल के द्वारा खेदड़कर बाईक चालक को बाईक सहित पकड़ा गया, जबकि बाईक पर पीछे बैठा व्यक्ति भागने में सफल रहा। पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम डहरू प्रधान बताया। जिसके बदन की तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल और गोली पाया गया। गिरफ्त में आये अभियुक्त द्वारा पूछताछ के दौरान अपने साथियों के साथ मिलकर मारंगहादा, बुंडू, सायको, अड़की तथा खूँटी थाना क्षेत्र के धान, इमली, लाह एवं पोस्ता कारोबारियों से डरा-धमका कर पैसा लूटने की बात स्वीकार की गई तथा कुछ दिन पूर्व मारंगहादा थाना क्षेत्र के काड़ेतुबिद गाँव के चमरा मुण्डा से पैसा की मांग करने के क्रम में विरोध करने पर चमरा मुण्डा की गोली मारकर हत्या करने की बात भी स्वीकार किया गया है। गिरफ्त में आये अभियुक्त डहरू प्रधान का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस टीम में पुनि शाहीद रजा, पुलिस निरीक्षक, मारंगहादा अंचल ,पुअनि अजय कुमार भगत, थाना प्रभारी,

- **गिरफ्त में आये अभियुक्त डहरू प्रधान का रहा है पूर्व आपराधिक इतिहास**
- **धान, इमली, लाह एवं पोस्ता कारोबारियों से डरा-धमका कर पैसा लूटने की घटना में था शामिल**

मारंगहादा ,पुअनि रीतेत कुमार महतो, थाना प्रभारी, सायको, पुअनि हरि महतो, मारंगहादा थाना, सअनि कौशर खॉन मारंगहादा थाना सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

थानेदार ने सांप को पकड़कर किया बोतल में बंद

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: राजधानी में थानेदार अब अपराधियों के साथ साथ सांप भी पकड़ने लगे है। ऐसी ही एक घटना मंगलवार को पुंदाग ओपी परिसर में देखने को मिली। अकसर लोग सांप निकलने के बाद इधर-उधर भागने लगते है लेकिन परिसर में निकले जहरीले नाग को मौके पर मौजूद थाना प्रभारी विवेक कुमार ने साहस दिखाते हुये पकड़ा और प्लास्टिक के बोतल में बंद कर

दिया। थानेदार द्वारा बोतल में सांप को बंद करने के बाद उसे जंगल में छोड़ दिया गया।

राज्यपाल से पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने की मुलाकात

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद का एक शिष्टमंडल ने पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव के नेतृत्व में मुलाकात की। जनजातीय समाज के हितों, परम्पराओं और अधिकारों की रक्षा से संबंधित भारत की राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

एक नजर

पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल



रांची: पंडरा ओपी पुलिस ने वारंटी पंकज कुमार को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त देवी मंडप रोड, ओझा मार्केट के समीप का रहनेवाला है। इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि अरगोड़ा के रहनेवाले शिव शंकर महतो द्वारा वर्ष 2020 में अभियुक्त के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी पंडरा ओपी में दर्ज करायी गई थी। कोर्ट के द्वारा अभियुक्त के खिलाफ वारंट निर्गत किया गया था। गिरफ्तारी के डर से अभियुक्त फरार चल रहे थे,जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

मीशो बनी पहली होरिजंटल भारतीय ई-कॉमर्स कंपनी

रांची: मीशो ने लाभ की स्थिति में आने वाली भारत की पहली होरिजंटल ई-कॉमर्स कंपनी बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने की घोषणा की। इस उपलब्धि ने न केवल भारतीय ई-कॉमर्स के परिवेश में कंपनी की अग्रणी स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि यह मीशो के अभिनव बिजनेस मॉडल का एक मजबूत प्रमाण भी है । कंपनी ने कॉन्सोलिडेटेड पीएटी स्तर पर लाभ की स्थिति हासिल की है, जिसमें इसके सभी प्रभागों और श्रेणियों में ईएसओपी सहित सभी लागतें शामिल हैं। पिछले साल लाभ की ओर महत्वाकांक्षी पथ पर आगे बढ़ते हुए मीशो ने उद्योग की यह पहली उपलब्धि अपनी अपेक्षित समय सीमा, जुलाई 2023 से काफी पहले हासिल कर ली। पिछले 12 महीनों में मीशो ने काफी वृद्धि दर्ज की है, इसके ऑर्डर का वॉल्यूम 43 प्रतिशत बढ़ चुका है, और इसे एक बिलियन से ज्यादा ऑर्डर मिले हैं। यह सफलता और भी ज्यादा महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि 85 प्रतिशत ऑर्डर मीशो पर पहले खरीद कर चुके ग्राहकों से मिले हैं, जिससे इसका मजबूत यूजर रिटेंशन प्रदर्शित होता है। मीशो की टू होरिजंटल प्रकृति इससे प्रमाणित हो जाती है कि इस अवधि में नॉन- फैशन श्रेणियों में 120 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हुई है, जिससे इस प्लेटफॉर्म का विस्तृत आकर्षण प्रदर्शित होता है। सस्टेनेबल वृद्धि की ओर मीशो की प्रतिबद्धता इससे साफ हो जाती है कि हर श्रेणी अकेले आधार पर लाभ की स्थिति में है। इस सफलता को जारी रखते हुए पिछले 12 महीनों में ऑर्डर वॉल्यूम और मुद्रा दर में मजबूत वृद्धि के चलते राजस्व में 54 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई है। कस्टमर एक्विज़िशन कॉस्ट (सीएसी) और बाजार खर्चों में काफी कमी, यानि साल-दर-साल 80 प्रतिशत की कमी के बावजूद, मीशो भारत में सबसे ज्यादा डाउनलोड किए जाने वाले शॉपिंग ऐप्स में से एक बना हुआ है, जिससे कंपनी की ऑर्गेनिक शक्ति और मजबूत वर्ड-ऑफ - माउथ प्रदर्शित होते हैं। पिछले 12 महीनों 140 मिलियन से ज्यादा अद्वितीय विनिमय करने वाले यूजर्स को सेवाएं देते हुए भारत में ई-कॉमर्स के परिवेश में क्रांति लेकर आ रहा है

धोखाधड़ी कर दो लाख 80 हजार ठगी करने का आरोप

रांची: कोकर में रहनेवाले नवीन सिंह ने निर्माणधीन मकान में कार्य का अग्रिम राशि लेने के बावजूद कार्य नही करने का आरोप लगाते हुये सानु गडोदिया के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

क्या है मामला : प्राथमिकी में नवीन सिंह ने पुलिस को बताया है कि वर्ष 2022 में आरोपी सानु गडोदिया उनके निर्माणाधीन मकान में खिड़की का कार्य लेने पहुंचा था। जिसमें 5 लाख 77, 352 रुपये में तय हुआ था। अग्रिम राशि के रुप में आरोपी ने दो लाख 80 हजार रुपये चेक के द्वारा लिया और वादा किया कि दो माह के अंदर कार्य पूरा कर देंगे। इसके बावजूद आजतक कार्य आरोपी ने पूरा नही किया। धोखाधड़ी कर रुपये लेने के बाद आरोपी कॉल उठाना भी बंद कर दिया है।

रांची से कांवरियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ व बासुकीनाथ रवाना

रांची: श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के बैनर तले मंगलवार कों 35 कांवरियों का पहला जत्था मुकेश सिंह व विनय सिंह के नेतृत्व में बाबा बैद्यनाथ व बासुकीनाथ के लिए रवाना हुआ। इसके पूर्व कांवरियों ने श्री चैती दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना व आराधना कर मां के दरबार में मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की इस दौरान कांवरियों के ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव व जय माता दी, जय चैती मईया के जयकारा से मंदिर का परिसर गूंजता रहा। श्री चैती दुर्गा मंदिर के प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया की जहां बुधवार को स्नान करने के बाद सुल्तानगंज से जल लेकर कांवरिया एक साथ बाबाधाम देवघर के लिए पैदल यात्रा शुरू करेंगे। यह जत्था 11 अगस्त को देवघर स्थित बाबा धाम के शिवलिंग पर जलाभिषेक करेगा और उसके बाद बासुकीनाथ जाएगा। वहाँ पूजा-अर्चना करने के बाद जत्था 13 अगस्त को वापस लौटेगा बाबा धाम व बासुकीनाथ जाने वाले कांवरियों में गणेश सिंह, संजय सिंह (लल्लू),मुकेश सिंह, विनय सिंह,भोलू सिंह,नमन भारतीय, मोहित रजक, आशीष रजक, अर्जुन सिंह (गोलू),मिथलेश वर्मा, आकाश वर्मा,महेन्द्र रजक,बंटी वर्मा, राम पांडे, रुपेश वर्मा, धीरज वर्मा,राजेश रजक, सूर्याम रजक सहित अन्य शामिल हैं।

छह बीडीओ के तबादले की अधिसूचना जारी

रांची। ग्रामीण विकास विभाग ने छह प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) की तबादला कर दिया गया है। इस संबंध में मंगलवार को सरकार के अवर सचिव अरुण कुमार सिन्हा की ओर से अधिसूचना जारी की गयी है। गोड्डा जिले में पदस्थापित महागामा के बीडीओ प्रवीण चौधरी को ग्रामीण विकास विभाग रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। पलामू के विश्रामपुर के बीडीओ को बोकारो जिले के नावाडीह और लोहरदगा जिले के पेशरार में पदस्थापित रमेश कुमार यादव को गुमला के सिसई का बीडीओ बनाया गया है। साथ ही तीन पदाधिकारियों सुनीला खलखो, रामगोपाल पांडेय और विकास कुमार राय की सेवा कार्मिक विभाग को वापस कर दी गई है।

दो सौ किलो जावा महुआ और 96 लीटर अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: राजधानी में लगातार चौथे दिन रांची जिला में अवैध शराब अड्डों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिला आबकारी टीम ने मंगलवार को रातू, सुखदेव नगर, जगन्नाथपुर एवं एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में छापेमारी की। उपायुक्त, राहुल कुमार सिन्हा एवं सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए जिला आबकारी टीम ने अवैध शराब जब्त करते हुए इसमें संलिप्त लोगों को गिरफ्तार किया है।

जिला आबकारी टीम द्वारा रातू थाना क्षेत्र के ऊपर टोली कमड़े, सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के पहाड़ टोली हेहल, जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के सैटेलाइट चौक और एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हेथु में छापेमारी की गई। कार्रवाई में पहाड़ टोली एवं सेटेलाइट चौक से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि ऊपर टोली एवं हेथू से फरार तीन लोगों

अवैध शराब अड्डों के खिलाफ छापामारी रातू, सुखदेव नगर, जगन्नाथपुर एवं एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में छापेमारी

के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। इस दौरान 200 किलो जावा महुआ और 96 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त किया गया।

गौरतलब है कि गत दिनों में जिला आबकारी टीम ने रांची एयरपोर्ट के पीछे चंदाघासी ग्राम, जगन्नाथपुर, धुर्वा, भुसूर, लोवाडीह, इटकी, पिस्का और बेड़ो के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध तरीके से चल रहे शराब अड्डे के खिलाफ कार्रवाई की है।

दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त व एसएसपी ने पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों दिये दिशा निर्देश

सभी पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें: उपायुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

रांचीः दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 के सफल संचालन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची कौशल किशोर ने प्रतिनियुक्त पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों दिशा निर्देश दिये।

जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में आयोजन स्थल पर ब्रीफिंग के दौरान आला अधिकारियों ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी को उनके कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने

सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम है, सभी पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से सदैव तत्पर रहते हुए अपने कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने को कहा है।

वहीं विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय झारखंड महोत्सव 2023 को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक रांची किशोर कौशल ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस की। जिसमें उपायुक्त ने दो दिनों तक आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने झारखंड आदिवासी महोत्सव के शुभारंभ और समापन के साथ-साथ शामिल होने वाले सेलिब्रिटीज के बारे में भी बताया। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई है। मौके पर पुलिस अधीक्षक यातायात सह पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एचबी जमां और अनुमंडल पदाधिकारी रांची सदर दीपक दुबे भी उपस्थित थे।

बूथ लेबल ऑफिसर एप को सात दिनों में अपडेट करने के लिए सभी संबंधित अधिकारी को निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राँची द्वारा मंगलवार को समाहरणालय भवन ब्लॉक-ए स्थित सभाकक्ष प्री-रिविजन एक्टिविटीस से संबंधित बैठक आयोजित की गई।

बैठक में (ओएसडी) मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड गीता चौबे, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 58 तमाड़ सह अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, राजेश कुमार साव, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 61 सिल्ली- सह अपर समाहर्त्ता राँची, राजेश कुमार बरवार एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 62 खिजरी सह अपर समाहर्त्ता (नक्सल) राम वृक्ष महतो, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63 राँची-सह अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) राँची, दीपक कुमार दुबे, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 66 मांडर सह-विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी राँची, श्री अल्बर्ट बिलुंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी राँची, विवेक कुमार सुमन एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राँची, डॉ प्रभात शंकर एवं संबंधित सभी अधिकारी मौजूद थे।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राँची द्वारा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड, राँची द्वारा निर्गत निर्देशो का विस्तार पूर्वक विश्लेषण करते हुए कहा कि चुनाव कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने में तीन महत्वपूर्ण स्तम्भ होते हैं। राजनीतिक दल, भारत निर्वाचन आयोग (मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, एवं आम नागरिक। इन तीनों की भूमिका मतदान में महत्वपूर्ण होती जो मतदान को सफल बनाती हैं।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राँची ने निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर

मतदाताओं का सत्यापन का कार्य करें। उन्हें प्रत्येक घर पर दो बार भ्रमण करते हुए बीएलओ स्टीकर चस्पा करना हैं, जिसमें नए मतदाता जिनकी आयु 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही हैं। वे अपना नाम मतदाता सूची मे जोड़ने के निर्देश दिए एवं बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाता सूची का सत्यापन सात दिन के अंदर उन्हें प्रत्येक घर जा कर जल्द पूरा करने को कहा गया।

वहीं उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राँची द्वारा नए मतदातों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया। ताकि नए मतदाता अपना बहुमूल्य मतदान कर पाए।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राँची द्वारा वैसे मतदान केंद्र जहाँ कम मतदाता या मतदान नही होता हैं। जो दुर्गम क्षेत्र, पहाड़ी पठारी क्षेत्र में पड़ता हैं। उसे बदलने की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए संबंधित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राँची द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्र में निम्नता 5 सुविधाओं का होना अतिआवश्यक हैं, जिसमें- बिजली, पानी',फर्नीचर, रैंप (दिव्यांग/वरिष्ठ नागरिक के लिए) और शौचालय शामिल हैं।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राँची द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करते हुए जर्जर मतदान केंद्रों एवं जिन पुराने मतदान केंद्रों में परिवर्तन स्थल की आवश्यकता हैं, उसकी सूची बना कर देने को कहा गया।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राँची द्वारा वर्ष 2014 एवं वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वैसे मतदान केंद्र जहाँ 10 प्रतिशत से कम मतदान हुआ हैं, वैसे केंद्रों की पहचान कर मतदाताओं के बीच मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु जागरूकता अभियान चलाने के लिए विस्तृत प्रचार-प्रसार करने के लिए सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राँची द्वारा संबंधित अधिकारी को शहरी क्षेत्र में घूम-घूम कर मतदान संबंधी सर्वे कार्य पूर्ण करें एवं संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी शहरी क्षेत्रों के सभी रिहायशी इलाकों में स्थित अपार्टमेंट,सोसायटी के सचिव,मैनेजमेंट कमिटी से बैठक कर मतदाता सूची का सत्यापन करने में सभी बूथ लेबल ऑफिसर को सहयोग करने के लिए सभी सोसायटी,अपार्टमेंट के सेक्रेटरी को नोटिस तामीला करा कर सोसायटी,अपार्टमेंट में नोटिस चिपका दे। ताकि संबंधित बीएलओ को इन कार्यों में आसानी हो सकें।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राँची द्वारा बूथ लेबल ऑफिसर एप को सात दिनों में अपडेट करने के लिए सभी संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राँची द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को अंडर प्रोसेस फॉर्म , बहुत से ऐसे बूथ जहाँ एक भी फॉर्म जेनरेट नही हुआ हैं, वहां संबंधित बीएलओ को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

नीतीश मंत्रिपरिषद ने नौ एजेंडों पर लगाई मुहर

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल नौ एजेंडों पर निर्णय लिए गए। इस सन्दर्भ में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव, डॉ एस सिद्धार्थ ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि श्रम संसाधन विभाग के अन्तर्गत बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना नियमावली, 2008 (वर्ष 2011, 2014, 2016 एवं 2020 में यथा संशोधित) के नियम 5, 5क एवं 5ख में संशोधन के फलस्वरूप बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना (संशोधन) नियमावली, 2023 को लागू करने की स्वीकृति दी गई। पूर्व में बिहार के प्रवासी मजदूरों की दुर्घटना में मृत्यु पर उनके परिजनों को 01 लाख, पूर्ण अपंगता पर, 75 हजार तथा आंशिक अपंगता पर 37,500 रुपये बिहार सरकार द्वारा दुर्घटना अनुदान स्वरूप दिया जाता था, जिसे बढ़ाकर क्रमशः 02 लाख (दुर्घटना मृत्यु), 01 लाख (पूर्ण अपंगता) तथा 50 हजार रुपया (आंशिक अपंगता) कर दिया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के अन्तर्गत बिहार संग्रहालय से पटना संग्रहालय को जोड़ने वाले सब-वे निर्माण योजना के लिए 542 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। नगर विकास एवं आवास विभाग के ही तहत पटना शहर के करमलीचक जोन में विश्व बैंक सम्पोषित एसटीपी के कार्य को पूर्ण करने के लिए 98 करोड़ उनसठ लाख उनासी हजार रुपये, जिसमें से केन्द्रांश के रूप में 62 करोड़ 17 लाख एवं राज्यांश की 30 प्रतिशत हिस्सेदारी (सेंटेज की राशि सहित) कुल 36 करोड़ 42 लाख उनासी हजार का व्यय राज्यांश के रूप में किये जाने की स्वीकृति दी गई। नगर विकास एवं आवास विभाग के ही तहत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अन्तर्गत सामाजिक जागरुकता एवं संस्थागत विकास घटक को क्रियान्वयन के लिए जीविका को हस्तांतरित करने से संबंधित समझौता ज्ञापन प्रारूप की स्वीकृति दी गई। उद्योग विभाग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए राशि 409.33 करोड़ (चार सौ नौ करोड़ तैंतीस लाख) रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति एवं 150.00 करोड़ (एक सौ पचास करोड़) रुपये की प्रथम अनुपूरक आगणन से निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई। इसके तहत 29 चयनित औद्योगिक क्षेत्रों में नाला, बाउंड्री, सोलर लाइट एवं रोड निर्माण के विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। मेसर्स दादीजी स्नैक्स प्रा.लि., पटना को बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली-2016 के नियम-7 के उप नियम (2)(५) के आलोक में वित्तीय प्रोत्साहन क्लीयरेंस की स्वीकृति दी गई। उद्योग विभाग के अन्तर्गत मेसर्स एएफपी मैनुफैक्चरिंग कंपनी प्रालि, हाजीपुर, वैशाली को बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली-2016 के नियम - 7 (2) (५) के आलोक में वित्तीय प्रोत्साहन क्लीयरेंस की स्वीकृति दी गई। इसके तहत 38.61 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अन्तर्गत बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के कार्यालय के कार्यों के संचालन के लिए वैज्ञानिक पदाधिकारी सह जैव स्थानिक विश्लेषक के एक संविदा आधारित पद के सृजन की स्वीकृति दी गई। श्रम संसाधन विभाग के अन्तर्गत नये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना योजना अन्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, राघोपुर एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गड़खा की स्थापना के लिए कुल 86 (छियासी) पदों का सृजन वित्तीय वर्ष 2023-24 में करने की स्वीकृति एवं रुपये 468. 61 लाख (चार करोड़ अड़सठ लाख इकसठ हजार) की राशि प्रति वर्ष व्यय करने की स्वीकृति दी गयी है।

केवीवी में शोध पर दस दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन

नवप्रदेश प्रतिनिधि पश्चिमी चंपारण। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के सहयोग से दस दिवसीय शोध प्रविधि पाठ्यक्रम (आरएमसी) का उद्घाटन राजकुमार शुक्ल सभागार सोमवार को हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्वलित कर हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केएन सिंह, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव एवं मुख्य वक्ता गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष प्रो मनीष मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के शोधार्थी आशुतोष आनंद ने किया। स्वस्ति वाचन एवं सरस्वती वंदना संस्कृत विभाग के स्नातकोत्तर के छात्र शशिरंजन तिवारी ने किया। स्वागत उद्बोधन करते हुए सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो सुनील महावर ने देशभर के शोधार्थियों का गांधी की धरती पर स्वागत पर स्वागत किया। शोध के दिशा निर्देश के लिए यह कार्यशाला आयोजित हो रही है। हमारे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव जी की प्रेरणा से यह कार्यक्रम हो रहा है। कोर्स निदेशक डॉ नरेंद्र आर्या ने कोर्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्कशॉप में देशभर से 195 आवेदन आए। देश के 31 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आवेदन आए। इसमें से हमने 30 लोगों को चिन्हित कर इस दस दिवसीय कोर्स में आमंत्रित किया। मुख्य वक्ता गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय संबंध के संकायाध्यक्ष प्रो मनीष ने कहा कि केंद्र सरकार शोध को बढ़ावा देने में तत्पर है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की स्थिति में हमें शोध को समाजोपयोगी बनाना होगा। शिक्षा नीति के लागू होने से भारत की दिशा बेहतर होगी। इस शोध प्रविधि कोर्स से शोधार्थियों को शोध विभिन्न आयामों पर समझ बढ़ेगी। देश में राष्ट्रीय चेतना को बढ़ावा देने के लिए भारत की मूल भावना को समझना आवश्यक है। हमारा देश परमाणु संपन्न होने के बावजूद भी 'पहले प्रयोग नहीं करेंगे' नीति का पक्षधर है। 2047 में जब भारत अपनी आजादी के 100 वां वर्ष मना रहा हो तो हम दुनिया को दिशा देने की स्थिति में हों। मुख्य अतिथि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के एन सिंह ने कार्यशाला में शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल साइंस की प्रयोगशाला हमारा समाज है। विश्वविद्यालय से बाहर निकलते ही हम अपने क्षेत्र में होते हैं। भारत की ज्ञान परंपरा वैदिक काल से ही समृद्ध रही है। भारत का अस्तित्व किसी वास्को डी गामा और कोलंबस से हजारों साल पहले का है। पश्चिम की अवधारणा ने भारत की ज्ञान परंपरा को हमेशा दोयम दर्जे का साबित करने का प्रयास किया। रअऊ (सिग्मंड फ्रायड, एडम स्मिथ और डार्विन) के अलावा भी भारतीय मीमांसा और ज्ञान दर्शन हैं उन्हे आत्मसात कर आगे बढ़ना है। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री जी ने पंच प्रण की बात कही थी, यह समाज विज्ञान का विषय है। इस दिशा में शोधकार्य किया जाना चाहिए जिससे हम समाज विज्ञानी भारत की प्रगति में सहयोग कर सकें। विविधता हमारी ताकत है। भारत में शोध को नए सोपान पर लेकर जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने शोधार्थियों को भारत केंद्रित शोध करने का आह्वान किया। यह सच है कि हम आज भी पश्चिम पर निर्भर हैं लेकिन पिछले कुछ वर्षों भारतीय दर्शन पर काम प्रारंभ हुआ है। भारत सरकार इंडियन नॉलेज सिस्टम के जरिए भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा दे रही है। इसमें अगर आप शोध पत्र लिखते हैं तो आपको आई के एस आपको आर्थिक सहयोग भी प्रदान करेगा। जबतक हम पश्चिम पर निर्भर रहेंगे तब तक हम विश्वगुरु नहीं हो पाएंगे। शोधार्थियों में पढ़ने की संस्कृति विकसित करनी होगी। विद्यार्थी जितना 10 वीं, 12वीं में पढ़ते थे पीएच. डी में नहीं पढ़ते। यही समय है जब हम अध्ययन कर सकते हैं। उद्घाटन सत्र का धन्यवाद ज्ञापन राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सरिता तिवारी ने किया। ओरिएंटेशन सेशन की अध्यक्षता प्रो. सुनील महावर, रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. सरिता तिवारी एवं डॉ. नरेंद्र आर्या मौजूद रहे। इसका संचालन डॉ. नरेंद्र सिंह ने किया। टेक्निकल सेशन की अध्यक्षता प्रबंधन विज्ञान की सह आचार्य डॉ. सपना सुगंधा, रिसोर्स पर्सन गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय संबंध के संकायाध्यक्ष प्रो मनीष का मार्गदर्शन शोधार्थियों को प्राप्त हुआ। इस सेशन का संचालन डॉ. अभय विक्रम सिंह ने किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आर्तत्रान पाल, कुलानुशासक प्रो. प्रणवीर सिंह, मानविकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. प्रसून दत्त सिंह, प्रो.पवनेश कुमार, डॉ. अंजनी श्रीवास्तव, डॉ. बिमलेश कुमार, डॉ मुकेश कुमार, डॉ.युगल किशोर दाधीच, डॉ. असलम खान, डॉ. साकेत रमण, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. प्रेरणा भदुली समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित थे।

भाकपा-माले की टीम ने प्राथमिक विद्यालय, डेढुआ के निर्माण कार्य का निरीक्षण

नवप्रदेश प्रतिनिधि अगिआव। भाकपा माले की टीम ने ढिढुआ प्राथमिक विद्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि अनुसूचित जाति प्राथमिक विद्यालय, डेढुआ, निर्माण के सवाल पर अजीमाबाद मुख्य सड़क पर हुआ था सड़क पर स्कूल आंदोलन, सैकड़ों छात्र-छात्राओं, अभिभावकों ने आंदोलन में लिया था। हिस्सा, सड़क पर ही स्कूल लगाकर हुई थी पढ़ाई,वार्ता में अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली थी । इसके लिए मैने विधानसभा में भी सवाल किया था।निर्माण कार्य शुरू होते ही गांव के सामंती मिजाज के भूधारियों द्वारा रोक लगा दिया गया था। स्कूल निर्माण को शुरू करने के सवाल पर भाकपा माले का प्रतिनिधिमंडल अंचलाधिकारी अगिआंव से मिला था तब जाकर स्कूल का निर्माण कार्य शुरू हुआ। स्कूल निर्माण के लिए 40 डिसमिल जमीन निर्गत किया गया जिसपर स्कूल निर्माण कार्य शुरू है, जिसमे वर्ग भवन बन रहा है साथ ही बच्चे-बच्चीयों के खेलने के लिए जगह भी रहेगा उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाएगा।

बारिश के समय रेल यात्रियों को करनी पड़ती है परेशानियों का सामना

कटिहार। कटिहार रेलवे जंक्शन के वीआईपी गेट से डीआरएम कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर बारिश का पानी जमा होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इस रास्ते होकर ज्यादातर रेलवे अधिकारियों का आना जाना होता है। फिर भी बारिश का पानी निकासी के लिए रेलवे प्रशासन ने अबतक कोई ठोस पहल नहीं की है। कटिहार जंक्शन के नवनिर्मित प्लेटफार्म नंबर आठ पर समुचित यात्री शेड नहीं होने के कारण बारिश के समय ट्रेन से चढ़ने और उतरने में भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त अन्य कुछ प्लेटफार्म पर भी यात्री शेड का अभाव है। कई जगह यात्री टूट जाने के कारण पानी बारिश का पानी शेड से चूता हुआ नजर आता है। इस संदर्भ में यात्रियों ने बताया कि इसके अतिरिक्त स्टेशन पर पानी, शौचालय आदि की मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है।

पूर्व जिलाधिकारी दीलीप कुमार पर आपराधिक मुकदमा चलाने की सर्वोच्च न्यायालय ने दी इजाजत

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। बहु चर्चित करनमेया कांड से जुड़े मामले मे प० चम्पारण के पूर्व जिला पदाधिकारी दिलीप कुमार के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय ने मुकदमा चलाए जाने की इजाजत दी है बेतिया न्यायालय के अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकता ब्रजराज श्रीवास्तव ने न्यायालय पुस्तकालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस तथा विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की उनके द्वारा दायर परिवाद पत्र संख्या 2260/2008 को सर्वोच्च न्यायालय ने सही एवं दुरुस्त मानते हुए उक्त परिवाद की सुनवायी की बात कही है। बताते चले कि अधिवक्ता ब्रजराज श्रीवास्तव ने वर्ष 2008 मे मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में जिलाधिकारी के विरुद्ध परिवाद दाखिल किया था। परिवादी ब्रजराज श्रीवास्तव का आरोप था कि जिलाधिकारी ने करनमेया महावीरी अखाड़ा से संबंधित विवाद में समाहरणालय कक्ष में शांति समिति की बैठक बुलाई थी जिसमे दोनो समुदाय के लोग उपस्थित थे। वही जिलाधिकारी ने समझौता पत्र पर परिवादी को हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया। परिवादी ने कहा कि यह सब वो ठिक है परन्तु जिन लोगों ने हिन्दुओं के उपर आक्रमण कर दर्जनों लोगो को हथियार से जख्मी कर दिया।महावीरी झंडा फाडकर महावीर जी की मूर्ति तोड़ डाली, उनके विरुद्ध प्रशासन द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही क्यो नही की गई है। इतने पर जिलाधिकारी भड़क गये तथा गाली गलौज करते हुए अलग कक्ष में परिवादी एवं विजय कश्यप को ले जाकर बैठा दिये।कुछ नौजवानो के सहयोग से परिवादी को गांधी का हत्यारा बोलकर बताकर मारपीट किये। जब परिवादी ने जिलाधिकारी को धैर्य रखने की बात कही तो जिलाधिकारी आपा खो दिये एवं परिवादी को हथकडी लगवा दिये तथा नगर थाना के हाजत में बंद करवा दिये। हाजत में भी सिपाहियों से बंदूक के कुंदा से पिटवाये। वही12 बजे रात्री में नियम के विरुद्ध जिलाधिकारी ने ब्रजराज श्रीवास्तव एवं विजय कायप को जेल भेजवायें। बता दे कि उक्त आरोप के आशय का मुकदमा अधिवक्ता ब्रजराज श्रीवास्तव ने मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में दाखिल किया था जिसे मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने परिवादी का ब्यान दर्ज कर परिवाद पत्र को 18/9/2008 को खारिज कर दिया था जिसे परिवादी ने जिला जज के न्यायालय में चुनौती दी थी। जिला जज ने भी परिवादी का रिविजन खारिज कर दिया । तब जाकर परिवादी ने मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला जज के आदेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय पटना का दरवाजा खटखटाया था और याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बात सामने आई कि किन परिस्थितियों में सी.जे.एम., बेतिया रात 9 बजे एक अभूतपूर्व रिमांड आदेश पारित किया था। जब जेल के दरवाजे बंद हो जाते हैं और किसी भी मामले में सूर्यास्त के बाद रिमांड आदेश पारित होने के बाद किसी आरोपी को हिरासत में नहीं लिया जाता है। उक्त कृत्य सी.जे.एम. ऐसा प्रतीत होता है कि यह किसी न किसी अधिकारी के प्रभाव में किया गया है, जिसके लिए उसके खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए। जिसके कारण पटना उच्च न्यायालय ने परिवादी को राहत देते हुए निचले अदालत

के फैसले को निरस्त करते हुए जिला अधिकारी दीलिप कुमार पर आपराधिक मुकदमा चलाने का आदेश पारित किया था। जिलाधिकारी दीलिप कुमार उच्च न्यायालय पटना के आदेश के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय चले गये जिसमे 13 वर्षो के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने दिनांक 26/8/2023 को क्रिमिनल अपील 561/2012 में जिला अदालत के फैसला को निरस्त करते हुए एवं पटना उच्च न्यायालय का फैसला को सही ठहराते हुए पूर्व जिलाधिकारी दीलिप कुमार पर आपराधिक मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। वही ब्रजराज श्रीवास्तव ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को धन्यवाद देते हुए न्यायालय से मांग की है कि हिंदुओं का आस्था को देखते हुए करनमेया महावीरी अखाड़ा मेला की जमीन जो हिंदुओं का था।

राजद-जदयू तालमेल पर सवाल उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांके भाजपा: लेशी सिंह

पटना। बिहार सरकार की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राजद -जदयू गठबंधन पर सवाल उठाने से पहले देशवासी को बताना चाहिए कि किस तरह सत्ता के लिए अपने धुर राजनीतिक विरोधी पीडीपी से जम्मू कश्मीर में सिद्धांतविहीन समझौता किया था। यह समझौता भाजपा ने अपनी स्वार्थ के खातिर किया था। इसलिए भाजपा को राजद-जदयू तालमेल पर सवाल उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चहिए। वह मंगलवार को जदयू कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रहीं थी। मंत्री सिंह ने कहा कि राजनीति में हर निर्णय समय परिस्थिति के मद्देनजर उठाया जाता है। आज देश में लोकतंत्र खतरे में है। गरीब जनता महंगाई की मार से परेशान है। बेरोजगार युवा प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने के वायदे पूरा होते न देख आक्रोशित है। ऐसी परिस्थिति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश के लोकतंत्र की रक्षा व आमजन की परेशानी से मुक्ति दिलाने के लिए नया गठबंधन बनाया है और विपक्षी एकता सूत्रधार बनकर देश के समक्ष नायक बनकर उभरे हैं। पत्रकारों की ओर से राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने पर पूछे गए एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने यह न्याय और सत्य की जीत है। भाजपा के लोगों ने साजिश के तहत राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करवाने का जो प्रयास किया था उसको न्यायालय ने निरस्त कर भाजपा के साजिश को विफल कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। देश के महान संविधान को नष्ट करना चाहती है। आज देश में अघोषित रूप से आपातकाल लागू है। संघीय ढांचे को तार-तार किया जा रहा है। देश की जनता भाजपा के इन गलत कारनामों को देख रही है। निश्चित रूप से अगले वर्ष देश से भाजपा की विदाई तय है। मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपसी भाईचारा को बिगाड़ने एवं सत्ता के लिए समाज को बांटने का जो कुत्सित प्रयास हो रहा है उसको नाकामयाब करने के लिए जनता दल (यू.) विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए समाज में सद्भाव और अमन चैन बहाल करने के लिए बिहार के हर गांव, कस्बों और मोहल्लों का भ्रमण कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से विपक्षी गठबंधन इंडिया का कारवां बढ़ रहा है उससे भाजपा में भारी बेचैनी और घबराहट की स्थिति बनी हुई है। लिहाजा उनके तमाम वरिष्ठ नेता हर दिन अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।

दो आगनबाड़ी केंद्र को पास के सरकारी विद्यालय से टैग किया गया

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। प्रखंड अंतर्गत सूर्यपुरा व बलिहार पंचायत में एक-एक आगनबाड़ी केंद्र को पास के सरकारी विद्यालय से टैग किया गया। टैगिग का कार्य शिक्षा विभाग के कर्मी व आगनबाड़ी की पर्यवेक्षिका के सामंजस्य से आगनबाड़ी केंद्र को टैगिग का कार्य सूर्यपुरा में चल रहा है। पर्यवेक्षिका अमिता कुमारी व बीआरसी लेखापाल चन्दन कुमार ने बताया कि जिला से प्राप्त निर्देश के आलोक में आंगनबाड़ी केंद्रों को पास के सरकारी विद्यालय परिसर में स्थानांतरित किया जाना है। फिलहाल आगनबाड़ी केंद्र से सरकारी विद्यालय की दूरी पांच सौ मीटर है,उन्हें सबसे पहले विद्यालय से टैग करने का कार्य चल रहा है। किराये के मकान में चल रहे 53 आगनबाड़ी केंद्रों को सबसे पहले पास के सरकारी विद्यालयों में टैग करना है। वही बलिहार पंचायत में कोड 76 आगनबाड़ी केंद्र खरोज को उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरोज एंव सूर्यपुरा पंचायत के कोड 02 आगनबाड़ी केंद्र सूर्यपुरा को मध्य विद्यालय सूर्यपुरा में टैग किया गया। अब तक तीन आगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी विद्यालय में टैग किया गया। वही कई विद्यालयो ने जगह नही होने का प्रधान रोना भी रो रहे है। हालांकि आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए अपना भवन नहीं है और विद्यालय में कमरा भी उपलब्ध नहीं है ऐसी परिस्थिति में यदि विद्यालय परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है तो उन्हें चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाना है।

एक नजर

कलियुगी बेटे ने अपने सोते पिता की गला काटकर की हत्या

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। पश्चिम चंपारण के नवलपुर थाना क्षेत्र के सिसवा भूमिहार पंचायत में एक कलियुगी बेटे ने अपने सोते पिता की गला काटकर हत्या कर दी, मामला नवलपुर थाना क्षेत्र के सिसवा भूमिहार पंचायत के वार्ड नंबर आठ का है पिता के इकलौते सगे पुत्र ने अपने ही पिता माया पटेल उम्र साठ वर्ष की हत्या गड़ासे से गर्दन काट कर दी।वही इस घटना का आजम सोमवार की रात लगभग नौ बजे की बताई जा रही है।इस घटना के आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीण इलाके में इस घटना से कोहराम मचा हुआ है। वही इस घटना से संबंधित जानकारी देते हुए नवलपुर थानाध्यक्ष रणधीर कुमार भट्ट ने बताया कि माया पटेल की हत्या गर्दन, गाल व बाएं हाथ की हथेली पर धारदार हथियार से काट कीया गया हैं । माया पटेल की हत्या उनके सगे इकलौते बेटे अरुण पटेल उम्र 26 है वही किया है। अरुण पटेल को गिरफ्तारी कर ली गई है,उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार को जब्त कर लि गई है।वही मृतक की पत्नी कलपति देवी ने बताया कि सोमवार की रात उनके पति माया पटेल घर के सामने स्थित झोपड़ी में बिछावन पर सोए हुए थे। कुछ देर बाद वह पति के पास गई तो देखा कि वे खून से लथपथ मृत पड़े हुए हैं। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना नवलपुर पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंच यह पता लगाने में जुट गई की हत्या किसने की,गांव के लोगों ने पुलिस पदाधिकारियों को बताया कि मृतक का पुत्र अरुण पटेल बाइक से गांव में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने उसे पकड़ा पूछताछ की, तब मामले का खुलासा हुआ कि उसने ही पिता की हत्या कर दी है,अरुण पटेल की निशानदेही पर घर में कपड़ा में लपेट कर छुपाए गए गड़ास पुलिस ने बरामद कर जब्त कर लिया है।इस मामले में आरोपी की पत्नी ने उसके बचाव में बयान दिया है। उसने पुलिस को बताया कि आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वह अक्सर तनाव में रहता है। परिजनों द्वारा समझाने बुझाने पर भी नहीं मानता,पुलिस ने आरोपी को थाना पर भेज दिया है। घटनास्थल पर छानबीन की जा रही है।और आगे की करवाई हो रही है।

पंचायत समिति की बैठक में अधिकारी नदारद, सदस्य हुए नाराज



नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। स्थानीय प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार लाली ने किया। बैठक में बीपीआरओ सलोनी चतुर्वेदी और पशु चिकित्सक डॉ आकाशदीप के अलावा प्रखंड स्तर के किसी विभाग के कोई अधिकारी शामिल नहीं हुए। बैठक में अधिकारियों के अनुपस्थित देख सदस्यों का धैर्य टूट गया और इसे लेकर काफी नाराजगी व्यक्त किये। नोनहर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अजय गांधी ने कहा कि अधिकारी इस बैठक को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। अधिकारी ही जब नहीं रहेंगे तो सदस्य किससे अपने क्षेत्र की समस्या का निदान कराएंगे। बैठक में अधिकारियों की उदासीनता के कारण सदस्यों ने सर्वसम्मति से मांग किया गया कि अगली बैठक में सभी अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। अन्यथा सभी सदस्य सामूहिक रूप से बैठक का बहिष्कार करेंगे। अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण इस बैठक में किसी मुद्दे पर चर्चा नहीं हो सकी। बैठक में उप प्रमुख कंचन देवी, बीडीसी बृजेश सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद, लालबाबू यादव, तिलक पासवान, सिरताज खां, छठु यादव, सत्यदेव सिंह मुखिया विनय प्रकाश चौधरी, लव जी गौतम, नीतू कुमारी आदि थे।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने माध्यमिक विद्यालय बलिहार का किया निरीक्षण

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(माध्यमिक) सह प्रखंड बीइओ रोहित रौशन ने मंगलवार को उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, बलिहार का निरीक्षण किया जहाँ विद्युत व्यवस्था की कमी पाने पर विद्यालय के एच एम को कई दिशा निर्देश दिया। डीपीओ ने बताया कि उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बलिहार में जांच के क्रम में पाया गया कि वर्ग नवम एवं दशम में नामांकित स्टूडेंट्स के अनुपात में उपस्थिति काफी कम पायी गयी। जिसकों लेकर विद्यालय के एच एम आनंद प्रसाद सिंह के साथ ही सभी शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति अधिक से अधिक बढ़ाने का निर्देश दिया। वहीं आगे बताया कि विद्यालय में साफ-सफाई की कमी पायी गयी। जिसके सुधार के लिए निर्देश दिया गया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा विनोद कुमार शर्मा, के साथ ही कई अन्य लोग थे।

ओपी थाना खोलने के लिए अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नासरीगंज थाना क्षेत्र के मेदनीपुर गांव में नया ओपी थाना खोलने को लेकर एसपी विनीत कुमार के निर्देश पर एसडीएम उपेंद्र पाल, डीएसपी शशिभूषण सिंह, बीडीओ मो०जफर इमाम, सीओ अमित कुमार व थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक थाना खोलने के लिए अधिकारियों ने मेदनीपुर स्थित वीर कुंवर सिंह बालिका उच्च विद्यालय के स्थल का चयन किया। एसडीएम ने कहा कि 1975 में मेदनीपुर गांव में सहायक थाना चिन्हित किया गया है। इसकी रिपोर्ट वरीय पदाधिकारी को भेजी जाएगी। 15 अगस्त से पहले ओपी थाना का उद्घाटन करने के लिए पूरी व्यवस्था के साथ कार्य किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि अगर समय पर भवन का निर्माण कार्य पूरा नही होता है तो उक्त उच्च विद्यालय में ही सहायक थाना चलाया जाएगा। थानाध्यक्ष ने कहा कि ओपी थाना भवन खोलने के लिए जिस स्थल को चिन्हित किया गया है, उसमें कार्यालय पदाधिकारी एवं पुलिस बल के रहने के लिए कमरा का भी निरीक्षण किया गया है। फिलहाल ओपी थाना में दो पदाधिकारी एवं कुछ पुलिस बल मौजूद रहेंगे। मेदनीपुर गांव में सहायक थाना खुलने से अपराध पर नियंत्रण करने में सहूलियत होगी। सहायक थाना के अंतर्गत कौन-कौन से गांव सम्मिलित होगी, इसका नोटिफिकेशन जारी नही हुआ है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि पंकज साह, बीडीसी प्रतिनिधि रामजीत सिंह, रूदल सिंह, चंदन सिंह, प्रमोद कुमार समेत ग्रामीण मौजूद थे।

राहुल गाँधी के संसद में सदस्यता बहाल सत्य की जीतः मोहन राम

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिहार। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि व राष्ट्रीय वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के बिहार प्रदेश अध्यक्ष मोहन राम ने कहा है कि राहुल गाँधी द्वारा लम्बी लडाई लड़ने के बाद संसद में सदस्यता बहाल हुई, यह एक प्रशंसनीय कार्य है। इसे नफरत के खिलाफ मुहब्बत की जीत, असत्य के खिलाफ सत्य की जीत एवम इसे करोड़ो देश वासियो की जीत कहा जायेगा। श्री राम ने न्यालय को दिल से आभार ब्यक्त किया है तथा राहुल गाँधी ने सामप्रादायिकता, भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा संबिधान की रक्षा हेतु संघर्षरत रत हैं, ऐसे महान ब्यक्ति को ढेर सारी शुभ कामनाएं ब्यक्त किये है। श्री राम ने कहा है कि राहुल गाँधी भारत जोड़ो यात्रा के दरम्यान कश्मीर से कन्या कुमारी तक देश में नफरत के खिलाफ मोहब्बत का पैगाम लेकर सभी जाति व धर्म के लोगों को एक सूत्र में बांधने का किया जो आज इसी का प्रतिफल है लोग सदस्यता बहाल पर देश के कोने-कोने में जश्न मनाते व मिठाईयां एक दूसरे को खिलाते। यह वाकई में इतिहास साक्षी है।

ड्राइवर के साथ मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। ड्राइवर के साथ मारपीट किए जाने के मामले में रफीगंज थाना में डेहरी आन सोन के तुषार कुमार ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें रफीगंज के सौरभ कुमार, शुभम कुमार, आदित्य कुमार एवं एक अज्ञात को आरोपित बनाया है। दर्ज प्राथमिकी में उल्लेख किया है कि डाकबंगला मोड़ स्थित प्रदीप कुमार के दुकान में समान उतार रहा था। इसी दौरान उक्त आरोपित वहां पहुंचे और मारपीट किया। साथ ही गाड़ी में रखा 45300 रुपये निकाल लिया। इस

संपादकीय

दिल्ली सेवा बिल पर मुहर

दिल्ली सेवा विधेयक को आखिरकार राज्यसभा में भी मंजूरी मिल गई। यह विधेयक लोकसभा में पहले ही भारी बहुमत से पारित हो चुका था। राज्यसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष की संख्या लगभग बराबर होने के चलते इस विधेयक के राज्यसभा में अटकने की उम्मीद नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बांध रखी थी जो टूट गई। भाजपा विरोधी तमाम विपक्षी पार्टियों का समर्थन हासिल करने के लिए अरविंद केजरीवाल ने देशभर का धुआ धार दौरा किया था और क्षेत्रिय पार्टियों के क्षत्रपों के साथ चर्चा करके उनका समर्थन भी प्राप्त कर लिया था। कांग्रेस पार्टी ने पहले तो अरविंद केजरीवाल को कोई भाव नहीं दिया था लेकिन बैंगलूरू सम्मेलन के पूर्व कांग्रेस ने दिल्ली सेवा विधेयक पर आम आदमी पार्टी का समर्थन करने की घोषणा कर दी थी। इस तरह अरविंद केजरीवाल कांग्रेस पर भी दबाव बनाने में और देश भर में इस बिल का विरोध करने में तैयार करने में सफल हो गए थे। लेकिन राज्यसभा में नंबरों का गेम वे हार गए। हालांकि कांग्रेस ने और अन्य विपक्षी पार्टियों ने इस बिल के विरोध में मतदान किया था। कांग्रेस इस विधेयक को लेकर कितनी गंभीर थी। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वयोवृद्ध पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जो राज्यसभा सदस्य है वे भी वीलचेयर पर राज्यसभा में पहुंचे थे। यद्यपि मनमोहन सिंह ने इस बिल पर चर्चा में तो भाग नहीं लिया लेकिन इस बिल के खिलाफ मत जरूर दिया। कांग्रेस के समर्थन के बावजूद अरविंद केजरीवाल इस बिल के विरोध में नंबर जुटाने में फेल हो गए। जबकि एनडीए इस बिल के विरोध में जरूरत से ज्यादा नंबर लाने में सफल रहा। इस दिल्ली सेवा बिल राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के साथ ही दिल्ली सेवा बिल कानून की शक्ल ले लेगा। जाहिर है यह नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए करारा झटका है, हो सकता है वे अब इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएं लेकिन सुप्रीम कोर्ट से भी उन्हें राहत मिलने की संभावना क्षीण है। अब अरविंद केजरीवाल अपनी इस करारी हार से बौखलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साध रहे हैं और दिल्ली वालों के बीच में छूरा भोंकने का आरोप लगा रहे है। उनका कहना है कि नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री है इसलिए उन्हें देश की चिंता करनी चाहिए नई दिल्ली के मामले में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। इस तरह की बातें कहकर वे अपनी खीज मिटा रहे हैं। बहरहाल जो होना था हो चुका अब देखना दिलचस्प होगा कि अपनी इस हार के बाद अब अरविंद केजरीवाल क्या कदम उठाते है। वे अभी भी नवगठीत आईएनडीआईए में बने रहते है या फिर अपनी अलग दुकान लगाते है। उन्होंने इस विधेयक के कारण ही इस गठबंधन में शामिल होना कबूल किया था लेकिन अब जबकि यह विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुका है तब भी क्या वे इस नए विपक्षी गठबंधन में बने रहते है या फिर अपनी अलग राह चुनते है।

विशेष

हाथियों के आतंक से मैनपाट तहस-नहस

मानव-हाथियों का व्दंद थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्या हमारी जंगल सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह भोथरा हो चुकी है या वन अधिकारियों को हाथियों को रोकने का कोई उपक्रम नहीं सूझ रहा है? यह चिंता का विषय है कि हर साल हाथियों से निरापद नागरिकों की जान जाने के बाद भी वनदस्ता और प्रशिक्षित हाथियों का वह दस्ता जो दक्षिण भारत से जहां हाथियों को नियंत्रित करने के गुर सिखाये जाते है, वहां से प्रशिक्षण लेकर आने के बाद भी हाथियों के आतंक को रोकने में नाकाम हो रहा है क्यों ? इस पर गहन शोध करने की जरूरत है। हाथियों के आतंक से पूरा मैनपाट थर्राया हुआ है। फसल के साथ जान-माल की नुकसानी और अंतहीन आतंक से कब छुटकारा मिलेगा या यूं ही सिलसिला चलता रहेगा । कोई भी कुछ कहने से बच रहा है। मैनपाट-रायगढ़ सरहद से लगे इलाके में लगे धान की फसलों को हाथी नुकसान पहुंचा रहे है। खेत में हाथियों के पैरों के नीचे दबकर फसल नष्ट हो रही है। क्या पूरा गांव उजड़ जाएगा तब फार्मूला ढूंढा जाएगा। सरगुजा जिले में वन परिक्षेत्र मैनपाट और रायगढ़ सरहद पर पिछले ढाई महीने से जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। बीती रात ग्राम बरिमा के मंजूरतराई में दो हाथियों ने प्रवेश कर चार कच्चे मकानों, झोपड़ियों को तहस-नहस कर दिया। बारिश के मौसम में हाथियों द्वारा आशियाना उजाड़े जाने से वनवासियों की परेशानी बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि हाथियों ने इन चार घरों में से दो घरों को दूसरी बार ढहाया है। मंजूरतराई में ढहाये गए घरों के प्रभावित परिवारों ने कुछ दिन पूर्व ही किसी प्रकार उजड़े घरों को रहने लायक मरम्मत किया था। ऐसे में हाथियों ने दोबारा इन घरों को गिरा जिससे इन परिवारों की परेशानी बढ़ गई है। मैनपाट में मौजूदा समय में कोहरा जैसा मौसम है। जिसके कारण हाथियों की निगरानी करने में वन कमर्चारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वनकर्मी हाथियों के चिंघाड़ से आहट पाकर ग्रामीणों को सर्तक कर रहे हैं। फिलहाल मैनपाट और रायगढ़ सरहद पर लंबे समय से 14 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसमें से दो हाथी अलग हो गए हैं और एक हाथी भी दल से अलग होकर अकेला विचरण कर रहा है। दिन के समय बस्ती से लगे जंगलों में हाथियों का दल विचरण करते रहते है और रात के समय हाथी बस्ती की ओर रूख कर लेते हैं। ग्राम बरिमा, मंजूरतराई, बरड़ांड, कण्डराजा, बावा पहाड़ सहित अन्य बस्तियों में जंगली हाथी नुकसान पहुंचा रहे हैं। खेत में घुसकर हाथियों का दल पैरों से फसल को नष्ट कर रहा है। वहीं बड़ी फसल होने पर हाथी उन्हें अपना निवाला बना रहा हैं। बताया जा रहा है कि झुंड का एक हाथी पिछले कुछ समय से बीमार है, ग्रामीणों ने उसके लंगड़ाकर चलने की भी जानकारी दी। वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने हाथी के बीमार होने या नहीं होने की पुष्टि नहीं की है। विभाग के मैदानी अमले के द्वारा इस हाथी की निगरानी की जा रही है। रविवार को यह हाथी ग्राम मंजूरतराई के नीचे विचरण कर रहा था। चलते समय हाथी दाहिने ओर पीछे के तरफ के एक पैर को बार-बार उठा रहा है। जिससे उसके पैर में चोट लगने की भी आशंका जताई जा रही है। मैदानी अमले के द्वारा बीमार हाथी के स्वास्थ्य पर भी नजर रखी जा रही है। हाथी के बीमार होने की पुष्टि होगी तो विभाग के उच्चाधिकारियों का कहना है कि ट्रेंकुलाइज कर उपचार का प्रबंध कराया जाएगा। बीमार हाथी के इलाज का इंतजार करने के बजाय वन अमले को ग्रामीणों की जान-माल की सुरक्षा पर ठोस निर्णय जल्द लेना पड़ेगा, ताकि लोगों को बचाया जा सके और वो अपने आशियाने में सुरक्षित रखा जा सके।



डॉ. संजय शुक्ला

विरासत और विकास के दोराहे पर आदिवासी

अलबत्ता जनजातीय इलाकों में नक्सली, अलगाववादी और चरमपंथी हिंसा आदिवासियों के सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत के संवर्धन में सबसे बड़े बाधक बने हुए हैं। बस्तर सहित हिंसा प्रभावित राज्यों के आदिवासी नक्सलियों, चरमपंथियों और सुरक्षा बलों के दो पाटों के बीच पिस रहे हैं फलस्वरूप अब बीहड़ आदिवासी अंचलों में न तो मांदर की थाप सुनाई देती है और न ही लोकगीतों की तान सुनाई पड़ती है बल्कि इसके जगह माओवादियों और सुरक्षा बलों के गोलियों की तड़तड़ाहट और बमों की धमाके सुनाई पड़ते हैं। दुखदायी है कि जंगलों में साल और महुआ की मादक गंध की जगह बारूद और मानव शरीर के मांस के लोथड़ों की तीखी गंध वातावरण को दहशतज़दा करती है। इन विकट परिस्थितियों में आखिर आदिवासियों की स्वच्छंदता और निश्चछलता कैसे कायम रह सकेगी? परिणाम यह कि इस दहशत के कारण जंगलों के अंदरूनी हिस्से में अब यदा-कदा ही आदिवासी नाच और गा पा रहे हैं। इसके अलावा महंगाई ने भी आदिवासी लोककला और लोकनृत्यों का कमर तोड़ दिया है। आलम यह है कि अब आदिवासी नृत्य और कला देश और प्रदेश के राजधानियों और शहरों में होने वाले सरकारी परेड और सियासी रैलियों या कार्यक्रमों में महज सजावटी और दिखावटी आयोजन तक ही सीमित हो चुके हैं। समाजशास्त्रियों के मुताबिक जो जनजातीय नाचती- गाती नहीं है उनकी संस्कृति बहुत जल्द मर जाती है।

हर साल 9 अगस्त को दुनिया भर में विश्व आदिवासी दिवस पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ और झारखंड जैसे राज्य में आदिवासी समाज एक बहुत बड़ा वोट बैंक है जो इन राज्यों के राजनीति और चुनाव में काफी दखल रखती है। लिहाजा इन राज्यों में इस दिवस पर सरकारी और राजनीतिक स्तर पर अनेक आयोजन होते हैं।आज आदिवासियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती उनकी सदियों पुरानी विरासत को सहेज कर विकास के सपनों को साकार करना है। दरअसल आदिवासी विकास के विरोधी नहीं हैं बल्कि वे ऐसा विकास चाहते हैं जिसमें उनकी सदियों पुरानी साझा विरासत जल, जंगल, जमीन और लोक-संस्कृति और परंपरा का अस्तित्व सुरक्षित रहे। विडंबना है कि सरकार के विकास के परिभाषा में इनका कोई मोल नहीं है लिहाजा सरकार और आदिवासियों का टकराव यहीं से शुरू होता है। दरअसल देश का जनजातीय अथवा आदिवासी समाज एक ऐसा समुदाय है जिसकी पहचान उसकी सदियों पुरानी लोक संस्कृति, कला, परंपरा, भाषा, शिल्प कला , धार्मिक प्रथाएं और रीति-रिवाज रही है और वह केवल प्रकृति का पूजक है।

पाषाण सभ्यता से लेकर आधुनिक सभ्यता ने भले ही विकास की अनेक करवटें लीं हो लेकिन आज आम आदिवासी आज भी अपने न्यूनतम जरूरतों के चलते दुर्गम जंगलों में ही गुजर - बसर करना पसंद करता है। विचारणीय है कि आदिवासियों की नयी पीढ़ी विकास के मुख्यधारा में जुड़ने के लिए शहरों का रुख कर रहा है लेकिन इस राह में भाषा, लोकसंगीत, नृत्य, परंपरा, रीति-रिवाज और शिल्प कला जैसा विरासत पीछे छूट रहा है जो चिंताजनक है। बिलाशक युवा ही किसी समाज और देश के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक बदलाव के सबसे बड़े ध्वजवाहक होते हैं लेकिन इस बदलाव में आदिवासी युवाओं को अपने विरासत और विकास के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। आधुनिक विकास की आंधी आदिवासी संस्कृति, विरासत और परम्पराओं को तहस-नहस करने के लिए आमादा है। गौरतलब है कि आदिवासियों के सामाजिक व धार्मिक रीति- रिवाजों में प्रकृति की महत्वपूर्ण भूमिका है ऐसे में आदिवासी जंगलों और पहाड़ों के प्रति हो रहे निर्ममता से उद्वेलित हैं। बिलाशक आदिवासियों को विकास की मुख्य धारा में शामिल करने और उनके सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए वनांचलो में

अधोसंरचना विकास और उद्योग - धंधों की आवश्यकता है लेकिन उनकी सभ्यता और संस्कृति को दांव पर लगा कर किसी भी प्रकार का विकास दुखदायी ही होगा। अलबत्ता सत्ता प्रतिष्ठानों को विकास की ऐसी रुपरेखा तय करनी होगी जिसमें आदिवासियों का प्रकृति के साथ तादात्म्य कायम रहे आखिरकार उनका रोजगार और उत्सव इससे जुड़ा है।आदिवासियों की सदियों पुरानी विरासत उनकी नृत्य परंपरा है जो अब क्षरण के दौर से गुजर रहा है। गौरतलब है कि आदिवासी नृत्य और संगीत के बेहद शौकीन होते हैं उनके नृत्यों को सामाजिक और धार्मिक दो भागों में बांट सकते हैं। जनजातीय समुदाय धार्मिक नृत्यों को देवता से आशीर्वाद प्राप्त करने तथा बीमारी और महामारी जैसी आपदा से बचाव के लिए करते हैं। धार्मिक नृत्यों में प्रमुख तौर पर सुआ,दशेरा, दोहा और सुमरन है। सामाजिक आयोजनों में होने वाले नृत्य करमा,चेरिया, सुआ, रीना, सैला, बिलमा, सुरहुल, डंडरिया, दलख?ई, जदुर, धूर्मा, रेंगमा, गोमचो और तापड़ी लोकप्रिय हैं। विडंबना है कि आदिवासी अंचलों में शहरी अपसंस्कृति के प्रसार और नयी पीढ़ी की अपने संस्कृति और कला से दुराव के चलते आदिवासी नृत्य धीरे- धीरे खत्म होने के कगार पर है। छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल सरकार ने जनजातीय लोकनृत्य परंपरा को संरक्षित, संवर्धित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजधानी रायपुर में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के आयोजन का बीड़ा उठाया है जिसका उत्साह जनक प्रतिसाद मिल रहा है। इस महोत्सव में झारखंड सहित विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ ही विदेशों के जनजातीय कलाकारों द्वारा हिस्सा लिया जाता है निश्चित तौर पर ऐसे आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर भी आयोजित करने की आवश्यकता है ताकि आदिवासियों की नयी पीढ़ी अपने जड़ों से जुदा न हों।

आदिवासियों की वैश्विक पहचान उनका चित्रकला, लौह, काष्ठ और मृदा शिल्प कला है। देश और दुनिया भर के पांच सितारा होटलों और अभिजात्य वर्गों के विशाल बंगलों की शोभा को आदिवासी शिल्प चार चांद लगाते हैं नयी पीढ़ी अपने परंपरागत इस कला के प्रति बेरुखी दिखाने लगा है जबकि वे इसमें नवाचार अपना कर खुद रोजगार प्रदाता बन सकते हैं। वर्तमान में इन शिल्पों के कारीगर बिचौलियों के हाथों आर्थिक शोषण का शिकार हैं। कच्चे माल और अन्य लागत में बढ़ोतरी तथा कम मुनाफा अथवा नुकसान के चलते इस कला के शिल्पी अब इस परंपरागत व्यवसाय से विमुख हो रहे हैं जो चिंताजनक है।

अलबत्ता जनजातीय इलाकों में नक्सली, अलगाववादी और चरमपंथी हिंसा आदिवासियों के सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत के संवर्धन में सबसे बड़े बाधक बने हुए हैं। बस्तर सहित हिंसा प्रभावित राज्यों के आदिवासी नक्सलियों, चरमपंथियों और सुरक्षा बलों के दो पाटों के बीच पिस रहे हैं फलस्वरूप अब बीहड़ आदिवासी अंचलों में न तो मांदर की थाप सुनाई देती है और न ही लोकगीतों की तान सुनाई पड़ती है बल्कि इसके जगह माओवादियों और सुरक्षा बलों के गोलियों की तड़तड़ाहट और बमों की धमाके सुनाई पड़ते हैं। दुखदायी है कि जंगलों में साल और महुआ की मादक गंध की जगह बारूद और मानव शरीर के मांस के लोथड़ों की तीखी गंध वातावरण को दहशतज़दा करती है।

इन विकट परिस्थितियों में आखिर आदिवासियों की स्वच्छंदता और निश्चछलता कैसे कायम रह सकेगी? परिणाम यह कि इस दहशत के कारण जंगलों के अंदरूनी हिस्से में अब यदा-कदा ही आदिवासी नाच और गा पा रहे हैं। इसके अलावा महंगाई ने भी आदिवासी लोककला और लोकनृत्यों का कमर तोड़ दिया है। आलम यह है कि अब आदिवासी नृत्य और कला देश और प्रदेश के राजधानियों और शहरों में होने वाले सरकारी परेड और सियासी रैलियों या कार्यक्रमों में महज सजावटी और दिखावटी आयोजन तक ही सीमित हो चुके हैं। समाजशास्त्रियों के मुताबिक जो जनजातीय नाचती- गाती नहीं है उनकी संस्कृति बहुत जल्द मर जाती है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आदिवासी विरासत हमें प्रकृति संरक्षण, जैव विविधता और विपरीत परिस्थितियों में जीने की सीख देती है लिहाजा आदिवासी क्षेत्रों के विकास योजनाओं में उनके सदियों पुरानी विरासत को विमर्श में लाना ही होगा तभी समावेशी विकास का सपना साकार हो सकेगा।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

धुआं धुआं सा है जहां सुकूं बता

धुआं धुआं सा है जहां सुकूं बता तू है कहा हूं मुद्दातो से ढूंढती जिसे वो मंजिले है बता कहा हर राह धुंधली लग रही न आस कोई जग रही हर तरफ धुआं चले ए सुकूं कहा तेरा पता।

प्रिया मिश्र वेंणी

यारों दोस्ती बड़ी ही हसीन है ये ना हो

यारों दोस्ती बड़ी ही हसीन है ये ना हो तो क्या फिर बोलो तो ये ज़िंदगी है कोई तो हो राज़दार बेगरज तेरा हो यार.. तेरी हर एक, बुराई पे डांटे वो दोस्त गम की हो धूप, तो साया बने तेरा वो दोस्त नाचे भी वो तेरी खुशी में यारों दोस्ती बड़ी ही हसीन है।

अमरजीत सिंह छाबड़ा

खास पाती | उफ्फ ओ उसकी ही ये आवारगी

उफ्फ ओ उसकी ही ये आवारगी और फिर शिकायत कोई अपनाता नहीं अब कौन उसे समझाये पहले वो अपनी आदतों से बाज आये जब तक नहीं होगा स्थिर मन कैसे होगा स्थिर जीवन और फिर एक अस्थिर जीवन में नहीं बनाता कोई आशियाना क्या समझा तू दीवाना! **सीमा राय द्विवेदी**

दिन ही अस्मत लुट रही मणिपुर



दिन ही अस्मत लुट रही मणिपुर के बाजार। राजा जी अंधे बने,तनिको नही विचार।। देख दशा व्याकुल जिया नारी का यह हाल। है धिक्कार समाज पर लगती गहरी चाल।। पशुओं की इक भीड़ ज्यों, पुरुषों का सामाज। लाज बचाने कृष्ण तब,कोई नही पर आज।। नंग किया है तन वही,खुद जिस से आबाद। पुरुषों के दरबार मे,नार करे फरियाद।। आए दिन महिलाओं पर दिखते नए बवाल। बेटी बच कैसे पढ़े,उठता नही सवाल।। **रानी इन्दु**

अल्हड़ सी जिन्दगी थी अपनी, फुर्सतिए

अल्हड़ सी जिन्दगी थी अपनी, फुर्सतिऐ से वो पल महरवां, ख्वावो का आसमां सुहाना, झूमता सा वो जहां-मैखाना, उम्र दर उम्र गुजरता सा वक्त होता गया हर वर्ष तस्वीर सा सक्त अनगिनत कहानीयां कितनी, दोस्तो के वो दल बदलना, सपनों सी रवानियां औ उम्मीदें, महफिलों का वो शमा बसंती, उम्र दर उम्र गुजरता सा वक्त होता गया हर वर्ष तस्वीर सा सक्त उमंग-जिन्दादिली का समर्थन, व्याधी- मर्ज से था वो किनारा, हसना- हसाना, वेपरवाह दीवाना, शहर-शहर लांघना वो हंस सी उड़ान भरना, उम्र दर उम्र गुजरता सा वक्त होता गया हर वर्ष तस्वीर सा सक्त। **रेनूमनोज श्रीवास्तव**

आज़ादी को आजादी का आज

आज़ादी को आजादी का आज अमूल्य उपहार दिया। सावन मास का आपने माँ भारती को सिंजार दिया। स्वर्ण अक्षरों से आज दिवस इतिहास के पन्नो पे वार दिया। दुश्मन के सब मंसूबो को तुमने कर तार तार दिया। जय हिंद ,जय भारती का हमको जय जयगान दिया।। शुभकामनाओं सहित। **सविता वर्मा ग़ज़ल**

यहां ज़ख्म मिले बहुत डाक्टर

यहां ज़ख्म मिले बहुत डाक्टर मिलता कहां हैं, दवाखाने हैं बहुत पर मरहम मिलता कहां हैं। मैंने तो तुम्हें अपना बनाना चाहा था जाने जां, गर आशिक गरीब हो तो प्यार मिलता कहां हैं। **संजय सिंह राजपूत**

पेड़ों में लगते थे तो लगते हरे थे ज़मीं

पेड़ों में लगते थे तो लगते हरे थे ज़मीं पर आते ही झूठ हो गए जिनके 'झूठ' खूबसूरत थे महफिलों को तलाशते थे भीड़ जूटाते ही महफूज़ हो गए जो सच तन्हा थे ज़िन्दगी तलाशते थे वो भी बाज़ारों में शामिल 'एक' झूठ हो गए ना मांगे मिला कोई ग़म जो बिक रहीं किस्मत झूठ के दुकान में। **जय बरूआ**

कोई भी जरूरी बात अगर आप

कोई भी जरूरी बात अगर आप अपने पति से कहना चाहती है। तो उसे आसान और साफ भाषाशैली में कह दे। उनके लिए आप संकेतो में बात ना करें। जिन्हें आपके पति समझ ही ना पाए। अपनी भावनाओं को ईमानदारी से बयां करें। अगर वह आपसे कुछ पूछते हैं, आपको क्या हुआ है? तो कुछ नहीं कह कर सब कुछ समझ लेने की उनसे उम्मीद ना करें। अगर आप हर बात गोल-गोल घूमाकर कहेंगे। तो यह बात आप दोनों के रिश्ते को जटिल ही बनाएगा।

गौरी पटले

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। दुनिया के सात अजूबों में से एक इटली के पीसा की झुकी हुई मीनार का निर्माण 1173 में शुरू हुआ। पोप जॉन 22वें ने 1329 में भारत के क्यूलोन में पहले कैथोलिक धर्मप्रदेश की स्थापना की। वेटिकन का सिस्टिन चैपल 1483 में प्रार्थना के लिए खुला। अमेरिका में 1831 में पहली बार स्टीम इंजन ट्रेन चली। वेबस्टर एशबर्टन संधि के तहत अमेरिका और कनाडा की सीमा 1842 में निर्धारित की गई। थॉमस अल्वा एडिसन ने 1892 में टू-वे टेलिग्राफ का पेटेंट कराया। अल्वा फिशर ने 1910 में बिजली से चलने वाली वाशिंग मशीन का पेटेंट हासिल किया। प्रसिद्ध काकोरी काण्ड की घटना 1925 में घटित हुई थी। मुंबई में 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन के साथ 'करो या मरो' का नारा देने के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी 50 समर्थकों के साथ गिरफ्तार किए गए। स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 1942 में मलाया (अब मलेशिया) में जापान की मदद से इंडियन नेशनल आर्मी की स्थापना की।

गायब नहीं, दोजख की भट्टी में झोंक दी जाती हैं लड़कियां

योगेश कुमार सोनी

हाल ही में संसद में महिलाओं और बच्चियों के गायब होने का आंकड़ा पेश किया गया। वह काफी चौंकाने वाला है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के इस आंकड़े के अनुसार देश में 2019 और 2021 के बीच 18 साल से अधिक उम्र की 1061648 महिलाएं और उससे कम उम्र की 251430 लड़कियां लापता हो गईं। इस अवधि में गायब होने वाली कुल महिलाओं और लड़कियों का आंकड़ा 13.13 लाख से अधिक है। सबसे अधिक लगभग दो लाख महिलाएं और लड़कियां मध्य प्रदेश से गायब हुईं। पश्चिम बंगाल लगभग 192000 के आंकड़े के साथ दूसरे नंबर पर है। वर्गीकरण किया जाए तो मध्य प्रदेश से 2019 और 2021 के बीच 160180 महिलाएं और 38234 लड़कियां और पश्चिम बंगाल से कुल 156905 महिलाएं और 36606 लड़कियां लापता हुईं। महाराष्ट्र में इस अवधि में 178400 महिलाएं और 13033 लड़कियां लापता हुई हैं। ओडिशा से 70222 महिलाएं और 16649 लड़कियां, छत्तीसगढ़ से 49116 महिलाएं और 10817 लड़कियां गायब हुईं। केंद्रशासित प्रदेशों की बात करें तो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की स्थिति काफी खराब है। केंद्रशासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा लड़कियों और महिलाओं के लापता होने की संख्या दिल्ली में दर्ज की गई है। सरकार की नाक के नीचे दिल्ली में भी बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां गायब हो रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2019 और 2021 के बीच 61054 महिलाएं और 22919 लड़कियां गायब हुईं। इसी अवधि में केंद्रशासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से 8617 महिलाएं और 1148 लड़कियां लापता हो गईं। महिला सुरक्षा और बेटी बचाने के नारों के बीच यह स्थिति चिंताजनक है।

इनको न तो जमीन निगलती है न ही आसमान खा जाता है। हम इसे ऊपरी तौर पर समझने में बिल्कुल भी सक्षम नहीं हो पाएंगे। सच यह है कि देश के कुछ राज्यों से लड़कियों को वेश्यावृति के लिए महानगरों और अन्य दूसरे राज्यों के लिए लाया जाता है। इनमें पश्चिम बंगाल, असम और मध्य प्रदेश के अलावा भी दो-तीन राज्य और हैं। कहानी यह है कि दलाल घरवालों से लड़कियों का काम दिलवाने के नाम पर ले जाते हैं और उन्हें जिंदा गोश्त की मंडी में बेंच देते हैं। आंकड़ों की बात करें तो वेश्यावृत्ति के आरोप में पकड़े जाने वाली अधिकतर लड़कियां बंगाल की मिलती हैं। यह कारोबार अरबों रुपये का है। गरीब, लाचार व मजबूर परिवारों पर दलालों की निगाहें बनी रहती है। जिस घर में कोई कमाने वाला न हो उनको पैसों का लालच दिया जाता है। पिछले दिनों दिल्ली में सेक्स रैकेट में पकड़ी जाने वाली जितनी महिलाएं थीं उन सभी के पति शराबी थे। एक महिला ने खुलासा किया कि उसका पति पूरे दिन शराब पीता है। कोई काम नहीं करता और घर खर्च के नाम पर एक रुपया भी नहीं देता तो ऐसे में वह क्या करे। महिला ने यह भी बताया कि वह पढ़ी-लिखी नहीं है तो उसे कोई काम भी नहीं मिलता। इसके अलावा जो आंकड़े हैं उनमें तमाम लड़कियां लव-जिहाद की शिकार बनीं। वह घर से बिना बताए चली गईं। इस मामले में पहले तो घरवाले गुमशुदगी की एफआईआर करा देते हैं लेकिन कुछ दिनों बाद उनको शादी से संबंधित दस्तावेज कूरियर कर दिया जाता है। अब तीसरे एंगल पर बात करें तो देश के दबंग, गरीबों को अधिक ब्याज पर पैसा देते हैं। जब वह लोग पैसा चुका नहीं पाते तो उनकी घर की बहन-बेटियों को उठा लेते हैं। देश के कई राज्यों में यह दस्तूर है। यह आंकड़े सरकारों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हैं। यदि कोई मकान मालिक अपने किराएदार की वेरिफिकेशन न कराए और दोनों के बीच कोई घटना घट जाए तो पुलिस मकान मालिक को इतना परेशान कर देती है जैसे उसने कोई बहुत बड़ा गुनाह कर दिया हो लेकिन हर कोने में सोनागाछी हैं, वहां कोई सत्यापन नहीं होता। देश में मंदी, बेरोजगारी या किसी भी आपदा से मनुष्य लड़ सकता है लेकिन किसी के गायब होने का दर्द कोई भी नहीं झेल पाता। महिलाओं की सुरक्षा के लिए अलग हेल्पलाइन नंबर व ऐप है फिर भी स्थिति में कोई बदलाव होता नहीं दिख रहा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

QUIZ TIME

1) कौन-सा राज्य दवा प्रबन्धन प्रणाली के माध्यम से दवाओं की ऑनलाइन निगरानी शुरू किया?

2) जीवन बीमा क्षेत्र में प्रवेश करने वाला देश का पहला वाणिज्यक बैंक कौन-सा था?

3) विश्व के शीत मरूस्थल को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

4) किस समुद्री क्षेत्र को विश्व का सबसे बड़ा समुद्र संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया?

5) गुम्माडी विट्ठल राव को किस नाम से जाना जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) केरल (2) भारतीय स्टेट बैंक (3) ट्रेंस (4) रोस सागर (अंटार्कटिका) (5) गद्दर

एक नजर

झामुमों नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा के नेतृत्व में मनाया गया स्व. निर्मल महतो का 36 वां शहादत दिवस



नवप्रदेश, झुमरीतिलैया। झारखंड मुक्ति मोर्चा नगर कार्यालय ब्लॉक रोड स्थित नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा के नेतृत्व में शहीद निर्मल महतो का 36 वां शहादत दिवस मनाया गया इस अवसर पर कोडरमा जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो महिला मोर्चा कोडरमा जिलाअध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य निर्मला तिवारी जिला सचिव संयुक्त रूप से चित्र पर माला पहनाकर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए वही झामुमों नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष कामेस्वर महतो एवं जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा निर्मला तिवारी एवं मंजू देवी ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि स्व. निर्मल महतो एक आंदोलनकारी नेता थे जिन्होंने उन को जो झारखंड राज्य को लूटने का काम कर रहे थे उन गद्दारों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम किए थे। आज उनका देन है के झारखंड ही नहीं पूरे भारत में आज उनका शहादत दिवस पर सभी उनके चित्र पर माल्यार्पण कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं श्रद्धांजलि सभा में अर्जुन ठाकुर बलराम विश्वकर्मा पंकज मोदी सरोज कुमार रेखा विश्वकर्मा महेश वर्मा बबलू विश्वकर्मा नईम अंसारी मुख्तार अंसारी पूजा देवी इत्यादि सभी ने उनके चित्र पर माला पहना कर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए।

क्षेत्र की बिजली, पानी व रोजगार उपलब्ध करवाना ही हमारी पहली प्राथमिकताः गौतम

बरकट्ठा। विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार व बेलकप्पी पंचायत के मुखिया ललिता देवी ने संयुक्त रूप से भण्डासिंघा में 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर नारियल व फीता काटकर किया। गौतम कुमार ने कहा कि एक माह से यहाँ के ग्रामीण अंधेरे में जीवन व्यतीत कर रहे थे। बच्चे की पढ़ाई लिखाई व धनरोपनी में बिजली अभाव के कारण क्षेत्र के लोग व्याकुल थे। बिजली विभाग के जिला आपुर्ति पदाधिकारी व इंजीनयर साहब की पहल पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया गया। गौतम कुमार कहा कि इससे पहले चलकुशा प्रखंड के रूपनागर व जमशोती में भी ट्रांसफार्मर लगवाया गया। अब कुछ दिनों में नईटांड़, सलैया, व बुच्चई में भी ट्रांसफार्मर लग जायेगा। इसके लिए वरीय पदाधिकारी के बीच वार्ता हो चुकी है। हमारी पहली प्राथमिकता क्षेत्र की जनता के साथ सुख दुःख के साथी बनकर क्षेत्र की विकास में सहयोग करना है। मुखिया ललिता देवी ने कही की हम क्षेत्र की समस्या का निदान के लिए हमेशा तत्पर रहते। बिजली की समस्या अपने पंचायत के साथ साथ प्रखंड में भी दुरुस्त करूंगा। क्षेत्र में सुखाड़ के लिए भी सरकार से मिलकर जल्द पहल किया जाएगा। उद्घाटन के दौरान सहयोगी में समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय, संजय साव, दिनेश कुमार दास, गणेश कुमार नायक, नंदू राणाअनिल सिंह बलि सिंह, रंजीत यादव, सिट्टू सिंह, अर्जुन साव, दलीप साव, दिनेश जी, इत्यादि दर्जनों ग्रामीण व समाजसेवी मौजूद थे।

आजसू पार्टी के संस्थापक व झारखण्ड आन्दोलन के अग्रणी नायक शहीद निर्मल महतो के सहादत पर विनम्र श्रद्धांजलि

मेदिनीनगर पलामू। आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार के आवासीय कार्यालय नई मुहल्ला मेदनीनगर में सहादत दिवस मनाया गया। सबसे पहले शहीद निर्मल महतो के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर श्रध्दांजलि अर्पित की गई। व एक मिनट का मौन धारण कर शोक प्रकट किया गया। पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि आज निर्मल दा हमारे बीच नहीं हैं। मगर उनकी कुबार्नी मुझे झारखण्डी कहलाने का गर्व महसूस कराता है। 8 अगस्त 1987 को जमशेदपुर के चमडीया गेस्टहाउस मे निर्मम हत्या की गई थी। हत्या का कारण और हत्यारों का पहचान अनसुलझी पहेली बन कर रह गई है। झारखण्डी आन्दोलन में नौजवान छात्रों का नायक की हत्या व साथ-साथ बर्तमान सत्ताधारी पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष की सरेआम हत्या पर से पर्दा नहीं उठना कई षडयंत्र कि बु आती है। बिकेश शुक्ला केन्द्रीय सचिव ने कहा कि राज्य के निर्माण में अगली कतार में खड़े युवा वर्ग का आईकान शहिद निर्मल महतो के दिखाये रास्ते पर चल कर झारखण्ड नवनिर्माण का अलख जला सकते हैं। बबलू गुप्ता केन्द्रीय सचिव ने कहा कि हमारे संस्थापक शहीद निर्मल महतो ने झारखंड आंदोलन के दिशा और दशा को बेहतर भूमिका निभा कर राज्य निर्माण का निव मजबूत किया था। अगली लडाई राज्य नव निर्माण का संघर्ष तेज करना है। शिव शंकर प्रसाद केन्द्रीय उपाध्यक्ष बुद्धिजीवी मंच ने कहा कि झारखण्ड आन्दोलन के लडाई को धार देकर नव जवान को लडाई में झोंक कर झारखण्ड राज्य हासिल किया। जिला उपाध्यक्ष तुलसी शुक्ला ने बताया कि झारखंड के उलियान मे 25 दिसंबर 1950 मे जन्मे निर्मल महतो ने काफी कम समय में 88 बर्ष के झारखण्ड आन्दोलनकारियो के बिच लहर पैदा कर दिया था। प्रेम कान्त तिवारी संजु सिंह जिला उपाध्यक्ष बिशाल दुबे बिकास कुमार आनन्द कुमार व अखिल झारखण्ड अधिवक्ता मंच के संयोजक नरेन्द्र पाण्डेय शामिल थे।

आधार में गड़बड़ी व निर्धारित शुल्क से ज्यादा वसूली कर रहे आधार ऑपरेटरों के विरुद्ध कार्रवाई

मेदिनीनगर पलामू। तीन आधार ऑपरेटरों को काली सूची में डालने को लेकर विभाग से किया गया पत्राचार जिले में आधार में गड़बड़ी व निर्धारित शुल्क से ज्यादा वसूली एवं आधार में अन्य तरह की गड़बड़ी कर रहे आधार ऑपरेटरों के विरुद्ध कार्रवाई करने की कवायद प्रारंभ कर दी गयी है.इसी कड़ी में जिले में कुल 3 आधार ऑपरेटरों को काली सूची में डालने हेतु विभाग को चिट्ठी लिखा गया है। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने यूआईडी के डीपीओ उदय प्रताप सिंह को आधार में गड़बड़ी कर रहे ऑपरेटरों के विरुद्ध लगातार औचक निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया.उप विकास आयुक्त आनंद ने जिले में कार्य कर रहे। सभी आधार ऑपरेटर से यूआईडीएआई द्वारा तय मानकों के अनुरूप ही कार्य करने की अपील की। इन आधार ऑपरेटरों के विरुद्ध हुई कार्रवाई आधार में गड़बड़ी कर रहे कुल तीन ऑपरेटर के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इनमें उंटारी रोड के लहरबंजारी पंचायत के लिए नामित जैश कुमार मेहता व नौडीहाबाजार के शाहपुर पंचायत के लिए नामित समोज कुमार शामिल है.ये पंचायत भवन में आधार का कार्य न करके अपने निजी दुकान में आधार का काम करते थे। व मनमाना रकम की वसूली करते थे। वहीं एक अन्य पाटन के कसवाखांड़ पंचायत के लिए नामित ऑपरेटर हुसैन अंसारी को भी काली सूची में डालने हेतु विभाग को लिखा गया है इनके विरुद्ध विभाग को शिकायत प्राप्त हुई थी जिसके पश्चात डीपीओ के जांच में शिकायत को सही पाया गया। ज्ञातव्य है कि यूआईडीएआई की ओर से गड़बड़ी कर रहे ऑपरेटरों के विरुद्ध चिन्हित करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश है।

बरीय अधिवक्ता शिव कुमार तिवारी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन

मेदिनीनगर, पलामू। जिला व्यवहार न्यायालय में मंगलवार को प्रभारी प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार की अध्यक्षता में बरीय अधिवक्ता शिव कुमार तिवारी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया।इस मौके पर मृत आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर प्रभारी प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार ने कहा कि शिव कुमार तिवारी सरल स्वभाव के धनी व्यक्ति थे।वे सिविल मामले के अच्छे जानकार थे। बिदित हो कि शिव कुमार तिवारी का निधन चार अगस्त की रात्रि में हो गया था। वे मूल रूप से रजवाडीह गांव के निवासी थे। वे अधिवक्ता पेशा से अवकाश प्राप्त थे।इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने भी उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला व उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से बताया। मौके सभी न्यायाधीश के अलावे सुबोध कुमार सिन्हा, बरुन कुमार सिंह, महेंद्र तिवारी, गिरिजा प्रसाद सिंह, राजेंद्र तिवारी, बैकुंठ दुबे, कृष्णनंदन प्रसाद शशि भूषण दुबे, ब्रज किशोर पांडेय, अजय कुमार पांडेय, नरेंद्र कुमार पांडेय 2 मधुलता रानी, जय किशोर पाठक, एल एडीसी के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, सुधीर कुमार पाठक, राकेश कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

मेदिनीनगर पलामू। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के दिव्यांग आकाश कुमार रवि ने उपायुक्त से ईलाज हेतु आर्थिक सहयोग करने की गुहार लगाया, जिस पर उपायुक्त ने अपने निजी स्तर से एक हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र के शांति देवी, काली देवी, सबिता तेतरी देवी, शकुंतला देवी, जौतरी देवी, रमणी देवी सहित कई महिलाओं ने उपायुक्त से अम्बेडकर आवास देने की गुहार लगाई। इसी तरह पाटन थाना क्षेत्र के बबलू भुइँया ने उपायुक्त को बताया कि मैं कैंसर जैसे गंभीर रोग से पीड़ित हूँ, जिसका इलाज करवा पाने में असमर्थ हूँ। इसी तरह ग्राम पंचायत गुरुद्वार उर्दवार मंजुराहा के ग्रामीणों ने उपायुक्त से अपने ग्राम पंचायत उर्दवार मंजूराहा के प्रत्येक गांव में 14वीं एवं 15वीं वित्त आयोग से होने वाले विकास कार्यों को बिना कार्य किए ही राशि के निकासी कर लेने की शिकायत किया। इसी तरह पिपराटांड थाना क्षेत्र के मसो सतुला बीबी ने उपायुक्त से विधवा पेंशन की राशि पुनः बहाल करने की गुहार लगाई। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र के पनपाती देवी ने उपायुक्त से विधवा पेंशन देने की मांग की। के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

हरही जलाशय के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहर की लाइनिंग कार्य की मिली स्वीकृति

पलामू हुसैनाबाद-हरिहरगंज। के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। हुसैनाबाद की महत्वाकांक्षी हरही वीयर योजना के पुनरुद्धार कार्य को स्वीकृत कराकर एक दर्जन गांव के किसानों को सिंचाई का मुकम्मल इंतजाम कराने का काम किया है। मंगलवार को यह खबर मिलते ही संबंधित क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है। इस योजना पर 22 करोड़ 36 लाख 78 हजार रुपए खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, मेदिनीनगर प्रक्षेत्राधीन पलामू जिलान्तर्गत हुसैनाबाद प्रखंड में निर्मित हरही वीयर योजना के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहर की लाईनिंग कार्य हेतु 2236.78 लाख रुपए के प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। हरही वीयर योजना के दायीं तरफ से एकमात्र मुख्य नहर निकलती है, जिसकी कुल लम्बाई 7.590 किमी है। उन्होंने बताया कि इस योजना का रूपांकित सिंचाई क्षमता 800 हेक्टेयर है। इस योजना के जीर्णोद्धार से रपुरा, गारहेगोरया, चउवाचट्टान, गम्हरबिगहा, कुर्मिपुर, कमगारपुर, मुबारकपुर, टिकरी, उपरी होलया, लंगरकोट तथा विशुनपुर आदि गांव में सिंचाई सुविधा बहाल हो सकेगी।

फुलवरिया में कांग्रेस आज मनाएगा विश्व आदिवासी दिवस

नवप्रदेश, कोडरमा। जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ महिला प्रकोष्ठ जनरल कांग्रेस एनएसयूआई युवा कांग्रेस एवं कोडरमा जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष नगर अध्यक्ष को कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी जिलाध्यक्ष संतोष यादव प्रेस रिलीज जारी कर कहा की आज 9 अगस्त 2023 दिन बुधवार को को फुलवरिया ध्वजाधारी धाम पहाड़ के पीछे कोडरमा में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मनोज सहाय पिंकू एवं विशिष्ट अतिथि कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रथम जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा होंगे आप सभी कांग्रेसियों से निवेदन है कि कल सुबह 10:30 बजे समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावे। मौके पर गणेश प्रसाद स्वर्णकार कार्यकारिणी अध्यक्ष झारखंड विधि महाविद्यालय, अरविंद सेठ कोडरमा जिला कार्यकारिणी सदस्य के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण मौजूद थे।

जिला की जनता की पेयजल की समस्या गंभीर है: सांसद

नव प्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर पलामू। यहां तक की कोयल और अमानत नदी तक सूख जाती है। लोगों के घरों में गड़े चापाकल और बोरिंग का जलस्तर नीचे चले जाने से वे बेकार हो जाते हैं। लोगों को खरीद कर पानी पीना पड़ता है वह भी आसानी से और समय पर उपलब्ध नही हो पाता है। इस समस्या से पलामू वासियों को निजात दिलाने के लिए मैं वर्षो से प्रयासरत हूँ परंतु अपेक्षित सफलता अभी तक नही मिल पायी है। हलांकि पूरे मनोयोग के साथ इस दिशा में प्रयासरत हूँ। जिन योजनाओं को मूर्त रूप देने का प्रयास जारी है उनकी प्रगति से आपको अवगत कराना अपना कर्तव्य समझते हुए उसका विवरण आपसे साझा करना चाहता हूँ। मेदिनीनगर पेयजल आपूर्ति योजना इस योजना की कुल लागत 192.45 करोड़ रुपए की है। इस योजना का जल स्त्रोत कोयल नदी है। इस योजना की निविदा निकल चुका था परंतु टेंडर डालने वाली कम्पनियों ने बहुत ज्यादा राशि कर दी जिसके चलते विभाग इसे करने जा रहा है। यह योजना पूर्ववर्ती सरकार के ही समय स्वीकृत हो चुकी थी। पर्यावरण कम्पनी को कायार्देश मिला था परंतु यह कम्पनी कार्य नही कर सकी अतः दुबारा ज्मदकमत करना पड़ा, परंतु वर्तमान सरकार द्वारा विगत चार वर्षो से आजतक निविदा का निष्पादन नही किया जा सका है। उम्मीद है कि निविदा का निष्पादन एक महीने के भीतर हो जाएगा और अगले एक महीने में कायार्देश निर्गत हो जाएगा और कार्य प्रारम्भ हो जाएगा। उक्त योजना के निर्माण से 24711 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जाएगा। विश्रामपुर पेयजल आपूर्ति योजनाः- इसकी निविदा निकल चुकी है। इस योजना पर कुल लागत 123.39 करोड़ होगी एवं इसका जल श्रोत कोयल नदी होगी। उक्त योजना से 10271 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जाएगा। हरिहरगंज जलापूर्ति योजनाः-इसका ऊढफ बन रहा है। इस पर 92.57 करोड़ की लागत आएगी। इसका जलश्रोत बटाने डैम होगा। उक्त योजना से 5006 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जाएगा। छतरपुर जलापूर्ति योजना इसका बन रहा है। इस पर 126.49 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसका जलश्रोत सोन नदी है। उक्त योजना से 7825 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जाएगा। वंशीधर नगर जलापूर्ति योजना इस पर 92.57 करोड़ की लागत आएगी। इसका ऊढफ बन रहा है। इसका जलश्रोत सोन नदी है। उक्त योजना से 8549 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जाएगा। उपरोक्त पाचों योजनाओं को धरातल पर उतार दिया जाता है तब बहुत हद तक पलामू एवं गढ़वा जिला के निवासियों की समस्या दूर हो जाएगी। सौभाग्यवश गढ़वा जिला के माननीय विधायक मिथलेश ठाकुर जी ही पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री, झारखंड सरकार हैं। वैसी परिस्थिति में उनसे आग्रह है कि पलामू एवं गढ़वा जिला की जनता की पेयजल की समस्या दूर करायें। सरकार के पास ये योजनाएँ वर्षो से लम्बित है।

सी.बी.एस.ई सहोदया के पदाधिकारियों ने की उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक पलामू से शिष्टाचार मुलाकात

मेदिनीनगर पलामू। सी. बी. एस. ई. पी.जी.एल सहोदया पलामू के सदस्यों ने उपायुक्त शशी रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन से शिष्टाचार भेंट किया। पी.जी.एल सहोदया के अध्यक्ष एवं सिटी कोऑर्डिनेटर सी. बी. एस. इ. पलामू सह प्राचार्य एम. के. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर डॉक्टर जी.एन.खान के नेतृत्व में गए शिष्टमंडल ने पुष्पगुच्छ देकर नवागंतुक पदाधिकारियों का स्वागत किया। अधिकारियों से बातचीत करते हुए उपायुक्त महोदय ने बताया कि हम सितंबर महीने में बैठक कर पलामू में कैरियर काउंसलिंग क्लासेस शुरू करेंगे। यह काउंसलिंग बारहवीं कक्षा में शुरू करने का उन्होंने सुझाव दिया, जिससे बच्चे गलत करियर चुनकर अपना भविष्य न बिगाड़े। उपायुक्त महोदय ने सभी अधिकारियों से उनके विद्यालयों में गरीब बच्चों के प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी ली, तथा अधिकारियों से भी उनके कठिनाइयों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मैं बीच-बीच में शिक्षा की गुणवत्ता एवं आप लोगों की समस्याओं से अवगत होता रहूंगा। पुलिस अधीक्षक महोदय ने भी मुलाकात के दौरान अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए उचित मार्गदर्शन किया। शिष्टमंडल ने उपविकास आयुक्त रवि आनंद जी से भी मुलाकात किया तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन प्राप्त किया। पी.जी.एल सहोदया के अध्यक्ष सह सिटी कोआर्डिनेटर सी.बी.एस.ई पलामू गढ़वा सह प्राचार्य एम.के.डी.ए.वी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के नेतृत्व में पहुंचे। इस दल में अशलेश पांडे महासचिव सहोदया सह प्राचार्य रोटरी पब्लिक स्कूल चैनपुर, पी. पी. गुप्ता उपाध्यक्ष महोदय प्राचार्य गुरु गोविंद सिंह पब्लिक राहुल सिंह सचिव आई.टी. सेल सह प्राचार्य ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल, बरुचि राकेश सचिव सहोदया पाठ्येतर क्रियाकलाप सह प्राचार्य एलिट पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर उपस्थित थे।

उपायुक्त से समस्याओं को लेकर मिले फुलवरिया के बिरहोर

कोडरमा। नगर पंचायत कोडरमा स्थित वार्ड नंबर एक स्थित फुलवरिया के बिरहोरों ने जनता दरबार में उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। बुधन बिरहोर ने कहा कि पूरा गांव अंधेरे में है, आठ साल पूर्व बिजली के पोल तो गाड़ दिए गये मगर आज तक बिजली का कनेक्शन नहीं हुआ। अंधेरे में सांप एवं जंगली जानवरों का खतरा मंडराता रहता है। मुनिया बिरहोरनी ने बताया की बरसात के दिनों में फुलवरिया बिरहोर कॉलोनी के अधिकतर घरों के छत से पानी टपकता है, जिस वजह से बैठकर रात बिताना पड़ता है। अरुण बिरहोर ने सालों से खराब जलमीनार की तरफ ध्यान आकृष्ट करवाते हुए स्वच्छ जल मुहैया करवाने की गुहार लगाई। प्रतिनिधिमंडल ने सड़क के लिए एनओसी एवं पूर्व में वन विभाग द्वारा पट्टा के तौर पर आवंटित जमीन का कब्जा दिलवाने की मांग को भी उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने कहा आवास, पूर्व में आवंटित जमीन पर कब्जा दिलवाने एवं पेयजल की समस्या के समाधान के लिए जिला कल्याण पदाधिकारी को भेजकर सत्यापन करवाती हूं, ताकि आवास, पेयजल एवं पूर्व में आवंटित जमीन पर आप लोग काबिज हो सकें।

अपने घर के सामने ब्रेकरों के निर्माण से लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार

मेदिनीनगर पलामू। सड़क परिवहन विभाग के नियमों के विपरीत पूरे पलामू जिला में अनावश्यक रूप से सड़कों पर अवैध ढंग से ब्रेकर का निर्माण स्थानीय लोग सड़क निर्माण के दौरान सड़क निर्माण कार्य में लगे लोगों को दबाव देकर बनवा दे रहे हैं। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर अगर हम शहर के ही बात करें तो कोई भी ऐसा सड़क या गली नहीं है जहां पर अवैध ढंग से ब्रेकर का निर्माण नहीं किया गया है। इस तरह के अवैध ब्रेकर के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है। जिसके कारण कुछ मौतें तो हुई ही है अन्य लोग घायल हुए हैं इन ब्रेकर ओपन जेब्रा का या कोई अन्य प्रतीक चिन्ह नहीं है जिसके कारण रात के अंधेरे में ब्रेकर का पता नहीं चल पाता है। और वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाता है। ऐसी बात नहीं है कि अवैध रूप से निर्मित ब्रेकर की जानकारी सड़क निर्माण विभाग को नहीं है ऐसी बात नहीं है शासन-प्रशासन जनप्रतिनिधि सभी इन सड़कों से गुजरते हैं उन्हें भी इन ब्रेकरो के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद भी सभी आंखें मूंदे हुए हैं। लेकिन आम नागरिक इसका सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं। पलामू जिला के कई लोगों ने शासन प्रशासन को इस अवैध ब्रेकर को हटाने के लिए आवेदन दिया आग्रह किया लेकिन बरसो गुजर जाने के बावजूद भी अभी तक इन ब्रेकरो को नहीं हटाया गया यह ब्रेकर बराबर दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। पलामू वासियों की मांग है कि इन अवैध ब्रेकरो हटाया जाए। अगर हम मेदिनीनगर शहर के कुछ अवैध ब्रेकरो के निर्माण की बात का उदाहरण दे तो वेलवाटिका, पप्पूकल, टीओपी टू, कांदु मोहल्ला, नवाटोली, नई मुहल्ला व हमीदगंज समेत कई इलाकों में अवैध रूप से ब्रेकरो का निर्माण गलत ढंग से करा दिया गया है। इसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने पलामू जिला के वरीय पदाधिकारियों से की है। इसके बावजूद भी कार्रवाई नहीं की गई है, जो बहुत ही चिंताजनक बात है।

विधायक की ऐतिहासिक उपलब्धि एक दर्जन गांव के किसानों को सिंचाई की मिलेगी सुविधा

महत्वकांक्षी हरही बीयर योजना के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहर के लाईनिंग कार्य को मिली स्वीकृति

2236.78 लाख खर्च के प्राक्कलन को प्रशासनिक स्वीकृति मिली स्वीकृति

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने लगातार इतिहास रचने का काम किया है। हुसैनाबाद के आहार तालाबों पाइन का जीर्णोद्धार कर इस सुखाड़ की स्थिति में किसानों को बड़ी राहत देने का काम किया है। अब उन्होंने हुसैनाबाद की महत्वकांक्षी हरही बीयर योजना के पुर्णोद्धार कार्य को स्वीकृत कराकर एक दर्जन गांव के किसानों को सिंचाई का मुकम्मल इंतजाम कराने का काम किया है। यह खबर मिलते ही संबंधित क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है। इस योजना पर 22 करोड़ 36 लाख 78 हजार रुपए खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, मेदिनीनगर प्रक्षेत्राधीन पलामू जिलान्तर्गत हुसैनाबाद प्रखण्ड में निर्मित हरही बीयर योजना के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहर के लाईनिंग कार्य हेतु कुल रू० 2236.78 लाख रुपए के प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। हरही वीयर योजना के दायें तरफ से एकमात्र मुख्य नहर निकलती है जिसकी कुल लम्बाई 7.590 किमी है। उन्होंने बताया कि इस योजना का रूपांकित सिंचाई क्षमता 800 हेक्टेयर है। इस योजना के जीर्णोद्धार से रपुरा, गारहेगोरया, चउवाचट्टान, गम्हरबिगहा, कुर्मिपुर, कमगारपुर, मुबारकपुर, टिकरी, उपरी होलया, लंगरकोट तथा विशुनपुर आदि गाँवों में सिंचाई सुविधा बहाल हो सकेगी। वर्तमान समय में 710 मीटर तक ही नहर में पानी पहुँच पाता है। इसके किमी 0.00 से लेकर 0.710 किमी तक नहर का अधिकांश भाग कटिंग में है, जहाँ जंगल, झाड़ तथा गाद आदि भरा हुआ है। अधिकांश भाग समतल हो गया है। वर्तमान में नहर का अस्तित्व मात्र 7.500 किमी तक ही है। उक्त नहर को मोहम्मदगंज बराज के दायाँ मुख्य नहर को पार कर हुसैनाबाद स्थित सरकारी कृषि फॉर्म तक जाना था। परंतु मोहम्मदगंज बराज के दायाँ मुख्य नहर के उस पार के बाद हरही नहर अस्तित्व में नहीं है एवं उस क्षेत्र में सरकारी कार्यालय तथा आवासीय परिसर बन गया है।नहर का जीर्णोद्वार कार्य 7.500 किमी तक ही कराया जाएगा। इस योजना अन्तर्गत वीयर के बेड की सफाई,वीयर के सभी संरचनाओं के मरम्मति कार्य कराया जाएगा। वीयर से निःसृत एकमात्र मुख्य नहर के पीसीसी लाईनिंग के साथ-साथ नहर पर अवस्थित पुराने क्षतिग्रस्त विभिन्न संरचनाओं का मरम्मति एवं जीर्णोद्धार कार्य कराया जाएगा। सिंह ने कहा कि इस योजना के पूरा हो जाने से हुसैनाबाद प्रखंड के एक दर्जन गांव के किसानों को खेती के लिए पानी का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बटाने जलाशय योजना व काशी सोत डैम से निकलने वाली पाइन का विस्तार के साथ साथ पुरानी पाइन का जीर्णोद्धार भी जल्द कराने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले दिनों में हुसैनाबाद हरिहरगंज विकास की दौड़ में सबसे आगे होगा।

समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिले आदिम जनजाति बिरहोर

कोडरमा। नगर पंचायत कोडरमा स्थित वार्ड नंबर एक स्थित फुलवरिया के बिरहोर आदर्श फाउंडेशन की अगुवाई में जनता दरबार में उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया, वहीं मुलाकात के दौरान बुधन बिरहोर ने कहा उपयुक्त महोदय हमारे यहां पूरा का पूरा गांव वर्षों से अंधेरे में है, आठ साल पूर्व बिजली के पोल तो गाड़ दिए गये मगर आज तक बिजली का कनेक्शन नहीं हुआ जिसका नतीजा अंधेरे में सांप एवं जंगली जानवरों का खतरा मंडराता रहता है जबकि मुनिया बिरहोरनी ने बताया की बरसात के दिनों में फुलवरिया बिरहोर कॉलोनी के अधिकतर घरों के छत से पानी टपकता है जिस वजह से हम सपरिवार बैठकर रात बिताना पड़ता है, आगे अरुण बिरहोर ने पेजल इत्यादि समस्या को लेकर सालों से खराब जलमीनार की तरफ ध्यान आकृष्ट करवाते हुए स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने की गुहार लगाई। वहीं उपस्थित प्रतिनिधिमंडल ने सड़क के लिए एन.ओ.सी. एवं पूर्व में वन विभाग द्वारा पट्टा के तौर पर आवंटित जमीन का कब्जा दिलवाने की मांग को भी उपायुक्त के समक्ष रखा, उपायुक्त ने कहा आवास,पूर्व में आवंटित जमीन पर कब्जा दिलवाने एवं पेयजल की समस्या के समाधान हेतू जिला कल्याण पदाधिकारी को भेजकर सत्यापन करवाने की बात कही ताकि आवास, पेयजल एवं पूर्व में आवंटित जमीन पर आप लोग काबिज हो सकें। सड़क के एन.ओ.सी. एवं बिजली के बारे में वन विभाग से जानकारी लेकर समस्या का समाधान करने हेतु आश्वासन दी। मौके पर जनता दरबार में उपायुक्त से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में ममता बिरहोरनी, मुनिया बिरहो रनी, रेशमी बिरहोरनी, रीना बिरहोरनी, फूलवा बिरहोरनी, राधा बिरहोरनी, बुधन बिरहोर, मानिक बिरहोर, बजवा बिरहोर, अरुण बिरहोर, सिंकदर बिरहोर, बिजली बिरहोर, जगमोहन बिरहोर, मनोज रजवार, शंकर सिंह, निवर्तमान वार्ड पार्षद सचिन कुमार एवं आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी मौजूद थे।

पांकी विधायक शशिभूषण मेहता समेत चार बरी

मेदिनीनगर, पलामू। जिला ब्यवहार न्यायालय के एम पी एम एल ए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने मंगलवार को एक मामले में पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, राजकमल मेहता, इम्तेयाज अहमद नाजमी, व मो आजाद को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। उपरोक्त चारो पर आरोप था कि आठ अक्टूबर 2007 को बन भूमि पर अवैध पथर खनन कर परिवहन करने के पेशेवर अपराधी अमारीक भुईया को सहयोग करने वास्ते अन्य 30-40ब्यक्तियों के साथ मिलकर जब्त किए गए टैक्टर टेलर सहित पथर लदा हुवा बाजबरजस्ती लूट कर ले गए थे। जिसकी प्राथमिकी सदर थाना में कांड संख्या 408/2007 दर्ज की गई थी जिसमे अनुसंधान उपरांत अंतिम प्रतिवेदन असत्य समर्पित किया गया था तथा मुकदमा समाप्त किया गया था। परन्तु अदालत में इस मामले में आठ गवाहो की गवाही हुई थी। परंतु साक्ष्य के अभाव में अदालत ने शशिभूषण मेहता समेत चार लोगों को बरी कर दिया हैं।

जरुरतमंदों लोगों के बिच छतरी वितरण किया

गढवा पलामू। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322 ऐ के तहत आज लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के द्वारा क्लब अध्यक्ष ला० डॉ कमलेश कुमार के अध्यक्षता में बड़े प

एक नजर

बदमाशों ने साइबर कैफे पर चलाई तीन राउंड गोली

धनबाद। जिले के भूली थाना क्षेत्र स्थित आरा मोड़ के समीप जिया साइबर कैफे संचालक परवेज पर मंगलवार को दिनदहाड़े दो हथियारबंद अपराधियों ने फायरिंग की। घटना में कैफे संचालक बाल-बाल बच गया। घटना की जानकारी पाकर भूली और बैंक मोड़ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और कैफे संचालक से घटना की जानकारी ली। पुलिस अपराधियों की धरपकड़ के लिए वहां लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने मौके से तीन खोखा भी बरामद किया है। कैफे संचालक ने घटना के संबंध में बताया कि वासेपुर का मोस्टवांटेड अपराधी प्रिंस खान ने उससे तीन लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। जिसे वह नहीं दे सका। इसी को लेकर प्रिंस खान के दो गुर्गों ने सड़क से कैफे पर तीन गोलियां फायर कर दी।

तीन वारंटियों के घर में टंडवा पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

टंडवा। थाना कांड संख्या 31/2017, धारा 147 148 समेत आर्म्स एक्ट और सीएनटी एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त अमित लोहरा उर्फ अमित जी पिता राधेश्याम लोहरा माको, रामदेव लोहारा उर्फ काका उर्फ साधु पिता बालमुकुंद लोहारा कोने और पिंटू लोहरा पिता सरदार लोहरा विंगड़ा तीनों वारंटियों के खिलाफ टंडवा पुलिस उनको घर पर जाकर इश्तेहार चिपकाए गया। इस संबंध में टंडवा सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने बताया कि न्यायालय से निर्गत नोटिस के अनुसार तीनों अभियुक्तों की तमिला के लिए इश्तेहार चिपकाए गया है। साथ ही 30 दिनों के अंदर उक्त अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष आने को कहा गया है, ऐसा नहीं करने पर अभियुक्तों के घर और संपत्ति की कुर्की जब्ती की जाएगी। मौके पर टंडवा सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार व लातेहार पुलिस व टंडवा थाना समेत सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमेटी ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया



धनबाद। को मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमेटी ने जगजीवन नगर, कुसुम बिहार, गोधर, लोयाबाद, गडरिया, बसरिया, पुटकी आदि क्षेत्रों में बैठक आयोजित कर नगर निगम की ज्वलंत समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। बसेरिया बस्ती में बनवारी रवानी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें 21अगस्त को नगर निगम घेराव को लेकर काफी सक्रिय रहे हैं। बैठक को मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि निगम क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों की दशा काफी दयनीय है। निगम में गांव है, लेकिन गांव का विकास कोसों दूर है। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की विकास कार्यों की झलक नहीं है। ग्रामीण युवाओं को रोजगार का कोई स्रोत नहीं है। पढ़े-लिखे युवा दैनिक मजदूरी करने के लिए विवश है। सघन दौरा में जिला सचिव राणा चटराज, उपाध्यक्ष संदीप कौशल, संतोष रवानी, अमरजीत रवानी, अर्जुन रवानी, राहुल दुबे, राहुल रंजन आदि शामिल थे।

झारखंड आंदोलन के मसीहा शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि मनाई गई



तोपचांची। झारखंड आदिवासी कुडमि मंच की ओर से झारखंड आंदोलन के मसीहा शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि सह शहादत दिवस मनाई गई। झारखंड आदिवासी कुडमि मंच के तोपचांची कार्यालय में शहीद निर्मल महतो की तस्वीर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए प्रबुद्ध जनों, सामाजिक व राजनीतिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता गणों द्वारा माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही शहीद निर्मल महतो अमर रहे नारे लगाए गए। शहीद निर्मल महतो के सपनों के अनुरूप शोषण मुक्त झारखंड के नवनिर्माण के लिए संघर्ष जारी रखने की संकल्प लिया गया। मौके पर आजसू पार्टी व झारखंड आदिवासी कुडमि मंच के नेता सदानंद महतो झारखंड आंदोलनकारी रोहन महतो, समाजसेवी गिरधारी पुरनियार, जितेंद्र कुमार महतो, लक्ष्मण प्रसाद महतो, सुनील कुमार रजक, अमर भारती, देवाशीष भारती, समेत दर्जनों लोगों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

उपायुक्त के जनता दरबार में 26 से अधिक आवेदकों ने समर्पित किया अपना आवेदन

गुमला। प्रति सप्ताह की भांति उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। आज के जनता दरबार में 26 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं के निवारण हेतु उपायुक्त को अपना आवेदन समर्पित किया। पालकोट निवासी उदित किशोरी ने अपने आवेदन के माध्यम से जमीन विवाद के मामले को उपायुक्त के समक्ष रखा। वहीं निवार्चा। विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर ने अपने अन्य अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करने हेतु उपायुक्त से अनुरोध किया । गुमला निवासी पुस्पा देवी ने अपने जमीन जमीन के लिए (भू धारण प्रमाण पत्र) निर्गत कराने हेतु उपायुक्त से सहायता की मांग की। कामडारा निवासी संतोषी कुमारी ने अपने आवेदन में बताया कि उन्होंने 2022 में आरक्षण कोटे से एएनएम की परीक्षा दी थी। परंतु विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा गलत एंट्री करने के कारण उनका अनारक्षण कोटि की सूची के बजाय अनारक्षित कोटि के सूची में नाम दर्ज है। वे परीक्षा में उत्तीर्ण होने का दावा करते हुए आरक्षित कोटि से उन्हे प्रतिनियुक्त करने हेतु उपायुक्त से आग्रह किया। इसी के साथ जनता दरबार में घरेलू मामले, राशन पेंशन आदि से संबंधित आवेदन अधिक देखने को मिले। दूसरी ओर कुछ आवेदकों ने सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने के उद्देश्य से भी आवेदन समर्पित किया। जमीन विवाद एवं भू अर्जन के मामले ,मुआवजा राशि भुगतान, नौकरी की मांग आदि जैसे कई मामले भी देखने को मिले। डूमरटोली निवासी करण खोरवार ने अपने अनाथ होने के विषय में जानकारी देते हुए नौकरी की आवश्यकता से उपायुक्त को अपने आवेदन के माध्यम से अवगत करवाया। एक किसी पर पद पर नियुक्त करने का आग्रह किया। बोंगालोया ग्राम निवासियों ने अपना आवेदन समर्पित कर उनके क्षेत्र के बालू माफियाओं के द्वारा ग्राम वासियों को परेशान करने, एवं ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम को बदनाम करते हुए धमकी दिए जाने की समस्या से उपायुक्त को अवगत करवाया। जिसे सुन कर उपायुक्त त्वरित कार्रवाई करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।

आकांक्षी आंगनवाड़ी सेविकाओं का उन्मुखीकरण का कार्यक्रम किया जा रहा है

गुमला। प्रखंड डुमरी में हर महीने स्वास्थ्य के अलग-अलग थीम पर सीएचओ, एएनएम, सहिया आंगनवाड़ी सेविका का उन्मुखीकरण उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा मैडम की अध्यक्षता में पीरामल फाउंडेशन की एडीसी टीम के सहयोग से किया जा रहा है मुख्य रूप से इस बैठक में प्रखंड की सभी सीएचओ, एएनएम, सहिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का क्षमता वर्धन कर उनके द्वारा समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से अगले 1 वर्ष तक हर महीने स्वास्थ्य के अलग-अलग विषय पर कार्यकताओं का उन्मुखीकरण किया जाता रहेगा मुख्य रूप से इस बैठक में पीरामल फाउंडेशन एडीसी टीम के प्रोग्राम मैनेजर मोहसिन हाशमी, प्रोग्राम लीड प्रमोद जायसवाल के द्वारा प्रशिक्षित किया गया। कुल 130 फ्रंटलाइन वर्कर ने इस प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया मौके पर उपस्थित प्रशिक्षक के रूप में आए प्रमोद जायसवाल ने बताया कि हमारे समाज में 6 माह तक केवल स्तनपान और 6 महीने पूरे होने पर शिशु को ऊपरी आहार देने से जुड़े कई गलत व्यवहार हैं इन व्यवहारों के कारण ज्यादातर माताएं शिशुओं को 6 माह तक अनिवार्य रूप से स्तनपान नहीं करती हैं वहीं कुछ माताएं 6 माह पूरे होने पर स्तनपान के साथ विभिन्न प्रकार के ऊपरी आहार की शुरूआत नहीं करती हैं हमें इन परिवारों को जागरूक करना होगा कि ऐसा ना करने से बच्चे कमजोर व कुपोषित हो सकते हैं उन्हें इन दोनों विषयों से जुड़ी जरूरी जानकारी देनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे क्षेत्र का हर बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ और सुपोषित हो।

धूमधाम व उत्साह से मनाया जाएगा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम: उपायुक्त

12 अगस्त को सभी 256 पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया, को सम्मान करने के उद्देश्य से 12 अगस्त को जिले के सभी 256 पंचायतों में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश धूमधाम व उत्साह से मनाया जाएगा। उपरोक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज न्यू टाउन हॉल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी व प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में उनके दायित्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही निर्धारित समय-सीमा में तथा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में वीर सेनानियों की याद में एक स्मारक का निर्माण होगा। जिसे शिलाफलकम नाम दिया गया है। इस पर उस क्षेत्र के वीर सेनानियों के नाम दर्ज किए जाएंगे। 11 अगस्त तक सभी पंचायतों में शिलाफलकम का प्रोटोकॉल के अनुसार निर्माण कर लिया जाएगा। इसके बाद 12 अगस्त को सभी 256 पंचायतों में पंच प्राण शपथ, वसुधा वंदन (वाटिका में पौधारोपण) वीरों का वंदन और अंत में झंडोत्तोलन कर राष्ट्रगान गाया जाएगा। अमृत कलश यात्रा के लिए गांव के महत्वपूर्ण स्थल से मिट्टी एकत्रित कर कलश में रखी जाएगी। प्रखंड प्रमुख संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को कलश सुपुर्द करेंगे। इस मिट्टी का नई दिल्ली स्थित इंडिया गेट के बगल में बनने वाले अमृत वाटिका में प्रयोग होगा। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की प्रत्येक दिन की गतिविधियों की रिपोर्टिंग के लिए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। साथ ही हर पंचायत में एक ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनाए जाने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश रंजन, सभी मुखिया, प्रखंड प्रमुख, रोजगार सेवक, प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

बसिया प्रखंड के ब्लॉक चौक में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन संबंधी बैठक आयोजित की गई

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। 2023 को बसिया प्रखंड के ब्लॉक चौक में प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बिकास साहू के अध्यक्षता में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत बैठक आहुत की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव, सिसई विधानसभा कोऑर्डिनेटर प्रदीप केसरी उपस्थित हुए। लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के बारे में चर्चा किया गया और लोगों को लीडर डेवलपमेंट मिशन के तहत चयन किया गया। जिसमें आदिवासी कांग्रेस निरोज टेटे, ओबीसी कांग्रेस रोहित साहू, प्रकोष्ठ मुनतजीर खॉ, महिला कांग्रेस जसिंता बागे, युवा कांग्रेस उदित टोप्पो कन्हैया कुमार, एसी प्रकोष्ठ घुरन नायक, मनरेगा प्रकोष्ठ प्रमोद देवघरिया इन सभी को सेल प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष चुने गए है मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव ने कहा कि बूथ, पंचायत, प्रखंड, जिला स्तर में कांग्रेसी कार्यकर्ता जो सेवा भाव से पार्टी एवं ग्रामीणों के लिए काम करते हैं जो सक्रिय है और आगे बढ़ नहीं पाते हैं वैसे सक्रिय सदस्यों को आगे लाना है। और लीडर के रुप में उसे प्रोजेक्ट करना है। जो हम सभी ने मिलकर संगठन का विस्तार किया है आने वाले दिनों में संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। सिसई विधानसभा कोऑर्डिनेटर प्रदीप केसरी ने कहा कि सेल प्रकोष्ठ के सभी प्रखंड अध्यक्ष आप सभी जल्द से जल्द अपनी कमिटि बनाना है आप सभी कांग्रेस समर्पित कार्यकर्ता हैं। आप सभी झारखंड में गठबंधन द्वारा चल रहे सरकार की लाभकारी योजना को लोगों को बताने का काम करें। तभी हम मजबूत होंगे और होने वाला 2024 लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर सकते हैं। बैठक उपरांत राहुल गांधी जी को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के सम्मान में फिर से हमारे नेता लोगों की आवाज को सदन में गरीबों की आवाज बनेगी।सभी लोगों ने मिलकर खुशी जाहीर करते बम फटाका एवं मिठाई खिलाकर किया गया। बैठक में गौरी शंकर चौधरी, अभय चौधरी, तरुण गोप, देवा साहू, प्रकाश सुरीन, जय देव नायक, ज्योति लकड़ा, बाजु मिंज, प्रमोद, रामरतन भगत, विनसेंट बड़ा, अजीत लकड़ा, दिनेश साहू, घुरन साहू, पीटर मिंज, फिरोज खान, सूरज साहू, अखिल साहू, कृपा कुल्लू, विनोद उरांव, जटा लकड़ा, राजेश कुल्लू, ज्योति लकड़ा, रामजीवन साहू, रोशनी सोरेगं और काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

आरोग्य भारती की बैठक में रमा सिन्हा व पी एन सिंह हुए शामिल

धनबाद। आरोग्य भारती की एक महत्त्वपूर्ण बैठक ओम साईं हॉस्पिटल, कॉपरेटिव कॉलोनी, धनबाद के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें चार जिलों धनबाद, बोकारो, गिरिडीह एवं जामताड़ा के जिला पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण प्रभाकर, विशिष्ट अतिथि प्रांत अध्यक्ष डॉ रश्मि, सचिव डॉ देवेंद्र नाथ तिवारी एवं सह सचिव जयप्रकाश नारायण उपस्थित रहे। भगवान धन्वंतरि के पूजन के उपरांत धनवंतरी स्तवन का पाठ महिला आयाम प्रमुख रमा सिन्हा ने किया। बैठक का संचालन धनबाद सचिव पशुपति नाथ सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि स्वस्थ रहना है तो जीवन शैली बदलनी होगी। आधुनिक अव्यवस्थित जीवन शैली के कारण रोगियों की संख्या बढ़ रही है। आरोग्य भारती पूरे भारत में स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता का अभियान चला रही है, क्योंकि भारतीय स्वास्थ्य चिंतन में स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य रक्षा के प्रयास पर जोर दिया गया है ताकि हम बीमार ही न पड़ें। स्वस्थ जीवन शैली अपना कर ही महंगी चिकित्सा से मुक्ति मिलेगी।आरोग्य भारती स्वास्थ्य रक्षा के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से आरोग्य भारती झारखंड के गांव गांव में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाएगी। बैठक में महिला कार्य प्रांत प्रमुख रमा सिन्हा, पर्यावरण प्रमुख अरुण राय, डॉ सुबोध कुमार, जगदंबी मंडल, धनबाद जिला अध्यक्ष डा विकास रमण, उपाध्यक्ष वाई एन ठाकुर, सह सचिव चौधरी चरण महतो, बोकारो सचिव रामनारायण जी, रवि कांत पांडे, जामताड़ा से विष्णु प्रसाद, संजय मंडल, गिरिडीह से आर आरएन दास, महिला आयाम से संरक्षक डा विम्मी नीतू,संगीता, रीता नमिता, शीला सहित अनेक भाई बंधु उपास्थित रहीं।

मोबलिंचिंग व साइबर अपराध रोकथाम हेतुचलाया गया अभियान

दुमका। पुलिस अधीक्षक दुमका पीतांबर सिंह खेरवार के निदेर्शानुसार दुमका जिले के काठीकुंड थाना, जामा थाना एवं तालझारी थाना क्षेत्रों के शहरी क्षेत्र, गांव, सप्ताहिक बाजार, चौक चौराहे एवं कस्बों में यातायात के नियमों के पालन हेतु, डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, मोबलिंचिंग अपराध उन्मूलन एवं साइबर अपराध रोकथाम हेतु 1 सप्ताह का स्पेशल ड्राइव के तहत जागरूकता अभियान अलग अलग भाषा हिंदी, खोरठा एवं संथाली भाषा में चलाया गया। काठीकुंड थाना प्रभारी द्वारा अपने क्षेत्र के बाजार में सड़क सुरक्षा अभियान, साइबर सुरक्षा अभियान, डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम तथा मॉब लिंचिंग की रोकथाम हेतु जागरूकता रथ निकालकर हिंदी, खोरठा एवं संथाली भाषा में स्वयं मायकिंग कर जागरूकता अभियान चलाया गया। जामा थाना प्रभारी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी के साथ लगभग 15 किलोमीटर की मोटरसाइकिल रैली निकालकर लोगों को यातायात व्यवस्था अपनाने हेतु प्रेरित किए एवं राह में बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाते हुए राहगीरों को हेलमेट देकर अनुरोध किया कि आज के बाद कभी बिना हेलमेट के वाहन ना चलाएं। लोगों ने जामा थाना प्रभारी के इस पहल को काफी सराहा एवं कहा के हम लोग अब बिना हेलमेट के वाहन नहीं चलाएंगे। तालझारी थाना प्रभारी ने अपने क्षेत्र के लोगों से यातायात व्यवस्था अपनाने के लिए अनुरोध किए एवं उनके फायदे और नुकसान के बारे में विस्तार से बताए। तालझारी थाना प्रभारी ने बोल बम मोटरसाइकिल कांवरिया को रोककर हेलमेट पहनने एवं यातायात के नियमों का पालन करने के लिए अनुरोध किए। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, नशे में वाहन ना चलाना, वाहन चलाते समय दूसरे वाहन के चालक को सहयोग करना, रात में वाहन चलाते समय डीपर लाइट एवं इंडिकेटर का इस्तेमाल करना, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दें।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर जिलास्तरीय बैठक

गुमला। स्वतंत्रता दिवस की समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश का अनुपालन करते हुए जिले में स्वतंत्रता दिवस को मनाए जाने को लेकर बैठक का अयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था व मुख्य कार्यक्रम स्थल पर की जाने वाली तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ हीं स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल संचालन हेतु झंडोतोलन का समय, परेड में शामिल होने वाले विभिन्न टुकड़ियों के पूर्वाभ्यास, राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास एवं मुख्य समारोह स्थल पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अन्य कार्यक्रमों को संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा स्वतंत्रता दिवस की विभिन्न तैयारियों के अलावा सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न कार्यों के आयोजन करने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। साथ हीं उपायुक्त ने अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में होने वाले मुख्य कार्यक्रम के अलावा विधि व्यवस्था संधारण को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। आगे बैठक के दौरान उपायुक्त ने शहर को पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के अलावा वीर शहीदों एवं महान स्वतंत्रा सेनानियों के प्रतिमा की साफ-सफाई को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न क्षेत्रों (शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान आदि) में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावे उपायुक्त ने बैठक के दौरान स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मुख्य समारोह स्थल के मैदान को सुसज्जित करने के अलावा मुख्य समारोह स्थल पर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, अग्निशमन एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। साथ हीं उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी कार्यो को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान: उपायुक्त

नव प्रदेश संवाददाता



धनबाद। मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में धैया, सिंफर गेट के सामने से आए हंस विहार कॉलोनी के लोगों ने मित्तल पॉली फैक्ट्री को तुरंत दूसरे जगह स्थानांतरण करने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि मित्तल पॉली फैक्ट्री द्वारा जहरीला गैस फैलाया जा रहा है, जिससे लोगों का घर में रहना मुश्किल हो गया है। फैक्ट्री में मशीन का शोर इतना अधिक है कि सभी लोग ध्वनि प्रदूषण के शिकार हो रहे हैं। साथ ही फैक्ट्री में उत्पादन के समान के ट्रांसपोर्ट के लिए बड़ी-बड़ी गाड़ियां मोहल्ले में आ रही है जिससे जाम की स्थिति भी बन जाती है। उपायुक्त ने इस मामले को अनुमंडल पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जांच कर निष्पादन हेतु अग्रसरित किया। इस दौरान जनता दरबार में झारखंड के आंदोलनकारियों ने सम्मान राशि नहीं मिलने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया की पिछले 5 माह से झारखंड आंदोलनकारियों को मिलने वाली सम्मान पेंशन राशि नहीं मिली है। साथ ही कारा में 3 माह से कम रहने वालों को 3500 रुपए प्रतिमाह देने की बात कही गयी थी, लेकिन 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी बढ़ोतरी राशि का अभी तक हम लोगों को भुगतान नहीं किया गया है। उपायुक्त में इस मामले में अपर समाहर्ता से बात कर शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देशित किया। जनता दरबार में बरवाअडा थाना क्षेत्र से आई रीना देवी ने आवास के लिए सरकारी जमीन अनुदान दिलाने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि वह अनुसूचित जाति से आती है उनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है। साथ ही वह भूमिहीन भी है, किसी तरह किराए के घर में रहकर गुजारा कर रही हैं। उन्होंने आवास निर्माण के लिए उपायुक्त से सरकारी जमीन की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित कर जमीन मुहैया कराने को निर्देशित किया। तेलमच्चो पंचायत से आए नसीरूद्दीन अंसारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 12वीं किस्त के संबंध में उपायुक्त को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया की मैं एक किसान हूं तथा नियमित रूप से खेती कर रहा हूं और मुझे प्रधानमंत्री किसान निधि की 11वीं किस्त नियमित रूप से मिली है। लेकिन 12वीं किस्त जारी करने के बाद स्टेटस में लैंड सीडिंग नंबर लिखा आ रहा है। जिस वजह से 12वीं किस्त की राशि से वंचित हूं। उन्होंने उपायुक्त से समस्या के समाधान की मांग की। उपयुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन हेतु निर्देशित किया। इसके अलावे उपायुक्त वरुण रंजन जनता दरबार में शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा से संबंधित समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

कोयला लदा हाईवा व ट्रक में भिड़ंत, कोई हताहत नहीं



धनबाद। जिले के कतरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत फोर लेन सड़क में अहले सुबह कोयला लोड हाईवा और ट्रक में जोरदार टक्कर हो गई। इस टक्कर में हाईवा का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके कारण हाईवा के खलासी को आंशिक चोट आई है। गनीमत रही कि किसी तरह की कोई हताहत नहीं हुई. रोड को क्लियर करने में एनएचआई अपना काम कर रही है।बताया जाता है कि अहले सुबह हाइवा कोयला लेकर हजारीबाग एमपीएल जा रही थी और धनबाद की ओर से ट्रक कोयला लोड कर काको मोड़ पर टर्निंग कर रहा था। तभी पीछे से हाईवा ने ट्रक को धक्का मार दिया।इस कारण हाईवा का अगला हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया।वहीं ड्राइवर खलासी बाल बाल बचे इसकी सूचना मिलने पर कतरास थाना प्रभारी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर गाड़ी को रास्ते से हटाया।

पुल से टकराकर 20 फीट नीचे खाई में गिरी स्कॉर्पियो, चार घायल

धनबाद। जिले के टुंडी थाना क्षेत्र के गादी टुंडी के पास सुबह तड़के एक स्कॉर्पियो पुल से टकराकर 20 फीट नीचे खाई में गिर गई। जिससे एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। पुल से टकराने की आवाज सुनकर आस पास के लोग दौड़े और स्कॉर्पियो में फंसे लोगों को निकाला, जिसमें एक महिला, बच्चे और तीन पुरुष थे।ये सभी कोलकाता से दरभंगा जा रहे थे।घायलों में महिला और राहुल कुमार को हल्की फुल्की चोट आई थी। जबकि ड्राइवर और एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला। वहीं एक बच्चे की हालत गंभीर है। ग्रामीणों ने संभावना व्यक्त की है की संभवतः ड्राइवर को झपकी आ गई होगी और गादी टुंडी में तीखी मोड़ में संतुलन बिगड़ गया होगा। इधर घटना की सूचना पर टुंडी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। वहीं वाहन को पुल के नीचे से निकलवाने के लिये जेसीबी मंगाया गया है।

एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान क्रेटा कार जब्त



धनबाद। बेकारबांध रोड के पास एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान एक ब्लैक रंग का क्रेटा कार को पकड़ा गया। इसे जांच के लिए धनबाद थाना लाया गया है. ऐसी सूचना है कि कार में एक उजले रंग के बक्से में कैसिनो कार्ड बरामद हुआ है। वही कार चालक का कहना था कि हमलोग दोस्तों के साथ इसे खेलते हैं। धनबाद के होटलों में इस तरह के कैसीनो कार्ड से जुआ खेला जाता है। चेकिंग अभियान में लगे पुलिसकर्मी रवि कुमार पटेल ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए क्रेटा कार को सदर थाना भेज दिया।

विधायक ने सीनियर सिटीजन सेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया



धनबाद। निरसा अनुमंडल के मैथन ओपी परिसर में सोमवार को निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने लगभग 24 लाख राशि से सीनियर सिटीजन सेट निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट योजना अंतर्गत निर्माण होने वाले आम नागरिक सुविधा केंद्र सह प्रतीक्षालय कक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात की नारियल फोड़कर की गयी है। इसके निर्माण हो जाने से ओपी में आने वाले आम जनमानस को सुविधा होगी। इस अवसर पर ओपी प्रभारी विकास यादव, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र साहनी, अखिलेश तिवारी, नीतेश तिवारी दीपा दास, राजू रजक, राहुल तिवारी, मिथिलेश ठाकुर, अफजल खान, अर्जुन सिंह आदि उपस्थित थे।

लापुंग प्रखंड में प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला सह मिलेट वर्ष 2023 का आयोजन

कृषि बीमा ऑनलाइन हो रहा सभी किसान लाभ उठाएं : कंचन उरांव

नवप्रदेश संवाददाता

लापुंग : लापुंग प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग तथा कृषि निदेशालय के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला सह मिलेट वर्ष 2023 कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा व प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि किसानों को कृषि बीमा से लाभ उठाने की जरूरत है कृषि बीमा ऑनलाइन हो रहा है । इसके तहत सभी किसान 30 सितंबर से पहले तक अपना निबंधन करा लें। उन्होंने बताया कि खरीफ फसल मक्का और धान अगर 50% से अधिक क्षति हुई तो प्रति एकड़ 4000 की दर से क्षतिपूर्ति राशि मिलेगी। वहीं 50% से कम क्षति हुई तो ?3000 प्रति एकड़ किसानों को मुआवजा मिलेगा। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने कहा कि ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत खेती करने वाले किसानों को 50% सब्सिडी पर केंचुआ खाद उपलब्ध कराया जाएगा। जैविक खेती के लिए गोबर की खाद एवं कीटनाशक जीवा अमृत का उपयोग किया जा सकता है। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनय कुमार ने कहा कि मिलेट वर्ष के तहत किसानों के द्वारा कम वर्षा में गुंदली, मडुआ, ज्वार या गंगई जैसी फसलों की खेती करना लाभदायक होगा। इस मौके पर उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा ने भी किसानों को प्रोत्साहित किया और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रेरित करने का का निर्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक मोहन प्रजापति ने किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह कृषि मित्र जन्मेंजय पाठक ने कार्यशाला को उपयोगी बताते हुए इससे सीखने और जीवन में बेहतर करने का अपील किया। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि इन्द्रजीत रॉय, मुखिया सरोज मुंडा, सापुकेरा पंचायत समिति के विशेष प्रतिनिधि और पूर्व पंचायत समिति सदस्य नसीम आलम, मालगो पंचायत की पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, महुगांव की पंचायत समिति सदस्य अनिमा बरला, कृषि मित्र महावीर साहु, सुखु लोहरा, कृष्णा बड़ाईक, अजय साहु, दुबराज साहु, सुमित बरला सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

डीसी ने मध्यान्ह भोजन का रोस्टर स्थाई रूप से अंकित करने का दिया निर्देश

रामगढ़। छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में डीसी चंदन कुमार ने जिला स्तरीय मध्यान भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में कई निर्देश दिये। उन्होंने रिपोर्टिंग प्रारुप तैयार करने के साथ मध्यान्ह भोजन का रोस्टर स्थाई रूप से अंकित करने का निर्देश भी दिया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को बीआरपी, सीआरपी सहित अन्य अधिकारियों के माध्यम से संबंधित क्षेत्र में शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालय आना एवं मध्यान्ह भोजन प्राप्त करना सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बारीडीह आवासीय विद्यालय में स्वास्थ्य सहिया के पहल पर छात्रों का हुआ आई फ्लू संक्रमण का जांच

नवप्रदेश संवाददाता

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड मुख्यालय समेत अन्य क्षेत्रों में तेजी से फैल रहे आई फ्लू संक्रमण की बीमारी की रोकथाम और जागरूकता को लेकर मंगलवार को स्वास्थ्य सहिया सह पंचायत समिति सदस्य राखी भगत के पहल पर बेड़ो बारीडीह आवासीय विद्यालय में आई फ्लू संक्रमण की रोकथाम हेतु जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आवासीय विद्यालय के लगभग 50 छात्रों का चिकित्सकों ने जांच किया, जिनमें से लगभग 20 छात्रों में आई फ्लू संक्रमण के शुरूआती कुछ लक्षण पाए गए हैं। इधर जांच शिविर के दौरान डॉक्टर कुसुमलता सिन्हा ने विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच आई फ्लू संक्रमण की रोकथाम को लेकर आई ड्रॉप और टेबलेट दवा का वितरण किया। जहां मौके पर स्वास्थ्य सहिया सह पंचायत समिति सदस्य राखी भगत ने कहा कि आई फ्लू संक्रमण बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए सावधानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि रोगी के संपर्क में आने एवं उनके सामनों का उपयोग करने से यह बीमारी हो सकता है। वही डॉ कुसुमलता सिन्हा ने बताया कि आई फ्लू संक्रमण की बीमारी स्वता दवा लेने के बाद ठीक हो रही है इससे आम जनों को घबराने की जरूरत नहीं है। मौके पर स्वास्थ्य सहिया सह पंचायत समिति सदस्य राखी भगत भाजपा नेता सह जिला परिषद प्रतिनिधि जगरनाथ भगत स्वास्थ्य टीम के मुरारी सेनगुप्ता आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापिका शिक्षक फिलिस्ता एक्का, वसी अख्तर, अभिराम पाठक, अमरेश पांडे, मनोज मुंडा, महावीर बड़ाइक, रौनक कुमार, रामचंद्र साहू समेत कई लोग मौके पर मौजूद थे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान प्रारंभ, नौ सितंबर तक, चार चरणों मे चलाई जाएगी

नवप्रदेश संवादवाता

बेड़ो: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान राँची जिला ग्रामीण में सात अगस्त को पोस्टर विमोचन व आठ अगस्त को सदस्यता कराने के साथ प्रारंभ हो गई, जो नौ सितम्बर तक चार अलग अलग चरणों में चलाई जायगी। इसके निमित एबीवीपी ग्रामीण के कार्यकताओं ने अभाविप के सदस्यता अभियान का पोस्टर विमोचन के साथ अभाविप के कार्यों व विचारों से परिचित करा कर स्कूल और कॉलेज कैम्पसों में सैकड़ों छात्र छात्राओं को एबीवीपी की सद्स्यता दिलवाई। इसकी जानकारी देते हुए कार्यकताओं ने कहा कि एबीवीपी राँची ग्रामीण के सदस्यता कार्यशाला बैठक में कार्यकताओं ने पूरे राँची ग्रामीण से इस वर्ष 5000 छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को सदस्यता दिलाने की लक्ष्य रखी है। जिसे लेकर आकाश रक्षित ने बताया कि राँची जिला ग्रामीण के सभी विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थान व अन्य सभी उच्च शिक्षण सस्थानों में पहुच कर विद्यार्थी परिषद के कार्यों व विचारों को बताकर छात्र छात्रा एवं शिक्षकों के बीच यह सदस्यता अभियान चलाई जायगी। जो 5000 के लक्ष्य को पूरा करेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से एबीवीपी बेड़ो से विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरभ, विभाग सहसंयोजक आकाश रक्षित, सोनम कुमारी, विक्रम कुमार, राजवीर कुमार, पारस ठाकुर, दिवाकर महतो, दुर्गा कुमार व अनिल महतो आदि मौजूद थे।

हाई कोर्ट ने उषा मार्टिन के जीएम की व्यक्तिगत पेशी से छूट की याचिका खारिज की

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने मंगलवार को उषा मार्टिन के जीएम राजीव झंवर की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट की मांग की थी। उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में राजीव झंवर की याचिका पर सुनवाई हुई। आरोपित की दाखिल याचिका को ट्रायल कोर्ट ने यह कहकर खारिज किया कि उसने जांच में सहयोग नहीं किया और देश छोड़ दिया। अभियुक्त के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं और यदि इस प्रकृति के मामले में किसी आरोपित को ऐसा विशेषाधिकार दिया जाता है, तो लोगों का न्याय प्रशासन पर से भरोसा उठ जाएगा। कोर्ट ने कहा कि गंभीर आरोपों से जुड़े मामलों में शुरूआती पेशी से छूट देने से समाज में भ्रामक संदेश जाएगा। याचिकाकर्ता ने याचिका में कहा था कि वह उषा मार्टिन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं और उन्होंने जांच में सहयोग किया है। उनका स्वास्थ्य बेहतर नहीं है। इसलिए उन्हें व्यक्तिगत पेशी से छूट दी जाए।

कीचड़ भरी रास्ते में चलने को मजबूर है मुड़कट्टी गांव के लोग

नवप्रदेश संवाददाता

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड के खुखरा पंचायत के मुड़कट्टी गांव में कच्चे रास्ते में कीचड़ व गंदगी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। वर्षा होने के साथ ही लोगों की मुश्किले भी बढ़ गई है।वहीं कई ऐसे गांव भी है जहां सड़के न होने की वजह से लोगों को परेशानी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में सड़क नहीं बनने से लोगों को मुश्किलों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कच्चे रास्ते को अभी तक पक्का नहीं किया गया है। जिससे यह समस्या पैदा हो रही है। समस्या काफी पुरानी है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। बरसात के दिनों में गांव की स्थिति बद से बदतर बन जाती है। कीचढ़ युक्त रास्ते से गांव के लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चे, महिलाओं व बुजुर्गों को हो रही है। उन्हें आए दिन कीचड़ युक्त रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। गांव का मुख्य रास्ता होने से प्रतिदिन गांव के लोगों का आना जाना रहता है। गांव के लोगों का कहना है कि यह रास्ता गांव का मुख्य मार्ग है, लेकिन इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।ग्रामीणों का कहना कि प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को गांव में आकर स्थिति का जायजा लेना चाहिए। तभी जाकर गांव के हालातों के बारे पता लगेगा।

ऋण अनुपात औसत सीडी रेटिओ को 60 प्रतिशत तक बढ़ाने का निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विकास प्रबंधक (नाबार्ड), श्री डी टी लुगुन, अग्रणी जिला अधिकारी आरबीआई सुश्री रश्मि, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राँची, राजीव रंजन, अग्रणी जिला प्रबंधक राँची, डॉ श्रीकांत कुमार एवं सभी बैंकों के को-ऑर्डिनेटर और सभी संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक करते हुए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, मुद्रा ऋण,किसान क्रेडिट कार्ड और अन्य पर समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को कई निर्देश दिये गये।

उपायुक्त ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में बैंकों द्वारा सालाना वार्षिक योजना में दिए गए लक्ष्य की समीक्षा करते हुए, इसमें मुख्य रूप से किसान क्रेडिट कार्ड पर संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए सभी शाखा प्रबंधको को लक्ष्य ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त राँची ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में कम उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बैंक इसका शतप्रतिशत लक्ष्य पूरा करें।

उपायुक्त राँची ने प्राथमिक क्षेत्र ऋण जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड ऋण के अलावा कृषि पर निवेश तथा मुर्गी पालन, बकरी पालन, मछली पालन, सुकर पालन पर विशेष ध्यान देते हुए इसके लाभुकों को लाभ देना हैं एवं जल संसाधन कृषि यंत्रीकरण इत्यादि पर चर्चा करते हुए इसके लक्ष्य प्राप्ति करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त राँची, द्वारा स्वयं सहायता समूह, मुद्रा ऋण,प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना आदि सामाजिक योजनाओं पर समीक्षा करते हुए संबंधित सभी अधिकारियों को कई निर्देश दिया गया एवं सभी शाखा प्रबंधको को लक्ष्य के मुताबिक ससमय ऋण स्वीकृत करने को कहा गया।

उपायुक्त द्वारा राँची के जमा ऋण अनुपात के 41.40 प्रतिशत पर नाराजगी जाहिर करते हुए इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में कम से कम 60 प्रतिशत ऋण अनुपात पूरा करने का सभी बैंकों को निर्देश दिया गया।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के 20 छात्र - छात्राएं 15 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए

मृदा पर्यावरण में संतुलन बनाये रखने की जरुरत : डॉ ओंकार नाथ सिंह

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : कृषि कार्यो में रासायनिक उर्वरकों, पादप विकास नियामकों, कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग और इनका सामान्य अभ्यास स्वस्थ्य मृदा के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है. जिसका मृदा पर्यावरण एवं संपूर्ण खाद्य श्रृंखला पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ा रहा है. मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाये रखने और टिकाऊ उत्पादन के लिए अकार्बनिक उर्वरक के साथ झ्र साथ जैविक उर्वरक का प्रयोग महत्वपूर्ण होता जा रहा है. मृदा पर्यावरण में संतुलन के लिए जैविक खेती और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जा रहा है. उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कृषि संकाय सभागार में आयोजित 15 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में कही. वे ह्यअधिक फसल उत्पादन के लिए मृदा पर्यावरण में सुधार की रणनीतियांह्ल विषयक इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि, रांची के 20 छात्र झ्र छात्राओं को संबोधित कर रहे थे.

मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने 15 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम के विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को मृदा पर्यावरण, फसल अवशेष प्रबंधन, कार्बन जमाव एवं ग्रीन हाउस का वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव, आर्सेनिक की समस्या एवं प्रबंधन, फ्लाईएश का पर्यावरण पर प्रभाव, वायु, जल एवं मृदा प्रदुषण, मृदा एवं फसल स्वास्थ्य में रिमोट सेंसिंग का उपयोग, उर्वरकों का पर्यावरण प्रदुषण पर प्रभाव, औद्योगिक प्रदुषण का फसलोत्पादन पर प्रभाव, भारी मेटल का मृदा एवं जल पर विषैला प्रभाव आदि विषयों से अवगत कराया जायेगा. उन्होंने इंटर्नशिप प्रशिक्षण के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि प्रबंधन का आभार जताया और कहा कि यह विषय पर्यावरण विज्ञान से जुड़े पीजी छात्रों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी.

मौके पर इंटर्नशिप में शामिल छात्र झ्र छात्राओं ने अपने परिचय से अतिथियों को अवगत कराया. स्वागत भाषण में पाठ्यक्रम समन्यवयक डॉ शशि भूषण कुमार ने बताया कि कृषि संकाय अधीन मृदा विज्ञान विभाग वर्षो से झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों जैसे रांची विश्वविद्यालय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि, केंद्रीय विवि के साथ-साथ दूसरे राज्यों से आए विद्यार्थियों जैसे उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों के विवि के छात्रों को भी इंटर्नशिप कार्यक्रमों में पहले से सहयोग देता आ रहा है. यह कार्यक्रम 23 अगस्त तक मृदा विज्ञान विभाग में चलेगा. कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के पर्यावरण विज्ञान विषय से जुड़े पीजी छात्र झ्र छात्राओं को मृदा पर्यावरण एवं उसके सुधार की रणनीतियों के सबंध में विशेष जानकारी दी जायेगी. धन्यवाद ज्ञापन एकेडमिक प्रभारी डॉ अरविंद कुमार ने दी. मौके पर डॉ सुनील कुमार दास, डॉ एमएस मल्लिक, डॉ बीके अग्रवाल, डॉ राकेश कुमार, डॉ पीबी साहा, डॉ. पी महापात्रा, डॉ. एनसी गुप्ता, डॉ जेपी कुमार आदि भी मौजूद थे.

एंबुलेंस चालक हड़ताल पर

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड के ग्रामीण इलाके के लोगों के लिए लाइफ लाइन 108 एंबुलेंस चालकों की हड़ताल से गरीब मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अस्पताल पहुंचने के लिए निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। वही बीमार लोग समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी उन गरीब मरीजों को हो रही है, जिनके पास अस्पताल तक जाने के लिए साधन नहीं है। हड़ताल के चलते स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में 108 एंबुलेंस खड़ी कर दी गई है।जिससे मरीज निजी वाहनों से भाड़े पर अस्पताल पहुंच रहे हैं। कई ऐसे मरीज भी हैं जिनको चिकित्सको ने रिम्स रेफर कर दिया गया है, लेकिन एंबुलेंस नहीं मिलने के चलते वे अस्पताल नहीं जा पा रहे हैं। इधर स्वजनों ने 108 एंबुलेंस में फोन लगाया तो पता चला कि चालक हड़ताल पर है। जिसके कारण गरीब को घायलों व बीमार लोगों को निजी वाहन से रिम्स ले जाना पड़ रहा है। वही ग्रामीण क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है।

एक नजर

आदिम जनजाति के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था

अनगड़ा। कैंब्रिज ग्रुप के तकनीकी शिक्षण संस्थानों में राज्य के एससी, एसटी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम शुल्क पर व आदिम जनजाति के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है। कैंब्रिज ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक नवनीत सिंह ने बताया कि राज्य में तकनीकि एवं व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रबंधन द्वारा यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत विद्यार्थियों को राज्य सरकार के कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति के आधार पर इंजीनियरिंग,एमबीए व डिप्लोमा की पढाई करा प्लेसमेंट के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की पहल की गई है। संस्थान ने विशेष जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9931444441,9279439460 जारी किया है।

शहीद निर्मल महतो को विभिन्न राजनीतिक दलों ने किया याद

अनगड़ा । शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस के मौके पर मंगलवार को गोंदलीपोखर चौक स्थित शहीद के आदमकद प्रतिमा पर विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों के अलावा गणमान्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन,डॉ अमर कुमार चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, खिजरी के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव, आजसू जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी, कुरमी महासभा के प्रदेश महासचिव कारीनाथ महतो, आतिश कुमार महतो, जिला महासचिव ज्योतिष महतो, झारखंड कुरमी महासभा के पंकज कुमार महतो, जितेन्द्र सिंह, आजसू मे धर्मेन्द्र सिंह, मोहन महतो, किशुन महतो, राजेश महतो, संजय महतो ने किया। पारसनाथ उरांव ने कहा कि निर्मल दा ने झारखंड के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। हमें निर्मल दा के सपनों के अनुसार झारखंड को गढ़ना है। इसके लिए एकजुट होने की जरूरत है। आतिश कुमार महतो ने कहा कि निर्मल महतो की शहादत बेकार नही जाएगी। समय आ गया है निर्मल महतो के सपनों को पूरा करने के लिए एकजुट हो। इस मौके पर दुर्गा महतो, संतोष महतो, गौरीशंकर मुण्डा, राजेन्द्र महतो, घनेनाथ महतो, बलेश महतो, दुर्गा पाहन आदि ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किया।

विश्व आदिवासी दिवस पर बाइक रैली आज

रातू: आदिवासी व सामाजिक संगठन की बैठक मंगलवार को पड़हा भवन रातू में की गयी. बैठक में नौ अगस्त को विश्व आदिवासी को मनाने पर चर्चा किया गया. अध्यक्षता करते हुए पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव ने कहा कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर लगातार आदिवासियों पर हो रहे हमलों के विरोध में विश्व आदिवासी दिवस पर लोग सड़क पर एकजुटता दिखायेंगे. इस बार आदिवासी दिवस विरोध दिवस के स्वरूप में मनाया जायेगा. सुबह दस बजे तिलता बगीचा से होचर, झखराटांड़, कांठीटांड चौक, कमड़े, तिलता रिंग रोड होते दलादिली चौक तक जायेगी तथा बिरसा मुंडा, विरेंद्र भगत, सुभाष मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा. जिसमें 500 से अधिक बाइक शामिल रहेंगे. मौके पर कुशल उरांव, संगम उरांव, सोमनाथ उरांव, तुलसी उरांव, सीमा देवी, प्यारी उरांव, गंगू पाहन, विश्वनाथ उरांव, संजू उरांव, सुबोध टोप्पो, वरुण उरांव, चंद्र दीप खलखो सहित अन्य लोग मौजूद थे.

शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया

रातू : आजसू प्रखंड कमिटी के तत्वावधान मे मंगलवार को सुंडील स्थित प्रधान कार्यालय में शहीद निर्मल महतो का 36वां शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का अयोजन किया गया. मुख्य अतिथि हटिया विधानसभा प्रभारी भरत कांशी ने कहा कि उनका सपना था की झारखंड राज्य शोषण विहीन राज्य हो लेकिन यह राज्य उनका सोच के विपरीत बना. यहां के जनता आज भी शोषित एंव पीड़ित हैं. आज झारखंड में फिर एक बार अंदोलन करने की जरूरत है. उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजली तभी होगी जब हम उनके पद चिन्हों पर चलकर उनके सपनो को पूरा करें. इसके उपरांत शहीद निर्मल महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई. मौके पर चिंटू मिश्रा, संजय गोप, हेमंत बड़ाईक, किशन कांशी, राजाराम महतो, पुरन कांशी, विक्की राय, प्रदीप पटेल, सुशील घोष, कमल बरियार, पंचू कच्छप सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे. वहीं झामुमो कार्यकताओं ने शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया. श्रद्धांजलि देने वालो में महावीर विश्वकर्मा, दिनेश तिग्गा, राजू वर्मा, शमीम मंसूरी, प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी, प्रवक्ता असलम अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे.

केरल की तर्ज पर सुदृढ किया जाएगा आदर्श आदिवासी पंचायत नवागढ़ को

अनगड़ा । प्रखंड के नवागढ़ पंचायत को आदर्श आदिवासी पंचायत बनाने की कवायद को गति देने के उद्देश्य मंगलवार को केरल की संस्था केईएलए(केला) के सदस्यों ने पंचायत का भ्रमण किया। केरल की पंचायत के तर्ज पर सुदृढ किया जाएगा। झारखंड और केरल सरकार ने एमओयू कर राज्य के कुल 22 पंचायत को आदर्श पंचायत का रुप देना तय किया है। इसमें नवागढ़ पंचायत भी शामिल है। इसके तहत पंचायत की जनता को सभी सेवा और सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर केईएलए के एक्सपर्ट सुनैना,डीओपीआर कंसल्टेंट धीरज महतो,रांची के डीपीएम वीणा सिन्हा, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा,प्रमुख दीपा उरांव,मुखिया भुनेश्वर बेदिया,पंचायत समिति सदस्य फाल्गुनी शाही,सीडीपीओ रेणुका कुमारी,सन्तोष बेदिया,हरेकृष्ण चौधरी,पंचम भोगता आदि उपस्थित थे।

पांच वर्षीय छात्रा के शारीरिक छेड़छाड़ मामले में निर्दोष को जेल भेजे जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

अनगड़ा। बीसा के ग्रामीणों की बैठक मंगलवार को मंडा टांढ़ बीसा में बीसा मुखिया मंजोती देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पांच वर्षीया छात्रा के शारीरिक छेड़छाड़ मामले में निर्दोष बिरसा बड़ाईक को जेल भेजे जाने का विरोध किया गया। ग्रामीणों ने कहा जबतक निर्दोष बिरसा का रिहाई नही होगा आंदोलन जारी रहेगा। बैठक के बाद ग्रामीणों ने एक आवेदन झारखंड के डीजीपी को दिया। इसमें कहा गया कि गैर सरकारी स्कूल की पांच वर्षीया छात्रा के साथ हुई शारीरिक छेड़छाड़ मामले में निर्दोष व्यक्ति बिरसा बड़ाईक को घटना का आरोपित बनाकर जेल भेज दिया गया। मुखिया मंजोती देवी ने बताया कि निर्दोष बिरसा को जेल भेजा गया है। बिरसा की पत्नी संजू देवी ने बताया कि इस मामले को लेकर वे डीजीपी से मिलेगी। वीडीओ फूटेज में बच्ची किसी चीकू का नाम ले रही है। जबकि बिरसा का चीकू नाम नही है। बगैर किसी छानबीन के ही बिरसा को जेल भेज दिया गया। उपमुखिया संजय भोगता ने बताया कि बिरसा बड़ाईक स्कूल में चालक के पद पर काम करता है। वह इस मामले में पूरी तरह से निर्दोष है। उसे अविलंब रिहा किया जाए। निर्दोष बिरसा की रिहाई तक ग्रामीणों लगातार इस मामले को लेकर आंदोलन करते रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से कपिल बड़ाईक, हरिहर बड़ाईक, दशरथ बड़ाईक, रोहित बेदिया, प्रदीप बड़ाईक, निरंजन बड़ाईक, महेश मुण्डा, परमेश्वर बड़ाईक, जग्गू महली, रामवृत बड़ाईक, पिंकी देवी, शिवशंकर लोहरा, बालेश्वर पाहन, कृष्णा बड़ाईक, बादल बड़ाईक, यदुवीर बड़ाईक, पुशुवा लोहरा, किस्टो मुण्डा, मनेश्वर महली आदि उपस्थित थे।

विद्युत आपूर्ति ठप होने से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अनगड़ा। हरातू पंचायत सिकिदिरी के ढेलुवाखूंटा खालसा में एक पखवाड़ा से विद्युत आपूर्ति ठप होने से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार खराब ट्रांसफार्मर के पास विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि सुजीत कुमार ने किया। ट्रांसफार्मर के खराब होने से गांव अंधकार में डूबा है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। खराब ट्रांसफार्मर बदलने को लेकर अनेक बार विभागीय अधिकारियों से आग्रह किया गया। लेकिन समस्या यथावत है। बारिश और हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण ग्रामीण डरे हुए रहते है। विरोध प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने कहा कि दो दिनों के अंदर खराब ट्रांसफार्मर को नही बदला गया तो सिकिदिरी-गोला मार्ग को बंद किया जाएगा। सुजीत कुमार ने बताया की बिजली रोजमर्रा की जरूरत है हेमंत सोरेन सरकार में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। अधिकारी जनता की बात नहीं सुनते, पूर्ववर्ती सरकार में एक दिन में ट्रांसफार्मर बदल जाती थी विरोध प्रदर्शन के दौरान विक्की सिंह वालिया, प्रदीप सिंह, रामजीत रजवार, सत्यपाल राउत, गौतम सिंह, विनोद प्रजापति, कृष्ण गोपाल भद्र, संतोष बिरहोर, चैतू बेदिया, अर्जुन प्रजापति, ममता देवी, बबलू सिंह, खोमा देवी, पूनम सिंह, गीता देवी, वीना देवी, टिंकू प्रजापति, गोपाल सिंह, सूरज रजवार आदि उपस्थित थे।

मध्य प्रदेश में रिलायंस, हेतिच इंडिया और पेप्सिको लगाएंगी उद्योग, चार हजार करोड़ से अधिक का होगा निवेश

रिलायंस लगाएगा कम्प्रेस्ड बायो गैस और बायो गैस सघनीकरण संयंत्र

भोपाल (हि.स.)। राज्य सरकार की उद्योग फ्रेंडली नीतियों के चलते मध्य प्रदेश उद्योगपतियों की पहली पसंद बनता जा रहा है और यहां बड़ी-बड़ी कंपनियां करोड़ों के निवेश कर उद्योग स्थापित कर रही हैं। इसी क्रम में चार हजार करोड़ का निवेश कर रिलायंस, हेतिच इंडिया और पेप्सिको यहां अपने उद्योग स्थापित करने जा रही हैं। इन कंपनियों ने बायोगैस, फर्नीचर फिटिंग्स और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने की इच्छा जताई है।

दरअसल, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, हेतिच इंडिया और पेप्सिको इंडिया उद्योग समूह के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की तथा प्रदेश में बायो गैस, फर्नीचर फिटिंग्स और

खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की स्थापना के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों और निवेशकों का प्रदेश में स्वागत करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री चौहान को रिलायंस इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष फरहान अंसारी तथा उपाध्यक्ष विवेक तनेजा ने बताया कि उनका समूह प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगभग 1970 करोड़ रुपये के निवेश से 10 कम्प्रेस्ड बायो गैस और 15 बायो गैस सघनीकरण संयंत्र स्थापित कर जैव ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश का इच्छुक है। मुख्यमंत्री चौहान से रिलायंस के प्रतिनिधियों ने राज्य को होने वाले दीर्घकालिक लाभ और कम्पनी की अपेक्षाओं के संबंध में चर्चा की।

हेतिच इंडिया की फर्नीचर हार्डवेयर उत्पादों के निर्माण में है विशेषज्ञता

मुख्यमंत्री चौहान से फर्नीचर हार्डवेयर उत्पादों के निर्माण में विशेषज्ञता रखने वाली जर्मन कम्पनी हेतिच इंडिया के प्रबंध संचालक अद्रि अकोल्ट ने भेंट कर पीथमपुर में 700 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित हो रही कम्पनी की नई इकाई की जानकारी दी। इकाई में लगभग 500 लोगों के लिए रोजगार सृजित होगा। कम्पनी द्वारा पीथमपुर में वर्ष 2020 में 300 करोड़ रुपये के निवेश से एक इकाई स्थापित की जा चुकी है, जिससे लगभग 600 लोगों के लिए रोजगार सृजित हुआ है। हेतिच इंडिया इस इकाई का भी 270 करोड़ रुपये के निवेश के साथ विस्तार कर रही है। कब्जे (हिंज) बनाने की इस इकाई से भी लगभग 600 लोगों के लिए रोजगार सृजित होगा।

पेप्सिको उज्जैन में काबोर्नेटेट पेय इकाई स्थापित करने की इच्छुक

मुख्यमंत्री चौहान से पेप्सिको इंडिया के प्रेसीडेंट अहमद अल शेख, चीफ फाइनेंशियल ऑफीसर किशोर मित्रा और चीफ कार्पोरेट अफेयर्स गरिमा सिंह ने भेंट की। पेप्सिको विश्वव्यापी उपस्थिति रखने वाली प्रमुख खाद्य और पेय कम्पनी है। पेप्सिको इंडिया लगभग एक हजार 155 करोड़ रुपये के निवेश के साथ विक्रम उद्योगपुरी उज्जैन में खाद्य प्र-संस्करण (काबोर्नेटेट पेय) इकाई स्थापित करने की इच्छुक है, जिसमें लगभग 150 लोगों के लिए रोजगार सृजित होंगे।

तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन राज्यसभा से निलंबित

नई दिल्ली (हि.स.)। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन को सदन में अशोभनीय और अभद्र व्यवहार की वजह से मंगलवार को मानसून सत्र की पूरी कार्यवाही के लिए निलंबित कर दिया। सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि डेरेक का आचरण संसदीय गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। वह लगातार कार्यवाही को बाधित कर रहे हैं। सभापति की अवज्ञा कर रहे हैं। डेरेक के निलंबन का प्रस्ताव पीयूष गोयल ने सदन के सामने रखा। सभापति जगदीप धनखड़ ने प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए डेरेक के निलंबन की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि डेरेक इससे पहले भी सदन की कार्यवाही से निलंबित हो चुके हैं। कल भी गृहमंत्री अमित शाह के संबोधन के समय डेरेक ने कई बार शोर- शराबा किया था। दूसरी ओर, लोकसभा में हंगामा के चलते प्रश्नकाल पूरा नहीं हो सका। हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही को दोपहर 12:00 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा।

उत्तराखंड में 12 अगस्त तक जमकर बरसेंगे बदरा,ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

01 राष्ट्रीय राजमार्ग और 05 बॉर्डर मार्ग सहित कुल 208 सड़कें बाधित

देहरादून, (हि.स.)। उत्तराखंड में बारिश का प्रभाव आने वाले दिनों भी बना रहेगा। राज्य में लगातार हो रही बारिश से पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाएं और नदी-नाले में बढ़ते जलस्तर से आमजन जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। राज्य में 01 राष्ट्रीय राजमार्ग और 05 बॉर्डर सहित कुल 208 अन्य सड़कें अवरुद्ध हैं। मौसम विभाग ने 12 अगस्त तक के लिए राज्य में गरज-चमक के साथ भारी से भारी बारिश के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। इस चेतावनी को लेकर राज्य के सभी जिला अधिकारियों और आपदा विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है। बुधवार सुबह से देहरादून सहित आसपास के इलाकों में मौसम खुला हुआ है, लेकिन आसमान में काले बादल मंडरा रहे हैं। सूर्य देव का बादलों की ओट में लुकाछुपी का खेल जारी है। राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। आज के लिए देहरादून सहित पांच जिलों में और गुरुवार के लिए सात जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हरिद्वार में गंगा का जल स्तर 292.85 मीटर पर है, जो खतरे के निशान से नीचे है। गौरीकुंड में लापता 20 लोगों को खोजने के लिए सर्च अभियान जारी है। मौसम विभाग के जारी पूवार्नुमान के अनुसार आज के लिए टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, चंपावत, नैनीताल जबकि 09 अगस्त के लिए टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, चंपावत, नैनीताल,उधम सिंह नगर और हरिद्वार जिले में भारी से भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी जारी की गई है। दस अगस्त को चमोली, चंपावत, बागेश्वर और नैनीताल सहित चार जिलों में 12 अगस्त तक के लिए बागेश्वर,चंपावत और नैनीताल के लिए ऑरेंज अलर्ट और 11 अगस्त को राज्यभर के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश भर में लगातार हो रही बारिश से टिहरी जिले में 01 राष्ट्रीय राजमार्ग और 5 बॉर्डर सहित लगभग 208 सड़कें बंद हैं। इनमें से 13 राज्यमार्ग भी बंद हैं। टिहरी जिले में ऋषिकेश देव प्रयाग-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग 07 (एनएच 58) अटाली गंगा में वाश आउट होने के चलते मार्ग बाधित है। पिथौरागढ़ जिले में 05 बार्डर मार्ग भी अवरुद्ध है। संबंधित विभाग की ओर से बंद मार्गों को खोलने का कार्य जारी है।

बिकवाली के दबाव में टूटा बाजार, निवेशकों को लगी 2,000 करोड़ की चपत

सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए

नई दिल्ली, (हि.स.)। कमजोर ग्लोबल संकेतों और बिकवाली के दबाव की वजह से घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी, लेकिन शेयर बाजार पर लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। हालांकि, बीच-बीच में खरीदारों ने लिवाली करके बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की। इसके बावजूद बाजार लाल निशान में ही बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

दिन भर के कारोबार के दौरान टेलीकॉम, मेटल और यूटिलिटी सेक्टर में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी और ऑटोमोबाइल शेयरों पर भी दबाव बना रहा। दूसरी ओर पीएसयू बैंक, आईटी, फार्मास्यूटिकल और कंज्यूमर ड्युरेबल्स से जुड़े शेयरों में खरीदारी होती नजर आई। ब्रॉर्डर मार्केट में भी छोटे और मंझोले शेयरों में खरीदारी का

रुख नजर आया, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया।

कारोबार में आई गिरावट के कारण बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप करीब 2 हजार करोड़ रुपये घट गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपीटलाइजेशन 305.36 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को इन कंपनियों का मार्केट कैपीटलाइजेशन 305.38 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह कारोबार से शेयर बाजार के निवेशकों को करीब 2 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में कुल 3,755 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग होती रही। इनमें से 1,852 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,752 शेयरों में कमजोरी दर्ज की गई। इसके अलावा 151 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,041 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 984 शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में और 1,057 शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह निफ्टी के 50 शेयरों में से 19 शेयर तेजी के साथ और 31 शेयर कमजोरी के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में और 20 शेयर कमजोरी के साथ लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 95.33 अंक की बढ़त के साथ 66,48.81 अंक के स्तर पर खुला। शुरूआती कारोबार में मामूली खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 66,057.53 अंक तक पहुंचा। इसके बाद बिकवाली का दबाव बनाने की वजह से ये लगातार गिरता चला गया। हालांकि, खरीदार भी लगातार बाजार में लिवाली करके सपोर्ट देने की कोशिश करते रहे, जिसकी वजह से ये सूचकांक एक सीमित दायरे में ही मामूली उतार-चढ़ाव के साथ कारोबार करता रहा। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 106.98 अंक की कमजोरी के साथ 65,846.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 29.90 अंक की मजबूती के साथ 19,627.20 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में हुई खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक ने भी 19,634.40 अंक की छलांग लगाई, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने पर ये सूचकांक 19,533.10 अंक तक लुढ़क भी गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 26.45 अंक की कमजोरी के साथ 19,570.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

दिन भर हुई खरीदारी के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हीरो मोटोकॉर्प 3.82 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 3.59 प्रतिशत, सिप्ला 3.50 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.84 प्रतिशत और विप्रो 1.26 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर अडाणी इंटरप्राइजेज 2.98 प्रतिशत, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 2.60 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 2.17 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.78 प्रतिशत और डिवीज लेबोरेट्रीज 1.64 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

अमेरिकी स्टार्टअप सीवार ने जिंदल स्टील एंड पॉवर (जीएसपी) समूह के साथ साझेदारी की

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय मूल की टीम के नेतृत्व वाले एक अमेरिकी स्टार्टअप सीवार ने कार्बन कैप्चर की किफायती और गैर-विषाक्त तकनीक के प्रायोगिक परीक्षण के लिए जिंदल स्टील एंड पॉवर (जीएसपी) समूह के साथ साझेदारी की है। इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी के तकनीकी और व्यवसायिक संभावनाओं को साबित करना है। स्टार्ट-अप सीवार का लक्ष्य कार्बन कैप्चर की मौजूदा व्यवसायिक लागत घटाकर एक-तिहाई करना है। इस प्रायोगिक परीक्षण सफल होने पर यह प्रौद्योगिकी वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन घटाने में गेम-चेंजर साबित होगी। इसके साथ सीवार ने 2030 तक 250 मिलियन टन सीओटू को कैप्चर करने, भंडारित करने और दोबारा उपयोग में लाने का भी लक्ष्य निर्धारित किया है, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में बहुत ज्यादा असरदार होगा। श्रेयस चिपलकट्टी, सीईओ, सीवार एलसीसी ने जारी बयान में कहा कि ऊर्जागत परिवर्तन जारी है, लेकिन परिणाम आने में समय लगेगा। ऐसे में सीवार की कार्बन कैप्चर की अग्रणी तकनीक मौजूदा ऊर्जा बुनियादी ढांचे में कोई व्यवधान पैदा किए बगैर जीवाश्म ईंधन को जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से उपयोग करने की सुविधा देती है।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट: बिटकॉइन की बढ़ी चमक, मार्केट हिस्सेदारी भी बढ़ी

नई दिल्ली (हि.स.)। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज आमतौर पर तेजी का रुख नजर आ रहा है। हालांकि मार्केट में आज कोई बड़ा उतार-चढ़ाव नजर नहीं आ रहा है। सभी प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज मामूली उतार चढ़ाव के साथ सीमित दायरे में ही कारोबार कर रही हैं। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप टेन में शामिल 7 क्रिप्टो करेंसी बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि 3 क्रिप्टो करेंसी गिरावट के साथ रेड जोन में बनी हुई हैं।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ 29,272.09 डॉलर यानी 24.25 लाख रुपये की कीमत पर कारोबार कर रही थी। दुनिया की दूसरी सबसे



बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम 0.06 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 1,831.91 डॉलर के स्तर पर बनी हुई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टॉप 10 में शामिल अन्य क्रिप्टो करेंसीज में से टेथर 0.09 प्रतिशत, बीएनबी 0.56 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.02 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.04 प्रतिशत और सोलाना 0.75 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर डोजेकॉइन 1.25 प्रतिशत, काडानो 0.31 प्रतिशत और ट्रॉन 0.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में करीब 0.40 प्रतिशत की तेजी आई है। इस तेजी के कारण ग्लोबल क्रिप्टो मार्केट कैप 1.17 लाख करोड़ डॉलर यानी 96.95 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह पिछले 24 घंटे की अवधि में क्रिप्टो करेंसी मार्केट के लेनदेन में भी तेजी आई है। इस अवधि में 3,242 करोड़ डॉलर यानी 2.96 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी का लेनदेन हुआ। लेनदेन का ये स्तर 1 दिन पहले की तुलना में 40.15 प्रतिशत अधिक है। इन 24 घंटों के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की स्थिति भी 0.21 प्रतिशत मजबूत हुई है। इसकी वजह से बिटकॉइन की मार्केट हिस्सेदारी बढ़कर 48.88 प्रतिशत हो गई है।

एक नजर

बीजू जनता दल ने किया अविश्वास प्रस्ताव का विरोध, सरकार से की महिला आरक्षण की मांग

नई दिल्ली (हि.स.)। बीजू जनता दल ने मंगलवार को लोकसभा में केन्द्र सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का विरोध किया। बीजू जनता दल के नेता पिनाकी मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के लाए प्रस्ताव का बीजद समर्थन नहीं कर सकता। पिनाकी मिश्रा ने अपनी पार्टी के नेता एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की कार्यप्रणाली का जिक्र करते हुए कहा कि स्वयं गृहमंत्री अमित शाह ने उनकी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि नवीन पटनायक ने सहयोगी संघवाद का एक उदाहरण पेश किया है। मिश्रा ने कहा कि बीजू जनता दल हर मसले पर सरकार का विरोध करने का पक्षधर नहीं है। साथ ही उन्होंने मोदी सरकार की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार हर राज्य की हर मांग को पूरा नहीं कर सकती लेकिन मोदी सरकार ने राज्य के राजस्व घाटे से जुड़े कई मसलों का समाधान किया है। मणिपुर पर सकारात्मक राजनीति का समर्थन करते हुए उन्होंने मांग की कि सरकार को केन्द्र और राज्यों में महिलाओं को आरक्षण देना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की कि महिला आरक्षण विधेयक लाया जाए। वे बहुमत में हैं और अभी भी एक सत्र बाकी है। उनकी मांग है कि इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 को नए भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप बताया

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव के एक लेख के माध्यम से वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 पर प्रकाश डाला है। मंत्री भूपेन्द्र यादव ने लिखा है कि यह विधेयक कैसे नए भारत में लोगों की आकांक्षाओं का जवाब देता है, जंगलों के बाहर हरित क्षेत्रों को बढ़ाने और जंगलों को अधिक उत्पादक बनाने के लिए जमीन तैयार करता है।

नूंह हिंसा पर गृहमंत्री की स्टेटस रिपोर्ट- अब तक दस जिलों में 142 केस दर्ज, 312 गिरफ्तारियां

चंडीगढ़ (हि.स.)। नूंह में बीती 31 जुलाई को हुई हिंसा की घटना के बाद अब तक प्रदेश के दस जिलों में 142 मामले में दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें से कई केसों में लोगों को चिन्हित करके उनके नाम से मामले दर्ज किए गए हैं। अब तक कुल 142 मामले दर्ज करके 312 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने मंगलवार को नूंह हिंसा के बाद पुलिस कार्रवाई को लेकर स्टेटस रिपोर्ट जारी की, जिसके अनुसार भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए, 295ए, 505 (2) के तहत दस जिलों में 29 मामले दर्ज किए गए हैं, जिसके तहत पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अन्य धाराओं के तहत 113 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 305 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। विज के अनुसार अब तक कुल 142 मामले दर्ज करके 312 लोगों को गिरफ्तार किया गया हे। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से मंगलवार की सुबह तक 106 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जारी रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक नूंह में मामले दर्ज किए गए हैं।

जिला का नाम	दर्ज केस	गिरफ्तार
फरीदाबाद	06	013
गुरुग्राम	32	092
नूंह	57	170
रेवाड़ी	05	015
पलवल	20	005
यमुनानगर	03	002
कुरुक्षेत्र	02	001
पानीपत	06	009
जींद	01	000
हिसार	01	000
हांसी	01	000
भिवानी	03	002
नारनौल	02	001
करनाल	02	002
रोहतक	01	000

305 लोगों को गिरफ्तार

मंत्रालय में हिंसक घटना की धमकी देने वाला गिरफ्तार

मुंबई (हि.स.)। मंत्रालय में हिंसक घटना की धमकी देने वाले को पुलिस ने कांदिवली से गिरफ्तार कर लिया है। धमकी देने वाले की पहचान प्रकाश खेमानी के रूप में की गई है। मुंबई पुलिस खेमानी से गहन पूछताछ कर रही है। इस धमकी के बाद मंत्रालय और उसके आस पास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। **जानकारी के अनुसार** मंत्रालय के कंट्रोल रूम में सोमवार को देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर मंत्रालय में हिंसक घटना होने की धमकी दी। कंट्रोल रूम से इस धमकी की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई और मंत्रालय के आस-पास की सुरक्षा तत्काल बढ़ा दी गई। इसके बाद पुलिस को पता चला कि यह फोन काल कांदिवली इलाके से की गई थी। पुलिस ने मंगलवार को सुबह धमकी देने वाले शख्स प्रकाश खेमानी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

जैसलमेर के नगराजा गांव के एक खेत के पास मिला संदिग्ध पाकिस्तानी गुब्बारा

जैसलमेर (हि.स.)। जैसलमेर के नगराजा गांव के एक खेत के पास मंगलवार को एक संदिग्ध पाकिस्तानी गुब्बारा मिला है। भारत पाकिस्तान की सीमा से करीब नब्बे किलोमीटर अंदर भारतीय क्षेत्र में ये पाकिस्तानी गुब्बारा मिला है। तेज हवाओं में गुब्बारे के उड़ कर आने की आशंका जताई जा रही है। जैसलमेर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने पुष्टि करते हुए बताया कि इस संबंध में जानकारी ली जा रही है। प्रथम दृष्ट्या सोमवार को तेज हवा और आंधी के कारण गुब्बारे के उड़ कर सीमा पार से आना लग रहा है, फिर भी गांव तथा आसपास के लोगों से जानकारी प्राप्त की जा रही है। खुहड़ी थाना पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी जांच पड़ताल में जुटी हैं। सीमा के इतना अंदर गुब्बारा मिलना जांच का विषय हो सकता है।

पेपरफ्राई के सीईओ अंबरीश मूर्ति का दिल का दौरा पड़ने से निधन

नई दिल्ली (हि.स.)। पेपरफ्राई के को-फाउंडर और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंबरीश मूर्ति का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। 51 साल के मूर्ति लेह में थे, जब उन्हें दिल का दौरा पड़ा। कंपनी के सह-संस्थापक आशीष शाह ने इसकी पुष्टि की है। पेपरफ्राई के एक और सह-संस्थापक आशीष शाह ने ट्वीट कर कहा कि यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मेरे दोस्त, मेंटर, भाई अंबरीश मूर्ति अब नहीं हैं। कल रात लेह में दिल का दौरा पड़ने से हमनें उन्हें खो दिया है। कृपया उनके लिए और उनके परिवार और प्रियजनों को शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना करें। उल्लेखनीय है कि अंबरीश मूर्ति ने साल 2011 में आशीष शाह के साथ मुंबई में फर्नीचर और होम डेकोर कंपनी पेपरफ्राई की स्थापना की थी। मूर्ति का जन्म 10 सितंबर, 1971 में हुआ था। अंबरीश मूर्ति पेपरफ्राई से पहले अंबरीश ईबे में कंट्री मैनेजर थे। वो ट्रैकिंग के शौकीन थे।

आतिशी दिल्ली सरकार में सबसे ताकतवर मंत्री बनीं

नई दिल्ली (हि.स.)। दिल्ली सरकार में बड़ा बदलाव करते हुए उपराज्यपाल के पास सर्विसेस और विजिलेंस विभाग की जिम्मेदारी आतिशी को सौंपे जाने से जुड़ी फाइल भेजी गई है। आतिशी के पास पहले ही पीडब्ल्यूडी और वित्त विभाग है। वर्तमान में सौरभ भारद्वाज सर्विसेस और विजिलेंस विभाग संभाल रहे थे।

सशस्त्र बलों की मजबूती के लिए लोकसभा से पारित विधेयक राज्य सभा में पेश

रक्षा मंत्री ने कहा, भारत के सैन्य सुधारों की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा बिल

बिल का उद्देश्य सैन्य बलों में निहित अनुशासन की महान परंपरा को और मजबूती देना

नई दिल्ली (हि.स.)। लोकसभा से पारित होने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सशस्त्र बलों की मजबूती के लिए राज्यसभा में अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक-2023 पेश किया है। इस बिल का उद्देश्य हमारे सैन्य बलों में निहित अनुशासन की महान परंपरा को और मजबूती देना है। उन्होंने सदन को विश्वास दिलाते हुए कहा कि यह बिल भारत के सैन्य सुधारों की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने विधेयक पेश करते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए हमारी सेनाओं को सशक्त करना बेहद आवश्यक है। बेहतर तालमेल से ही हमारी सेनाएं वांछित परिणाम हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। इसलिए सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल व एकीकृत संरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ही इस बिल को लाया गया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि लोकसभा में पारित होने के बाद राज्यसभा में पेश किया गया अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक-2023 भी उन्हीं प्रयासों में एक अहम प्रयास है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जब भी कोई राष्ट्र प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा

होता है तो समय की मांग के अनुसार उसे अपने भीतर बदलाव करने पड़ते हैं। कानूनों के संबंध में भी यही बात पूरी तरह लागू होती है। हमारी सरकार ने देश की प्रगति में बाधा डाल रहे अनेक पुराने कानूनों को खत्म किया और जहां आवश्यकता पड़ने पर नए कानूनों को लागू भी किया है। इस बिल का उद्देश्य हमारे सैन्य बलों में निहित अनुशासन की महान परंपरा को और मजबूती देना है।

उन्होंने सदन को विश्वास दिलाते हुए कहा कि यह बिल भारत के सैन्य सुधारों की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह बिल हमारी सेना के भीतर उचित एकीकरण और संयुक्तता को बढ़ावा देने की इच्छा रखता है। इसके साथ ही यह बिल अंतर-सेवा संगठनों के प्रमुखों को बेहतर अनुशासनात्मक या प्रशासनिक शक्तियां प्रदान करता है, जिससे वे अपने संगठनों में प्रभावी कमान, नियंत्रण और अनुशासन लाकर हमारे सुरक्षा संस्थानों को भी मजबूत बना सकते हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि मूल रूप से सेना, नौसेना और वायु सेना से इनपुट लेकर कानून और न्याय मंत्रालय की सलाह से इस बिल का मसौदा तैयार किया गया है। किसी घटना में शामिल कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक या प्रशासनिक कार्रवाई किये जाने की पूरी प्रक्रिया में न केवल समय लगता है, बल्कि कर्मियों की छुट्टी के कारण धन-व्यय भी अधिक होता है। इसके अतिरिक्त यह भी समस्या सामने आती है कि कई बार एक ही अपराध के लिए अलग-अलग स्थानों के अधिकारी अलग-अलग निर्णय देते हैं, जिनसे विसंगतियां उत्पन्न होती हैं। यह बिल इन्हीं विसंगतियों को दूर करेगा।

आजादी विशेष

थरार्ये अंग्रेजों ने बंगाल के क्रांतिवीर मनोरंजन को 25 साल की उम्र में चढ़ा दिया फांसी पर

कोलकाता (हि.स.)। देश की आजादी के उत्सव का महीना चल रहा है। 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता यूं ही नहीं मिली बल्कि लाखों क्रांतिकारियों ने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान कर भारती के चरणों में समर्पित किया था। तब जाकर गुलामी की बेड़ियां टूटी थीं और आज बुलंद भारत के तौर पर आजादी का महापर्व मना रहे हैं। ऐसे कई क्रांतिकारियों को तो देश बड़े सम्मान से याद करता है पर मां भारती पर सब कुछ समर्पित करने वाले कई ऐसे योद्धा थे, जिन्हें इतिहास में जगह ही नहीं मिली। ऐसे ही एक क्रांतिकारी थे बंगाल के लाल मनोरंजन सेन गुप्ता।

शेरे बंगाल कहे जाने वाले महान क्रांतिकारी बाघा जतिन के साथ मिलकर मनोरंजन सेन गुप्ता ने अंग्रेजी फौज पर हमले और लूट की कई योजनाओं में भाग लेकर उनके दांत खट्टे कर दिए थे। इनकी बहादुर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ओडिशा के जंगलों में अंग्रेजों की पूरी फौज से अपने महज पांच साथियों की मदद से भिड़ गए थे और कई घंटे तक उनके छक्के छुड़ाते रहे। इसमें उनके क्रांतिकारी साथी चित्त प्रिय रायचौधरी भी शामिल थे। बाद में पुलिस फायरिंग में गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हालत में पकड़े गए थे। अंग्रेज मनोरंजन से इतने खौफ में थे कि गंभीर रूप से घायल और बीमार अवस्था में ही उन्हें महज 25 साल की उम्र में 22 नवंबर, 1915 को ओडिशा के बालेश्वर मंडल कारागार में फांसी दे दी गई।

गदर पार्टी के क्रांतिकारियों के बारे में लिखी अपनी किताब में इतिहासकार नागेंद्र सिन्हा लिखते हैं कि मनोरंजन सेन गुप्ता का जन्म तत्कालीन अविभक्त बंगाल के फरीदपुर जिला अंतर्गत खैरबंगा गांव में सन 1890 में हुआ था। फिलहाल यह इलाका बांग्लादेश का हिस्सा है। यह ऐसा समय था जब क्रांतिकारियों ने बाघा जतिन के नेतृत्व में पूरे बंगाल में अंग्रेजों के खिलाफ गदर का ऐलान कर दिया गया था। जगह-जगह अंग्रेजों के खिलाफ राजनीतिक डकैतियां, लूटपाट और अत्याधुनिक विदेशी अस्त्र-शस्त्र से हमले हो रहे थे। लाला हरदयाल और अन्य प्रवासी भारतीयों की मदद से गदर की सफलता के लिए अपार धन राशि और अस्त्र-शस्त्र भारत लाया जा रहा था। मनोरंजन सेनगुप्ता के पिता का नाम हलधर सेनगुप्ता था, जो अंग्रेजों के घोर विरोधी थे। इसलिए बचपन से ही मनोरंजन



क्रांतिकारियों के संपर्क में आ गए थे और पहली बार दिसंबर 1913 में अंग्रेजों के एक विश्वासपात्र बंगाली जमींदार के घर राजनीतिक डकैती के बाद वह पकड़े गए थे। 19 दिसंबर, 1913 से 20 अप्रैल, 1914 तक अपने अन्य साथियों के संग उन्हें जेल की यातना सहनी पड़ी। तब उनकी उम्र महज 23 साल थी। डकैती को फरीदपुर षड्यंत्र केस के नाम से जाना जाता है।

जेल से रिहा होने के बाद मनोरंजन सीधे तौर पर क्रांतिकारी बाघा जतिन के संपर्क में आ गए और उन्हीं के नेतृत्व में जगह-जगह राजनीतिक डकैतियों में शामिल होते रहे। इसे समय कोलकाता में सीआईडी और पुलिस के दो इंस्पेक्टर हुआ करते थे सुरेश चंद्र मुखर्जी और नीरज चंद्र हलदार। ये क्रांतिकारियों को लगातार पकड़वा रहे थे और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलवा रहे थे। इसके बाद बाघाजतिन ने दोनों को मौत के घाट उतारने का आदेश दिया और चित्तप्रिय राय चौधरी तथा मनोरंजन सेन गुप्ता को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई। एक तरफ चित्तप्रिय राय चौधरी ने नीरज चंद्र हलदार को गोलियों से छलनी कर दिया तो दूसरी तरफ सुरेश चंद्र मुखर्जी को मनोरंजन सेनगुप्ता ने मौत के घाट उतारा। तब प्रथम विश्वयुद्ध चल रहा था और अंग्रेजी फौज दुनिया भर में जर्मनी और सहयोगी देशों का मुकाबला कर रही थी। ऐसे समय में प्रवासी क्रांतिकारी भारतीयों ने अंग्रेजों के तख्तापलट के लिए भारी अस्त्र-शस्त्र और धनराशि विदेशों से भेजना शुरू कर दिया। अंग्रेजों के दुश्मन देश जर्मनी ने भारत की मदद शुरू कर दी थी।

क्रांतिकारियों के सौजन्य से हथियारों से भरा एक जहाज जर्मनी से ओडिशा के बालेश्वर समुद्र तट पर आने वाला था। इसे रिसीव करने और हथियारों को सुरक्षित तौर पर क्रांतिकारी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी बाघा जतिन को सौंपी गई। वह मनोरंजन सेन गुप्ता, चित्तप्रिय राय चौधरी समेत पांच क्रांतिकारियों को लेकर ओडिशा के जंगलों में जा पहुंचे। यहां मयूरभंज के जंगलों में क्रांतिकारियों ने डेरा डाल रखा था। यहां मनोरंजन की गोली से गलती से एक साधु मारा गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने डाकू समझकर पुलिस को खबर दे दी। इससे बाद अंग्रेजी फौज ने क्रांतिकारियों को मयूरभंज के जंगलों में घेर लिया और उनकी नौ सितंबर 1915 को प्रातः 11:00 बजे पुलिस से मुठभेड़ हुई। गोली लगने से चित्तप्रिय रायचौधरी वहीं बलिदान हो गए जबकि मनोरंजन सेन गुप्ता गोलियों से घायल होकर लहूलुहान हो गए थे। उन्हें उसी अवस्था में गिरफ्तार कर उन पर राजद्रोह का मुकदमा चलाया गया और एक महीने के अंदर जब वह बुरी तरह से घायल और बीमार थे तब 16 अक्टूबर, 1915 को उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई। बालेश्वर जेल में 22 नवंबर, 1915 को घायल अवस्था में ही उन्हें फांसी पर लटका दिया गया।

केविके परसौनी को मिली सफलता, 30 साल बाद चंपारण मे मोटे अनाज कौनी की हुई कटाई

पूर्वी चंपारण (हि.स.)। जिले के पहाड़पुर प्रखंड स्थित परसौनी कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों का मेहनत अब रंग लाने लगी है।केन्द्र ने जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत किसानों को मोटा अनाज लगाने के लिए दिये गये प्रशिक्षण और प्रेरणा से किसानो के खेत में मोटे अनाज कौनी की अब कटाई होने लगी है। किसानो के खेतो में फसल कटाई के दौरान मौजूद मृदा विशेषज्ञ आशीष राय ने प्रसन्नता जाहिर करते बताया कि केन्द्र के विशेषज्ञो की टीम ने जलवायु संकट को देखते हुए किसानो को मोटे अनाज की बुवाई के लिए प्रेरित किया था,साथ ही उन्हे मोटे अनाज कौनी के उत्तम बीज जो कि बिहार में ही तैयार किया गया है,राजेंद्र कौनी-1 दिया गया था। जिसका बुवाई कर किसानो ने बेहतर उत्पादन प्राप्त किया है। उन्होने बताया मोटे अनाज कौनी का फसल जिसे बहुत कम खाद और पानी की जरूरत होती है। उन्होने बताया केन्द्र ने क्षेत्रीय किसान मैनेजर प्रसाद सहित अन्य किसान से कौनी की सीधी बीजाई कराया था। जिसकी अब कटाई हो रही है,अब इन खेतो में किसान धान या अन्य फसल की बुवाई की तैयारी कर रहे है,यानी एक खरीफ मौसम में दो फसल जो किसानो के काफी लाभदायक सिद्ध होगा। केविके के वरीय वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार सिंह ने भी केन्द्र के वैज्ञानिकों की सफलता की सराहना करते बताया कि राजेंद्र कौनी -1 कम समय में पकने वाली फसल है जो महज 80 दिनों में तैयार हो जाती है।पौष्टिकता से भरपूर कौनी का वैश्विक मांग है।उन्होने कहा कि मोटे अनाज का यह उत्पादन चंपारण क्षेत्र में 25 -30 साल बाद किया गया है,जो केन्द्र की सफलता को परिलक्षित कर रहा है,केन्द्र के सहयोग से किसान के खेतो में मोटे अनाज मडुआ व कोदो की भी खेती की गयी है,जिसका परिणाम भी बेहतर होगे। उन्होने इस कार्य के लिए केन्द्र के मृदा विशेषज्ञ डा.आशीष राय कीट विशेषज्ञ जीर विनायक, संस्कृति सिंधु,सहकर्मी रुपेश कुमार, चुन्नू कुमार, संतोष कुमार, विपिन कुमार सहित उन सभी किसानों की प्रशंसा किया जिन्होने मोटे अनाज के महत्व को समझ कर इसकी खेती के लिए अग्रसर हुए है। **कैसे करे कौनी की खेती** कौनी की फसल की बुवाई हर प्रकार की मिट्टी में हो सकती है। सिंचित क्षेत्रों में अप्रैल-मई में इसकी खेती की जा सकती है। इसे 25-30 सेंटीमीटर की दूरी वाली कतारों में 3-4 सेंटीमीटर की गहराई पर रोपना चाहिए। इसके लिए 8-10 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर पर्याप्त होता है।इस फसल को अत्यधिक सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती। पौधो में 15 दिन बाद निकाई करना चाहिए। इस फसल पर कीट का प्रकोप बहुत कम होता है। अगर कीट का प्रभाव दिखे तो प्राकृतिक अवयव का छिड़काव करे।

फिर गूंजेगी घंटाघर की घड़ी की मधुर आवाज, लौटेगा वैभव, बनेगा पर्यटन केंद्र

सेटेलाइट व जीपीएस आधारित लगेगी नई घड़ी

दिल्ली की मेडिवल इंडिया 14 अगस्त तक लगाएगी घड़ी

स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगी आभा से दमकेगी घंटाघर की सुंदरता

राह चलते लोगों को बताएगी समय, घंटाघर की खासियत से कराएगी वाकिफ

आटोमैटिक ट्राई कलर से जगमगाएगा घंटाघर, सुबह होते ही बंद हो जाएगी लाइट

मीरजापुर (हि.स.)। शहर के मध्य स्थापित ऐतिहासिक घंटाघर की वैभव जल्द लौटेगी। अब मीरजापुर शहर की धड़कन की मधुर आवाज फिर गूजेंगी। ऐतिहासिक घंटाघर की घड़ी राह चलते लोगों को समय बताने के साथ अपनी खासियत से भी वाकिफ कराएगी। साथ ही ऐतिहासिक इमारत ट्राई कलर से जगमग नजर आएगा यानी अब उपेक्षित घंटाघर पर सरकार की नजर पड़ चुकी है। ऐसे में सुंदरीकरण होने से शहर के मध्य घंटाघर पर्यटन केंद्र बनेगा। देश-विदेश से विंध्य क्षेत्र आने वाले लोग घंटाघर को देखने जरूर आएंगे। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

आजादी के 75 वर्ष बाद अमृत काल में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर ऐतिहासिक घंटाघर व उसकी घड़ी भी स्वतंत्र हो जाएगी। स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगी आभा से दमकते घंटाघर की सुंदरता लोगों की निगाहें बरबस ही अपनी ओर खींचेगी। रौशनी से चकाचैंध घंटाघर तिरंगा रंग में नजर आएगा।

नगर पालिका परिषद मीरजापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने बताया कि ऐतिहासिक इमारत घंटाघर की घड़ी वर्षों से बंदी पड़ी थी। यही नहीं, कुछ माह पूर्व गिरी आकाशीय बिजली से घड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। अब दिल्ली की मेडिवल इंडिया की टीम 14 अगस्त तक घंटाघर की घड़ी को बनाएगी। नई घड़ी पूरी तरह से सेटेलाइट और जीपीएस सिस्टम पर आधारित होगी। इससे ऐतिहासिक इमारत फिर से घड़ी की गूंज से गुंजायमान होगा। साथ ही ट्राई कलर से जगमग नजर आएगा, जो आटोमैटिक सिस्टम पर आधारित होगा। सुबह होते ही अपने आप उसकी

लाइट बंद हो जाएगी। घंटाघर के ऐतिहासिक स्वरूप को बरकरार रखते हुए केवल अंदर से डिजिटलाइल्ड किया जा रहा है। घंटाघर परिसर स्थित फाउंटेन को भी दुरुस्त किया जाएगा। साथ ही लोगों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय भी बनवाया जाएगा।

समृद्ध धरोहर की कहानी बयां कर रहा घंटाघर

मीरजापुर ऐतिहासिक व पुरातात्विक महत्व की दृष्टि से समृद्ध है। पुरखों से हमारे लिए समृद्ध विरासत छोड़ी है। मीरजापुर शहर की धड़कन कहा जाने वाला घंटाघर समृद्ध धरोहर की कहानी बयां कर रहा है, लेकिन स्थापत्य कला का अद्भुत नमूना ऐतिहासिक घंटाघर की बुलंद इमारत व शहर को समय बताने वाली घंटाघर की घड़ी पर अब तक संरक्षण के अभाव में उपेक्षा की नजर लगी हुई थी। इससे मीरजापुर शहर की धड़कन कहा जाने वाले घंटाघर की घड़ी थम गई थी और प्रशासनिक व जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के चलते घंटाघर की घड़ी बदहाल पड़ी थी। इसी बीच एक ऐसा समय आया जब आसमान से गिरी बिजली से घंटाघर की घड़ी चकनाचूर हो गई यानी प्रकृति ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी।

लौटा समय, अब ऐतिहासिक धरोहर से रूबरू हो सकेगी भावी पीढ़ी

कलात्मक घंटाघर के शिखर पर लगी घड़ी की रफ्तार कब की थम चुकी थी। वर्षों से लोगों को घड़ी की सुइयां चलती नहीं दिख रही थी। कभी सैकड़ों लोगों को घंटाघर से ही समय की जानकारी हो पाती थी। कारण यह था कि तब घड़ी सिर्फ रइसों के पास ही हुआ करती थी। ऐसे में आम लोगों को समय की जानकारी घंटाघर में लगी घड़ी से ही हो पाती थी। उस समय काफी दूर तक घड़ी की मीठी आवाज सुनाई पड़ती थी। घड़ी खराब होने से घंटाघर का समय भी खराब चल रहा था। अब घंटाघर का सुंदरीकरण होने से आने वाली पीढ़ी ऐतिहासिक धरोहर से रूबरू हो सकेगी।

मात्र 18 हजार रुपये में बना था घंटाघर, गुरुत्वाकर्षण बल से चलती थी घड़ी

करीब दो सौ वर्ष पूर्व घंटाघर का निर्माण हुआ था। इसके निर्माण की तिथि घंटाघर के आखिरी मंजिल की खिड़कियों पर अंकित है। उस समय इसके निर्माण में 18 हजार रुपये खर्च आए थे। सबसे खास इस इमारत की घड़ी है, जिसे मीरजापुर की धड़कन कहा जाता था। इसकी मीठी आवाज नगर के चारों ओर सुनाई पड़ती थी और लोगों को समय पता चलता था। खास बात यह थी कि घड़ी गुरुत्वाकर्षण बल से चलती थी। ऐसी टेक्नोलाजी आज के समय में असंभव है।

काबिले तारीफ है कलात्मक घंटाघर की दुर्लभ नक्काशी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्यटन व धार्मिक स्थलों के विकास को लेकर प्रयत्नशील हैं। शासन की मंशानुरूप ऐतिहासिक विरासत घंटाघर पर्यटन को बढ़ावा देगा ही, रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। गुलाबी देशी पत्थरों पर की गई अद्भुत व महीन नक्काशियों से बने घंटाघर जैसी विशाल इमारत कहीं और देखने को नहीं मिलती। इस कलात्मक घंटाघर को बनाने में यहां के कारीगरों ने अपनी कारीगरी का बखूबी इस्तेमाल किया है, जो वाकई काबिले तारीफ है। ऐसी दुर्लभ नक्काशियां कम ही देखने को मिलती हैं। फिलहाल यह इमारत इस वक्त नगर पालिका की अभिरक्षा में है।

बारिश से किसानों के खिले चेहरे, कृषि विज्ञान केंद्र ने जारी किए उन्नत खेती के सुझाव

बेगूसराय (हि.स.)। जिला भर में सोमवार की सुबह से रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश ने हर आम और खास को बड़ी राहत दी है। लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है तो किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों के सभी प्रकार की फसल एवं सब्जियों के लिए यह बारिश वरदान है।

पानी के लिए लालायित सब्जी, धान एवं गन्ना की फसल को जहां फायदा हुआ है। वहीं, धान के खेत में फटे दरार समाप्त हो गए हैं तथा किसानों ने इससे बड़ी राहत की सांस ली है। अब उनके पटवन का पैसा भी बच गया है। मौसम के मद्देनजर कृषि विज्ञान केंद्र खोदावंदपुर ने किसानों के लिए समसामयिक सुझाव जारी किए हैं। प्रधान-सह-वरीय वैज्ञानिक डॉ. रामपाल ने बताया कि वर्षा की संभावना को देखते हुए किसान भाई वर्षा जल का संग्रह खेत में करने के लिए मेड़ों को मजबूत बना कर रखें। ऊंची जमीन में अरहर की बुआई यथाशीघ्र कर लें। बुआई के समय प्रति हेक्टेयर 20 किलो नेत्रजन, 45 किलो स्फुर, 20 किलो पोटाश तथा 20 किलो सल्फर का व्यवहार करें।

इसके लिए बहार, पूसा-9, नरेद्र अरहर-1, मालवीय-13, राजेन्द्र अरहर-1 आदि किस्में बुआई के लिए अनुशंसित है। बुआई के 24 घंटे पूर्व 2.5 ग्राम धीरम दवा से प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचार करें। बुआई के ठीक पहले उपचारित बीज को उचित राईजोबियम कल्चर से उपचारित कर बुआई करनी चाहिए। पंक्ति से पंक्ति की दूरी 60 सेमी रखें। बीज दर 18 से 20 किलो प्रति हेक्टेयर रखें।

खरीफ मक्का की फसल में कीट व्याधियों एवं फफूंदी धब्बों की निगरानी करते रहे। कीट अथवा रोग की उपस्थिति में उपचार के लिए दवा का छिड़काव करें। मक्का की 30-35 दिनों वाली फसल में

बछनी कर 40 किलोग्राम नेत्रजन का व्यवहार करें। खड़ी फसलों एवं नर्सरी में कीट व्याधि का निरीक्षण करते रहें।

बैगन की फसल में तना एवं फल छेदक कीट की शुरूवाती रोकथाम के लिए बैगन की रोपाई के दस दिनों बाद एक ग्राम फ्युराजान थ्री जी. दानेदार दवा प्रति पौधा की दर से जड़ के पास मिट्टी में मिला दें। इस मौसम में लत्तर वाली सब्जी नेनुआ, करेला, लौकी एवं खीरा में फल मक्खियों से होने वाले नुकसान में बढ़ोत्तरी हो जाती है। मक्खी से क्षतिग्रस्त सब्जियों को तोड़ कर गड्ढे में दवा दें। इससे बचाव के लिए मिथाइल यूजीनोल ट्रेप का प्रयोग करें।

खरीफ प्याज की रोपाई के लिए खेत की तैयारी करें। खेत की जुताई में 150 से दो सौ क्विंटल प्रति हेक्टेयर सड़ी हुई गोबर की खाद, 60 किलोग्राम नेत्रजन, 80 किलोग्राम स्फुर एवं 80 किलोग्राम पोटाश के साथ 20 किलोग्राम सल्फर का व्यवहार करें। प्याज के पौध की रोपाई के लिए खेतों को समतल कर छोटी-छोटी उथली क्यारियां बनाएं। जिसकी चौड़ाई दो मीटर एवं लम्बाई तीन से पांच मीटर तक रख सकते हैं।

प्रत्येक दो क्यारियों के बीच जल निकासी के लिए नाली जरुर बनाएं। जिन किसानों का प्याज का पौध 45 से 50 दिनों का हो गया हो, वे पंक्ति से पंक्ति की दूरी 15 सेमी, पौध से पौध की दूरी दस सेमी पर रोपाई करें। पिछात बोई गई प्याज की पौधशाला में नियमित रूप से कीट एवं रोग-व्याधि की निगरानी करते रहें। स्वस्थ पौध के लिए पौधशाला से खरपतवार को निकालते रहें।

मिर्च का बीज उथली क्यारियों में गिराएं। इसके लिए उन्नत प्रभेद पंत मिर्च-3, कृष्णा, अर्को लोहित, पूसा ज्वाला, पूसा सदाबहार पंजाब लाल, काशी अनमोल तथा संकर किस्में अग्नि रेखा, कल्याणपुर चमन, कल्याणपुर चमत्कार, बीएसएस-267 अनुशंसित हैं बीज को गिराने से पूर्व थीरम 75 प्रतिशत दवा से बीजोपचार करें।

केला की रोपाई करें। उत्तर बिहार में लम्बी किस्मों के लिए अलपान, चम्पा, कंथाली, मालभोग, चिनियां, शक्कर चिनियां, फिआ 23 तथा बौनी एवं खाने वाली किस्मों के लिए पैडनेन, रोबस्टा, बसराई, फिआ-1 अनुशंसित है। सब्जी वाली किस्में बतीसा, सावा, बनकेल, कचकल, फिआ-3 तथा सब्जी एवं फल दोनों में उपयोग आने वाली किस्म कोठियां, मुठियां, दुधसागर एवं चकिया अनुशंसित है। लम्बी जातियों में पौधा से पौधा की दूरी 20 मीटर एवं बौनी जातियों में 1.5 मीटर रखें।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

मेषः आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-5-6

वृष : स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5

मिथुन : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक-5-7-8

कर्क : आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

सिंह : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चलाने में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9

कन्या : आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

तुला : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

वृश्चिकः मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9

धनु : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

मकरः किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9

कुंभ : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

मीन : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो, समय चक्र है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5







पिछली सरकारों ने पूर्वोत्तर के लिए कुछ नहीं किया: किरण रिजिजू

नई दिल्ली (हि.स.)। अरुणाचल प्रदेश से सांसद और केन्द्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने मंगलवार को लोकसभा में मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने आंकड़ों के जरिए यह बताया कि पूर्वोत्तर और देश के विकास में उनकी सरकार का क्या योगदान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूर्वोत्तर को भारत का हिस्सा कहती है लेकिन कांग्रेस शासन में पूर्वोत्तर के विकास के लिए कुछ नहीं किया गया। लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर करीब एक घंटे के अपने भाषण में रिजिजू ने कहा कि पिछले नौ सालों में पूर्वोत्तर में कोई बढ़ी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि राजनीति में इतना भी अंधा नहीं हो जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस के हर स्टेशन में आज पूर्वोत्तर से एक नियुक्ति है। इसका मकसद यहां रह रहे पूर्वोत्तर के लोगों में विश्वास पैदा करना है। इतिहास का जिक्र करते हुए रिजिजू ने कहा कि 1959 में नेहरू ने चीन के हमले में पूर्वोत्तर को उसके हाल पर छोड़ दिया था। इसी दौरान चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा किया। इसी जमीन पर चीन गांव बना रहा है और इसको आधार बनाकर वर्तमान सरकार पर निशाना साधा जा रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज सीमा के हर क्षेत्र तक सड़क से पहुंचा जा सकता है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत कई देशों से लगते सीमावर्ती गांवों में इस साल तक 4जी सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। आज उन क्षेत्रों में सड़क और रेलवे का जाल बिछाया जा रहा है, जहां अबतक की सरकारें नहीं पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में देश आज नई ऊंचाई छू रहा है। भारत की दुनिया में छवि बदल रही है। प्रधानमंत्री 2047 तक देश को विकसित बनाना चाहते हैं। वह इसमें विपक्ष से भी साथ देने की अपेक्षा रखते हैं।

केपीए के दो विधायकों के समर्थन वापसी से बीरेन सरकार पर कोई असर नहीं: राजकुमार सिंह

इंफाल (हि.स.)। मणिपुर के भाजपा विधायक राजकुमार इमो सिंह ने राज्य की नोंगथमबाम बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस लेने वाले कुकी पीपुल्स एलायंस (केपीए) के दो विधायकों के इस्तीफे की मांग की है। विधायक सिंह ने साथ ही यह भी कहा कि राज्य सरकार के पास बहुमत है। दोनों विधायकों के समर्थन वापसी से सरकार पर कोई असर नहीं होगा। विधायक सिंह ने कहा कि राज्य की ताजा स्थिति के मद्देनजर हमें अनुमान था कि वे सरकार से समर्थन वापस ले सकते हैं। केपीए ने पहले ही केंद्र सरकार को एक ज्ञापन भेजकर मणिपुर में अलग प्रशासन की मांग की थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार या भाजपा दोनों विधायकों के समर्थन वापसी के फैसले से बिल्कुल भी आश्चर्यचकित नहीं है। हालांकि, विधायक राजकुमार ने कहा, 'यह सिर्फ विधायकों की संख्या नहीं है। इस बार राज्य में क्या हो रहा है, यह सुलझना बाकी है। मैं कुछ समुदायों के उन सभी विधायकों से अनुरोध करना चाहूंगा, जिन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अलग प्रशासन की मांग की है, वे विधानसभा में आएं और इस पर चर्चा करें। अपने परिवार के सदस्य के रूप में कार्रवाई करके पूरी कहानी को आगे बढ़ाने में सरकार की मदद करें। उल्लेखनीय है कि 60 सदस्यीय मणिपुर विधानसभा में बीरेन सरकार के पास 54 विधायकों का समर्थन प्राप्त था। अब केपीए के दो विधायकों की समर्थन वापसी के बाद भी राज्य सरकार के पास 52 विधायकों का बहुमत है।

छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

नई दिल्ली (हि.स.)। चुनाव आयोग ने छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की मंगलवार को घोषणी की। इन सभी सीटों पर 05 सितंबर, मंगलवार को मतदान होगा और 08 सितंबर को नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग के अनुसार झारखंड की डुमरी, केरल की पुथुप्पल्ली, त्रिपुरा की बोक्सानगर एवं धनपुर, पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी (एससी), उत्तर प्रदेश की घोसी और उत्तराखंड की बागेश्वर सीट पर चुनाव होना है। इन सभी सीटों के लिए 10 अगस्त को अधिसूचना जारी की जाएगी। डुमरी, पुथुप्पल्ली, बोक्सानगर, धुपगुड़ी और बागेश्वर सीट क्रमशः जगन्नाथ महतो, ओमान चांडी, समसुल हक, विष्णु पांडा रे और चंदन रामदास के निधन से खाली हुई थी। वहीं, धनपुर और घोसी सीट क्रमशः प्रतिमा भौमिक और दारासिंह चौहान के इस्तीफा देने के कारण रिक्त है।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज ने केन्द्रीय गृह मंत्री शाह से की मुलाकत

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात के बाद बोम्मई ने ट्वीट कर कहा कि उन्होंने दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मैत्रीपूर्ण मुलाकात की है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। यहां कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई थी।

लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने मणिपुर मुद्दे पर केन्द्र पर उठाए सवाल

नई दिल्ली (हि.स.)। लोकसभा में इंडिया घटक दलों के सांसदों ने मणिपुर में हुई हिंसा को लेकर केन्द्र सरकार की जमकर आलोचना की। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मंगलवार को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सांसद टीआर बालू ने कहा कि मणिपुर में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया है। यहां हिंसा में 143 लोग मारे गए और 65,000 लोगों को राज्य छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। महिलाओं के साथ बदसलूकी हुई लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने इतनी बड़ी घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। तृणमूल कांग्रेस से सांसद सौगत रॉय ने कहा कि यह सरकार पश्चिम बंगाल में तो प्रतिनिधि मंडल भेज देती है लेकिन मणिपुर में इन्होंने कोई प्रतिनिधि मंडल नहीं भेजा। मोदी सरकार को मणिपुर के लोगों की कोई चिंता नहीं है। एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने चर्चा के दौरान कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री को तुरंत पद से हटा देना चाहिए। वहां महिलाओं के साथ दुराचार हुआ। राज्य जलता रहा और मुख्यमंत्री से कोई सवाल नहीं पूछा गया। उन्हें तुरंत पद से हटाया जाना चाहिए। समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि मणिपुर मुद्दे पर यह सरकार असंवेदनशील है। वहां मानवाधिकार का उल्लंघन होता रहा है और सरकार चुप रही। यह एक राज्य-प्रायोजित जातीय हिंसा थी।

घमंडिया गठबंधन अविश्वास से भरा: पीएम

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में मंगलवार को चर्चा होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में भाजपा संसदीय दल की बैठक आयोजित की गई। माना जा रहा है कि यह बैठक मौजूदा सत्र में रणनीति बनाने के साथ-साथ मिशन 2024 के चुनावों के लिए भी अहम है।

सूत्रों के मुताबिक संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन अविश्वास से भरा है और ये दिखाने के लिए वो अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए हैं। इस प्रस्ताव में विपक्ष की हार होगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने कहा था कि राज्यसभा में वोटिंग 2024 से पहले सेमीफाइनल होगी। पीएम ने उन सांसदों को धन्यवाद दिया जिन्होंने उन्हें इस सेमीफाइनल जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष का गठबंधन इंडिया नहीं घमंडिया गठबंधन है।

संसदीय दल की बैठक के बाद संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि बैठक में अविश्वास प्रस्ताव पर पार्टी की रणनीति पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा घमंडिया गठबंधन अविश्वास

प्रस्ताव लेकर आया है। हमारे पास बहुमत है, हमें समझ नहीं आ रहा कि वे प्रस्ताव क्यों लाए। लेकिन हो सकता है कि वे परीक्षण करना चाहते हैं कि क्या वे एकजुट हैं।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर 8, 9 एवं 10 अगस्त को चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी 10 अगस्त को चर्चा का जवाब देंगे। मंगलवार को संसद भवन परिसर में आयोजित बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, धर्मेन्द्र प्रधान, एस. जयशंकर और पार्टी के सभी सांसद मौजूद रहे।

कश्मीरी पंडित जज नीलकंठ गंजू की हत्या के 34 साल बाद नए सिरे से जांच शुरू



श्रीनगर (हि.स.)। कश्मीरी पंडित जज नीलकंठ गंजू की 1989 में हुई हत्या के मामले में नए सिरे से जांच शुरू होने के बाद उनके परिवार ने कहा है कि अब देर हो चुकी है और वे नहीं चाहते कि पुराने जख्मों को फिर से कुरेदा जाए।

जम्मू-कश्मीर में राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने सोमवार को 1989 में सेवानिवृत्त न्यायाधीश नीलकंठ गंजू की हत्या की नए सिरे से जांच शुरू की है। मारे गए पूर्व जज के बेटे एसके गंजू ने कहा कि घटना के 34 साल बाद अब बहुत देर हो चुकी है। अब हम नहीं चाहते कि हमारे घाव दोबारा कुरेदे जाएं।

इस बीच जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता ने जांच का स्वागत करते हुए कहा कि यह अच्छा है कि उन्हें (नीलकंठ गंजू) न्याय मिलेगा। भाजपा सरकार पहले ही कह चुकी है कि ऐसी बातों की जांच होनी चाहिए। यह एक साजिश थी। लोगों को इसमें सहयोग करना चाहिए, ताकि साजिश का पदार्फाश हो सके।

तीन दशक से अधिक पुराने मामले की जांच फिर से शुरू होने पर कश्मीरी पंडित लेखक और राजनीतिक कार्यकर्ता अग्निशेखर ने कहा कि कश्मीरी पंडितों का नरसंहार हुआ था। नीलकंठ गंजू के लिए न्याय होना चाहिए, जिनकी जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के नेता यासीन मलिक ने हत्या कर दी थी।

अग्निशेखर ने कहा कि 34 वर्षों से हम जांच करवाने के लिए एसआईटी के बारे में बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1500 कश्मीरी पंडित मारे गए थे। अब हम 34 साल बाद जांच की इस खबर का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक चुनिंदा हत्या थी, एक को मारो और दस को डराओ। अग्निशेखर ने कहा कि नीलकंठ गंजू एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे।

जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसआईटी ने जनता से आगे आने और हत्या के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए घटनाओं का लेखा-जोखा साझा करने की अपील की है। यह घटना 34 साल पहले की है, जब सत्र और जिला न्यायालय के न्यायाधीश गंजू 4 नवंबर, 1989 को हरि सिंह स्ट्रीट मार्केट में थे, तो तीन आतंकवादियों ने उन्हें घेर लिया और श्रीनगर उच्च न्यायालय के पास गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी।

संक्षिप्त

हिमाचल में बहाल नहीं हो पाई 201 सड़कें, दो नेशनल हाई-वे भी अवरुद्ध

शिमला (हि.स.)। हिमाचल प्रदेश में पिछले दिनों हुए भूस्खलन से अवरुद्ध सड़कें अभी भी बहाल नहीं हो पाई हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में अवरुद्ध सड़कें नहीं खुलने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक मंगलवार सुबह तक राज्य में दो राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 201 सड़कें भूस्खलन से अवरुद्ध हैं। मंडी-कुल्लू राष्ट्रीय उच्च मार्ग पंडोह में भूस्खलन से बाधित हुआ है। इसी तरह कालका-शिमला राष्ट्रीय उच्च मार्ग सोलन जिले के चक्की मोड़ में भूस्खलन से एक सप्ताह से अवरुद्ध है। इस राष्ट्रीय उच्च मार्ग से मलबा हटाने का कार्य जारी है और आज दोपहर तक इसके बहाल होने की संभावना है। शिमला जिले में सबसे ज्यादा 70 सड़कें बंद हैं। कुल्लू जिला में 51, मंडी में 40, सिरमौर व सोलन में 11-11, चंबा में 7, कांगड़ा में छह और किन्नौर में पांच सड़कें अवरुद्ध हैं। इसके अलावा प्रदेश में 32 बिजली ट्रांसफार्मर और 32 ही पेयजल परियोजनाएं भी ठप पड़ी हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अगले चार दिन मौसम के खराब रहने का पूवार्नुमान व्यक्त किया है। हालांकि इस दौरान कहीं भी भारी वर्षा का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश में मानसून सीजन में व्यापक बारिश ने भारी तबाही मचाई है। राज्यभर में वर्षाजनित विभिन्न हादसों में 216 लोगों की जान गई है। इनमें बाढ़ एवं भूस्खलन की चपेट में आने से 58 लोग मारे गए। राज्य में अब तक भूस्खलन की 80 और बाढ़ की 53 घटनाएं सामने आई हैं। मानसून सीजन में बारिश से 6703 करोड़ की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है।

राहुल गांधी कभी भी सावरकर नहीं बन सकते: निशिकांत दुबे

नई दिल्ली (हि.स.)। लोकसभा में सत्ता पक्ष की ओर से अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरूआत करते हुए निशिकांत दुबे ने विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन पर जमकर हमला बोला। साथ ही उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कभी सावरकर नहीं बन सकते। सावरकर ने 28 साल जेल में काटे थे। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का मानहानि मुकदमा मामले में अंतिम निर्णय अभी नहीं आया है। राहुल कहते हैं कि माफी नहीं मांगूंगा। राहुल माफी क्यों मांगेंगे? मोदी तो छोटी जाति के हैं, ओबीसी हैं। राहुल कहते हैं कि वह सावरकर नहीं हैं। राहुल जी, आप सावरकर हो भी नहीं सकते। सावरकर ने 28 साल जेल में गुजारे थे। अविश्वास प्रस्ताव पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इसे लाने का मकसद बेटे को सेट करना और दामाद को भेंट करना है। उन्होंने नेशनल हेराल्ड का मुद्दा उठाया। उन्होंने यह भी कहा कि बहुत से ऐसे मामलों जिन पर विपक्ष सरकार को निशाना बना रहा है, उन्हें कांग्रेस के समय खोला गया था। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव एक गरीब के बेटे के खिलाफ है, उस आदमी के खिलाफ है, जिसने लोगों को घर, पीने का पानी और शौचालय दिया। यह गरीबों के खिलाफ है। मोदी सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी बहन की 1993 में डॉक्टर न होने की वजह से मौत हो गई थी। आज उन्हें गर्व है कि मोदी सरकार ने उनके लोकसभा क्षेत्र में एम्स की स्थापना की है। उन्होंने खुद को मणिपुर से जोड़ा और कहा कि उनके अंकल वहां रहे हैं और वे घायल भी हुए हैं।



मक्खियों-चीटियों के साथ जेल काट रहे इमरान, हाई कोर्ट में रिहाई की याचिका

इस्लामाबाद (हि.स.)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान मक्खियों व चीटियों के साथ जेल काट रहे हैं। उनके वकील ने इस शिकायत के साथ इस्लामाबाद हाई कोर्ट में रिहाई की याचिका दाखिल की है।

इमरान खान को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाई गई है। उन्हें अदालत द्वारा रावलपिंडी की अदियाला जेल में भेजे जाने का निर्देश दिए जाने के बावजूद पंजाब प्रांत की अटक जेल में रखा गया है। इमरान खान के अटॉर्नी जनरल नईम हैदर पंजोठा ने दावा किया है कि खान जेल में बहुत बुरे हालातों में रह रहे हैं। उन्हें एक अंधेरे कमरे में रखा गया है, जहां खुले में शौचालय बना है। इसके अलावा दिन में मक्खियां मंडराती रहती हैं और रात में चीटियां आती हैं। किसी को उनसे मिलने नहीं दिया जाता है, जैसे कि वह कोई आतंकवादी हैं।

इन स्थितियों के बीच इमरान खान की ओर से मंगलवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट में रिहाई के लिए याचिका दाखिल की गयी। इमरान के वकील ख्वाजा हारिस और गौहर अली खान ने याचिका दायर कर सजा के फैसले को रद्द करने की मांग की है। साथ ही याचिका में तोशाखाना मामले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को कानून के खिलाफ करार दिया गया है। याचिका में इस्लामाबाद हाई कोर्ट से केंद्रीय अपील पर फैसला आने तक सजा को निलंबित कर इमरान खान की रिहाई का आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है। साथ ही कहा गया है कि निचली अदालत के न्यायाधीश द्वारा दिया गया फैसला पक्षपातपूर्ण है और कानून की नजर में अमान्य है और इसे रद्द किया जाना चाहिए।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)